हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची से प्रकाशित

कृष्ण पक्ष, पूर्व फाल्गुनी, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • शनिवार • 21 दिसम्बर 2024 • वर्ष 27 • अंक 14 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹76,800 | ₹90,500 |

## आज का इतिहास

- 1952 : सैफुद्दीन किचलू तत्कालीन सोवियत संघ का लेनिन शांति पुरस्कार पाने वाले पहले भारतीय बने
- 2007 : चीन के दक्षिणी यूनैन प्रान्त के कुनमिंग मिलिट्री एकेडमी में भारत तथा चीन के बीच पहला साझा अभ्यास शुरू।

## न्यूज बाइट्स

### हरियाणा के पूर्व सीएम ओम प्रकाश चौटाला का निधन

**नई दिल्ली (ए.)।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला का शुक्रवार को निधन हो गया है। 89 साल की उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली। वह इंडियन नेशनल लोकदल के चीफ थे। इनेलो मीडिया समन्वयक राकेश सिहाग ने जानकारी देते हुए बताया कि ओम प्रकाश चौटाला का गुरुग्राम में उनके आवास पर शुक्रवार को निधन हो गया है। चौटाला को गुरुग्राम में उनके घर में दिल का दौरा पड़ा जिसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका।

### संसद का शीतकालीन सत्र खत्म, कुल 20 बैठकें

**नई दिल्ली (ए.)।** 18वीं लोकसभा का शीतकालीन सत्र शुक्रवार (20 दिसंबर) को समाप्त हो गया। यह सत्र 25 नवंबर से शुरू हुआ था। पूरे सत्र में कुल 20 बैठकें हुईं। दोनों सदन (लोकसभा और राज्यसभा) में लगभग 105 घंटे कार्यवाही चली। सत्र के दौरान लोकसभा की प्रोडक्टिविटी 54%, राज्यसभा में 41% रही। सदन में कुल चार बिल पेश किए गए। हालांकि, कोई पारित नहीं हो सका। सबसे चर्चित एक देश, एक चुनाव के लिए पेश हुआ 129 वें संविधान (संशोधन) बिल रहा। इस बिल को समीक्षा के लिए 39 सदस्यीय जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) के पास भेजा गया। कमेटी में लोकसभा से 27 और राज्यसभा से 12 सांसदों को चुना गया है। कमेटी को संसद के अगले सत्र के अंतिम सप्ताह के पहले दिन लोकसभा में रिपोर्ट देनी होगी। सत्र की शुरुआत अडाणी मुद्दे पर हंगामे से हुई। फिर विपक्षी सांसदों ने मणिपुर और किसानों का मुद्दा भी उठाया।

### 56 किलोग्राम गांजा के साथ पांच तस्कर गिरफ्तार

**रोहतास (नि.सं.)।** रोहतास जिले के डेहरी नगर थाना क्षेत्र में एक बस से 56 किलोग्राम गांजा के साथ पांच तस्करों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार के अनुसार, सूचना मिली थी कि कुख्यात गांजा तस्कर बिंदयाचल सिंह ने अनुष कुमार और एक अन्य को ओडिसा गांजा लाने को भेजा है। जो बस से गांजा लेकर सासाराम आ रहा है। सूचना को गंभीरता से लिया गया। डेहरी नगर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि टीम ने पाली रोड में गुरुवार देर रात को औरंगाबाद से आने वाले वाहनों को जांच शुरू किया। श्री कुमार ने बताया कि संदिग्ध बस के आने पर उसकी सघन जांच की गयी।

### 76 सौ करोड़ की लागत से तोपों की खरीद के अनुबंध पर हस्ताक्षर

**रोहतास (नि.सं.)।** नयी दिल्ली 20 दिसम्बर (वार्ता) रक्षा मंत्रालय ने सेना के लिए 155 मिमी/52 कैलिबर की के -9 वज्र टी सेल्फ-प्रोपेल्ड ट्रैक्ड तोप की खरीद के लिए लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड के साथ 7,628.70 करोड़ रुपये के एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि यह खरीद (भारतीय) श्रेणी के तहत की जाएगी ।

# एलपीजी टैंकर में ब्लास्ट, 11 जिंदा जले, 40 गाड़ियों में लगी आग, 35 लोग झुलसे

» हाईवे पर एक किलोमीटर तक आग, कपड़े उतारकर लोगों ने बचाई जान, ब्लास्ट से उड़ते पक्षी भी जले

**एजेंसी** | जयपुर (राजस्थान)

जयपुर के भांकरोटा इलाके में शुक्रवार अलसुबह एलपीजी टैंकर को एक ट्रक द्वारा टक्कर मारे जाने के बाद लगी आग ने 40 से अधिक वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया। इस दुर्घटना में 11 लोग जिंदा जल गए तथा 35 अन्य झुलस गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। चिकित्सा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि हादसे में आठ लोगों की मौत हो चुकी है और आग में झुलसे लगभग 35 लोग अस्पताल में भर्ती हैं जिनमें से कुछ वेंटिलेटर पर हैं।

बलास्ट इतना भव्यावह थी कि देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और वहां से गुजर रही एक बस सहित अनेक ट्रक, कार उसकी चपेट में आ गए। घटना के वीडियो में लोग जान बचाने के लिए भागते नजर आए और शुरुआत में स्थानीय लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग की लपटें एक किलोमीटर दूर से नजर आ रही थीं और राष्ट्रीय राजमार्ग का एक बड़ा हिस्सा 'आग के गोले' में तब्दील हो गया था।



### राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री ने जताया शोक, मुआवजे की घोषणा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हादसे पर शोक जताते हुए मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। राष्ट्रपति ने भी हादसे में लोगों की मौत पर दुख प्रकट किया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने हादसे के बारे में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से बात कर जानकारी ली। मुख्यमंत्री शर्मा, उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा तथा गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम घटनास्थल पहुंचे।

### 100 मीटर दूर थी क्रूड ऑयल की पाइप लाइन

गेल इंडिया लिमिटेड के डीजीएम(फायर एंड सेफ्टी) सुशांत कुमार सिंह ने बताया कि घटनास्थल से 100 मीटर दूरी पर गेल की पाइप लाइन गुजर रही है। यहां बीपीसीएल का एलपीजी से भरा टैंकर जा रहा था, जिसे लोडेड कंटेनर ने आकर टक्कर मारी, जिससे लिक्विड रूप में एलपीजी निकल कर फैल गई। इस वजह से यह पूरा एरिया आग का गोला (फायर बॉल) बन गया। सुशांत कुमार सिंह ने बताया कि हादसे के कारण जब एलपीजी बाहर आई तो उसने अपने आप आग पकड़ ली, क्योंकि जब टक्कर लगी तो स्पार्क हुआ था। ब्लास्ट की सूचना मिलते ही 30 से ज्यादा एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं।

### उड़ते पक्षी भी जले

हवा में तेजी से फैली गैस ने हादसे को भयावह कर दिया। आसपास रहने वाले लोगों ने बताया कि जब वे धमाका सुनकर बाहर निकले तो लोग इधर-उधर भाग रहे थे। कई लोगों जलते हुए कपड़ों को उतारने की कोशिश कर रहे थे। मौके पर पहुंचे एक परिजन मोहन लाल ने बताया कि मदद करने के दौरान भी कई लोग गैस के कारण बेहोश हो गए। हादसे की जगह करीब 400 मीटर के दायरे में सैकड़ों की संख्या में पक्षी भी जले हुए पड़े हैं। सड़क किनारे खड़ी गाड़ियां भी जल गई हैं।

बिहार बिजनेस कनेक्ट ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2024

# राज्य में 1.8 लाख करोड़ के एमओयू पर सहमति



**निज संवाददाता** | पटना

राजधानी पटना में आयोजित दो दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-बिहार बिजनेस कनेक्ट 2024 में बड़े पैमाने पर निवेश प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इससे राज्य में नौकरियों की बहार आने वाली है। देश-विदेश के निवेशकों ने राज्य में 1.80 लाख करोड़ रुपये के निवेश पर सहमति दी है। पिछले साल 53000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव की तुलना में यह तीन गुना से भी ज्यादा है। उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उद्योग विभाग की सचिव वंदना प्रेयसी ने कहा कि इस बार सरकार की उम्मीद से कहीं ज्यादा एमओयू साइन हुए हैं। सन पेट्रोकेमिकल्स कंपनी ने अकेले रिन्यूएबल एनर्जी के क्षेत्र में 36700 करोड़ रुपये का निवेश बिहार में करने का ऐलान किया है।

वहीं उद्योगपति गौतम अडानी का ऊर्जा समेत विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाला देश का अग्रणी अडानी समूह की बिहार में अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल ताप विद्युत संयंत्र स्थापित करने के लिए 20 हजार करोड़ रुपये समेत कुल 27 हजार 900 करोड़ रुपये निवेश करने की योजना है। अडानी इंटरप्राइजेज लिमिटेड के निदेशक प्रणव अडानी ने बिहार में कुल 27 हजार 900 करोड़ रुपये निवेश की योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि हम बिहार के ऊर्जा क्षेत्र में भी निवेश के अवसर तलाश रहे हैं। हमारी योजना अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट स्थापित करने के लिए लगभग 20,000 करोड़ रुपये निवेश करने की है। हमें उम्मीद है कि इस तरह की विशाल परियोजना से प्री-कमीशनिंग चरण में कम से कम 12,000 नौकरियां और परिचालन चरण के दौरान लगभग 1,500 कुशल नौकरियों के अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि अडानी समूह इसके अलावा बिहार में गति शक्ति रेलवे टर्मिनल, आईसीडी (अंतर्देशीय कंटेनर डिपो) और औद्योगिक वेयरहाउसिंग पार्क जैसे रणनीतिक बुनियादी ढांचे को विकसित करने के लिए 1000 करोड़ रुपये के निवेश की योजना बना रहा है। साथ ही सीवान, गोपालगंज, वैशाली, सारण और समस्तीपुर में 28 लाख से ज्यादा स्मार्ट मीटर के विनिर्माण और स्थापना को लेकर 2100 करोड़ का निवेश किया जाएगा। इससे 4000 स्थानीय नौकरियां सृजित होंगी।

### कारखाना लगाने के लिए 800 करोड़ खर्च करेगी श्रीसीमेंट

बिहार में श्री सीमेंट कंपनी सीमेंट कारखाना लगाने के लिए 800 करोड़ रुपये का निवेश करने जा रही है। बांगड़ परिवार प्रवर्तित कंपनी देश की शीर्ष पांच सीमेंट उत्पादकों में से एक है। बांगड़ ने वैश्विक निवेशक सम्मेलन 'बिहार बिजनेस कनेक्ट' 2024 के मौके पर 'पीटीआई-भाषा' के साथ बातचीत में कहा कि हमने 800 करोड़ रुपये के निवेश के लिए बिहार सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। हम पूर्वोत्तर बिहार में 20 लाख सालाना क्षमता वाला एक सीमेंट कारखाना लगाएंगे।

# लावारिस कार से 10 करोड़ कैश समेत 52 किलो सोना बरामद



**निज संवाददाता** | भोपाल (मध्य प्रदेश)

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में आयकर विभाग की ओर से बड़ी कार्रवाई की गई है। आयकर विभाग को एक लावारिस कार से 52 किलो सोना और भारी मात्रा में कैश बरामद हुआ है। कार रातीबड़ क्षेत्र के मेंडोरी के जंगल में लावारिस हालत में मिली है। पुलिस और इनकम टैक्स यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि कार में पैसे और सोना कौन छोड़ गया। सोने की कीमत करीब 42 करोड़ बताई जा रही है, जबकि 10 करोड़ रुपये कैश भी जब्त किया गया है। फिलहाल इस पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### 42 करोड़ बताई जा रही है सोने की कीमत

आयकर विभाग ने जो 52 किलो सोना जब्त किया है, उसकी कीमत कीमत करीब 45 करोड़ रुपये बताई जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक जिस कार से सोना और रुपये बरामद किया गया है वो कार चेतन गौर नाम के एक शख्स की है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक चेतन गौर सौरभ शर्मा का दोस्त है। बता दें, सौरभ शर्मा के आवास पर गुरुवार को लोकायुक्त की टीम ने रेड किया था।

# नमामि गंगे योजनाः मोतिहारी, जमुई और दाऊदनगर में 280 करोड़ की लागत से बनेगा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट

**निज संवाददाता** | पटना

नमामि गंगे योजना नीतीश कैबिनेट ने नमामि गंगे योजना के तहत मोतिहारी, जमुई और दाउदनगर में इंटरसेप्शन एण्ड डाईभर्सन एवं सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण के लिए कुल 280 करोड़ की राशि स्वीकृत की है। जिसमें मोतिहारी के लिए 154 करोड़, जमुई के लिए 81 करोड़ और दाऊदनगर के लिए 44 करोड़ की राशि स्वीकृत की गयी। नगर विकास मंत्री नितिन नवीन ने इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार का धन्यवाद दिया। मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि मोतिहारी एक बेहद ही खास शहर है, जो धनौति नदी के किनारे बसा है। धनौति नदी आगे जाकर गंगा नदी में मिलती है। ऐसे में मोतिहारी नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत सभी घरों ,प्रतिष्ठानों से आने वाले सीवेज को ट्रीटमेंट उपरांत प्रवाह किए जाने का निर्णय लिया गया है, ताकि गंगा नदी की सहायक धनौति नदी में होने वाले प्रदूषण को रोका जा सके। इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए इंटरसेप्शन एण्ड डाईभर्सन एवं सिवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण किया जाना है। वहीं, जमुई में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट को लेकर



स्वीकृत की गयी राशि पर मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की 'नमामि गंगे योजना' के तहत बनने वाले सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण के उपरांत जमुई नगर में काफी हद तक गंदे नाले के पानी के निपटारे की समस्या दूर हो जाएगी। इस परियोजना का उद्देश्य दूषित हो रही नदियों को फिर से स्वच्छ बनाना है, पर्यावरण को बचाना और जमुई नगर परिषद क्षेत्र को वर्तमान में हो रहे भीषण जल जमाव के संकट से निजात दिलाना है।

इसके अलावा औरंगाबाद के दाऊदनगर में इंटरसेप्शन एण्ड डाईभर्सन एवं सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण के लिए स्वीकृत की गयी राशि पर मंत्री जी ने कहा कि दाऊदनगर को जलजमाव और बेहतर अपशिष्ट जल प्रबंधन लिए प्रतिबद्ध अति आवश्यक एसटीपी योजना के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। राशि स्वीकृत हो गयी है अब जल्द से जल्द निर्माण कार्य भी आरंभ होगा। वहीं, मंत्री नितिन नवीन ने बताया कि बैठक में राज्य के नगर निकायों के लिए वाणिज्यकर विभाग द्वारा पेशाकर मद से 93.39 करोड़ की राशि सहायक अनुदान के रूप में जनसंख्या के आधार पर व्यय करने की भी स्वीकृति मिली है। नगर निगमों द्वारा उक्त राशि का व्यय अपने कार्यरत कर्मचारियों के वेतन के लिए किया जाएगा। इसमें नगर निगमों पर 39.23 करोड़, नगर परिषदों पर 34.06 करोड़ और नगर पंचायतों पर 20 करोड़ की राशि खर्च की जायेगी।

### वर्ष 2047 को ध्यान में रखकर लिया फैसला

उन्होंने बताया कि यह निर्माण वर्ष 2047 तक की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए किया जाना है। इस परियोजना के माध्यम से मोतिहारी शहर के लगभग सभी घरों को लाभ मिलेगा। मोतिहारी शहर के सभी आवासीय तथा अन्य प्रतिष्ठानों से निकलने वाले सीवेज को इंटरसेप्शन एण्ड डाईभर्सन के जरिये सिवेज ट्रीटमेंट प्लांट तक पहुँचाया जायेगा।

# बिहार बोर्ड की मैट्रिक-इंटर परीक्षा की डेटशीट जारी

**निज संवाददाता** | पटना

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने इंटरमीडिएट और मैट्रिक परीक्षा 2025 का कार्यक्रम जारी कर दिया है। इंटर की परीक्षा एक फरवरी से शुरू होगी और 15 फरवरी तक चलेगी। मैट्रिक की परीक्षा 17 से 25 फरवरी तक चलेगी। दोनों परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। इंटरमीडिएट वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा का आयोजन 10 से 20 जनवरी के बीच होगी। मैट्रिक के विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा 21 से 23 जनवरी तक आयोजित की जाएगी। इंडर परीक्षा में 1 फरवरी को प्रथम पाली –बायोलॉजी, फिलॉसफी, दूसरी पाली – इकोनॉमिक्स **4 फरवरीः** प्रथम पाली – गणित, दूसरी पाली – राजनीति विज्ञान, फाउंडेशनल कोर्स **5 फरवरीः** प्रथम पाली – फिजिक्स, दूसरी पाली – जियोग्राफी, बिजनेस स्टडी **6 फरवरीः** प्रथम पाली – अंग्रेजी, दूसरी पाली – हिंदी **7 फरवरीः** प्रथम पाली – केमिस्ट्री, दूसरी पाली – अंग्रेजी **8 फरवरीः** प्रथम पाली – हिंदी, दूसरी पाली – हिस्ट्री, एग्रीकल्चर, वोकेशनल कोर्स पेपर-1 **10 फरवरीः** प्रथम पाली – भाषा विषय, दूसरी पाली – साइकोलॉजी **11 फरवरीः** प्रथम पाली – म्यूजिक, दूसरी पाली – होम साइंस, वोकेशनल कोर्स पेपर-2 **13 फरवरीः** प्रथम पाली – साइकोलॉजी, एकाउंटेंसी, दूसरी पाली – वोकेशनल कोर्स विषय **15 फरवरीः** प्रथम पाली – भाषा विषय, दूसरी पाली – कंप्यूटर साइंस, मल्टीमीडिया

### मैट्रिक परीक्षा

**17 फरवरी** मातृभाषा मातृभाषा, **18 फरवरी** गणित, गणित, **19 फरवरी** द्वितीय भारतीय भाषा द्वितीय भारतीय भाषा, **20 फरवरी** सामाजिक विज्ञान सामाजिक विज्ञान, **21 फरवरी** व ज्ञिान विज्ञान, **22 फरवरी** अंग्रेजी अंग्रेजी, **24 फरवरी** ऐच्छिक विषय ऐच्छिक विषय, **25 फरवरी** व्यावसायिक ऐच्छिक विषय की परीक्षा होगी।

# बिहार में औरंगाबाद समेत नक्सल जिलों की संख्या हुई आठ

**निज संवाददाता** | पटना

गृह विभाग के प्रधान सचिव अरविंद चौधरी ने बताया कि बिहार के 10 जिले नक्सली गतिविधियों से प्रभावित थे। अब 8 जिले रह गए हैं। इसमें गया, औरंगाबाद, नवादा, रोहतास, कैमूर, जमुई, मुंगेर, लखीसराय है। नक्सली गतिविधियां भी बिहार झारखंड सीमा से लगे पहाड़ी जंगली क्षेत्रों तक सीमित रह गए हैं। नवंबर 2024 तक 120 नक्सली को गिरफ्तार किया गया है। 24 हथियार, 246 कारतूस, 134 किलोग्राम विस्फोटक, 554 डेटोनेटर, 146 बारूदी सुरंग कैन बरामद किए गए हैं। एसटीएफ ने 2024 में 5 अपराधियों को एनकाउंटर में मारा गिराया था। एसटीएफ ने मोस्ट वांटेड 53 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। इसमें 11 इनामी नक्सली थे। बीपीएससी शिक्षक भर्ती परीक्षा टीयर 3 में 285 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई है। इसके साथ ही नीट यूजी 2024 में 15 अभियुक्तों को दबोचा गया है। सिपाही भर्ती परीक्षा में 14 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई है। 67वी संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा में 18 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई है। सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी परीक्षा में 36 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई है।

बिहार के पूर्व डीजीपी संजीव कुमार सिंघल और कई अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले दर्ज होने के बाद भी उनको आरोप मुक्त किए जाने पर गृह विभाग के प्रधान सचिव ने टालमटोल कर जवाब देते हुए कहा कि कुछ मामले आते हैं। उन मामलों की जांच के बाद कार्रवाई हो जाती है। बिहार में नवंबर 2024 तक 300526 अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की गई है। 92 नियमित हथियार, 4861 अवैध हथियार, 165 देशी बम, 22632 कारतूस, 604 डेटोनेटर की बरामदगी, 83 अवैध लघु बंदूक कारखाना का खुलासा किया गया है।



### 528 थानों की बनेगी बिल्डिंग : डीजीपी

डीजीपी विनय कुमार ने बताया कि बिहार में पुलिस भवन पूरे राज्य में नया बनाया जा रहा है। 528 थानों को बनाए जाने का काम शुरू क दिया गया है। सभी जिलों में साइबर थाना और ट्रैफिक थाना का निर्माण जल्द शुरू किया जाएगा। इसके साथ ही राज्य में 7 साल से ज्यादा के सजा वाले मामले में फोरेंसिक एक्सपर्ट घटनास्थल पर जाएंगे, यह अनिवार्य कर दिया गया है।

# वन नेशन-वन इलेक्शनः जेपीसी में 39 सदस्य, बिहार के 3 सांसदों को मिली जगह

**निज संवाददाता** | पटना

'वन नेशन-वन इलेक्शन' से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक और एक अन्य विधेयक पर विचार के लिए बनी संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) में 39 सदस्य होंगे। संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने जेपीसी के गठन की घोषणा की, इसमें लोकसभा के 27 जबकि राज्यसभा के 12 सांसदों को सदस्य बनाया गया है। भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा सांसद भर्तृहरि महताब को समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। इस जेपीसी में मोदी सरकार ने बिहार के दो सांसदों को भी जगह दिया है। जिनमें से एक भारतीय जनता पार्टी तो दूसरी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) से है।

सरकार द्वारा बनाई गई जेपीसी में लोकसभा से भर्तृहरि महताब, पीपी चौधरी, सीएम रमेश, बांसुरी स्वराज, परषोत्तम रूपाला, अनुराग सिंह ठाकुर, विष्णु दयाल राम, संबित पात्रा, अनिल बलूनी, विष्णु दत्त शर्मा, बैजयंत पांडा, संजय जायसवाल, प्रियंका गांधी वाड्रा,



सांभवी चौधरी (लोजपा)



संजय कुमार झा (जदयू)



डॉ. संजय जायसवाल (बीजेपी)

मनीष तिवारी, सुखदेव भगत, धर्मेंद्र यादव, छोटेलाल, कल्याण बनर्जी, टीएम सेवा गणपति, हरीश बालयोगी, अनिल यशवंत देसाई, सुप्रिया सुले, श्रीकांत एकनाथ शिंदे, सांभवी, के। राधाकृष्णन, चंदन चौहान और बालशौरि वल्लभनेनी को जगह दिया गया है। वहीं इसमें राज्यसभा के 12 सांसद भी सदस्य होंगे। मोदी सरकार द्वारा वन नेशन-वन इलेक्शन के लिए बनाई गई जेपीसी में बिहार के पश्चिम चंपारण से सांसद और बिहार भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. संजय जायसवाल को सदस्य बनाया है। जायसवाल इस बिल पर आम राय बनाने और इसकी तकनीकी दिक्कतों को दूर करने के लिए काम करेंगे। इससे पहले जायसवाल को लोकसभा की बजट समिति का चेयरमैन बनाया गया था। इसके अलावा पार्टी ने उन्हें लोकसभा में अपना मुख्य सचेतक भी नियुक्त किया है। जायसवाल इससे पहले सूचना और प्रसारण मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण समिति के अलावा अनुमान समिति और शासी निकाय जेआईपीएमईआर पुडुचेरी के भी सदस्य रह चुके हैं।

बिहार के जिन दो सांसदों को इस जेपीसी में शामिल किया गया है। उनमें संजय जायसवाल के अलावा लोजपा (रामविलास) की सांभवी चौधरी भी शामिल हैं। चौधरी बिहार के कद्दावर जेडीयू नेता और नीतीश सरकार में मंत्री अशोक चौधरी की बेटी हैं और समस्तीपुर सीट से पहली बार की सांसद हैं। वन नेशन-वन इलेक्शन पर आम राय बनाने के लिए बीजेपी ने अपने सहयोगी दलों के सांसदों को भी जगह दिया है। वन नेशन-वन इलेक्शन की जेपीसी में राज्यसभा के जिन 12 सांसदों को जगह मिली है। उनमें से एक जनता दल यूनाइटेड के कार्यकारी अध्यक्ष और नीतीश कुमार के बेहद ही करीबी संजय कुमार झा का भी नाम है।

जॉइंट अकाउंट के बाद भी वंशावली से मिलेगी हिस्सेदारी, 50 लाख से अधिक परिवारों ने किया अप्लाई

# पारिवारिक बंटवारा नहीं होने के बाद भी होगा लैंड सर्वे

**निज संवाददाता** | पटना

बिहार में जमीन का पूरा हिसाब-किताब अब नए सिरे से हो रहा है। इसके लिए बिहार सरकार ने 20 अगस्त से भूमि लैंड सर्वे कर रही है। अब पारिवारिक बंटवारा नहीं होने वाले परिवारों की जमीन का भी सर्वे होगा। इन परिवारों के घर जाकर सर्वे अमीन आवेदन देने के लिए अपील कर रहे हैं, ताकि संयुक्त खाता खोला जा सके। सर्वे अधिकारियों के मुताबिक कई परिवारों का बंटवारा है, लेकिन इस पर एक हिस्सेदार द्वारा असहमति जताई जा रही है। ऐसी स्थिति में संयुक्त खाता खोलने का अनुरोध किया जाता है। ऐसे में एक खाता की जगह संयुक्त खाता खोला जाएगा। सरकार का कहना है कि इस हालत में किसी को घबराने की जरूरत नहीं है। संयुक्त खाता खुलने के बाद भी वंशावली के आधार पर जमीन में हिस्सेदारी मिलेगी। सर्वे अधिकारियों के मुताबिक राज्य में 50 लाख से अधिक परिवारों ने आवेदन दिया है। पटना जिले में अब तक 2.50 लाख आवेदन आया है। इसमें करीब 50 प्रतिशत आवेदन ऑन लाइन और 50 प्रतिशत ऑफ लाइन आवेदन शामिल है। पटना में 1511 राजस्व गांव हैं। इनमें 41 राजस्व गांव टोपो लैंड का हिस्सा है। 170 राजस्व गांव नगर निकाय का हिस्सा है। शेष 1300 राजस्व गांव में सर्वे का कार्य शूरू किया गया है। जो लोग गांव से बाहर रह रहे हैं वे वेबसाइट https://dirs.bihar.gov.in से ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं। इसमें अपनी जमीन का खाता नंबर, खेसरा नंबर, रकबा, चौहद्दी की जानकारी देनी है।

### सरकारी जमीन का भी सर्वे

राज्य के विभिन्न इलाकों में गैरमजरूआ आम, गैर मजरुआ मालिक, कैसरे हिंद, बकाश्त भूमि, भू-दान, भू-हदबंदी, बासगीत पर्चा की भूमि, बंदोबस्ती पर्चा की भूमि, वक्फ बोर्ड और धार्मिक न्यास की भूमि का सर्वे सरकार के नाम पर होगा। इन जमीनों की जानकारी अंचलाधिकारियों से सर्वे कार्यालय द्वारा मांगी जा रही है ताकि इन जमीनों का सर्वे सरकार के नाम पर किया जा सके।

# मुख्यमंत्री की तबीयत अचानक हुई खराब, सभी कार्यक्रम किए गए रद्द

**निज संवाददाता** | पटना।



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तबीयत अचानक बिगड़ गई है। इस वजह से उनके सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं। सीएम नीतीश को बिहार इन्वेस्टमेंट कॉन्क्लेव के समापन कार्यक्रम मे जाना था। जानकारी के मुताबिक उन्हें सर्दी, खांसी और बुखार है। इस वजह से उनके सभी अहम कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं। नीतीश कुमार को एक अन्य कार्यक्रम में शामिल होने के लिए राजगीर भी जाना था लेकिन अब वह भी रद्द हो गया है। बताया जा रहा है कि बदलते मौसम की वजह से उनकी तबीयत खराब हो गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### 12वां जिला सम्मेलन 21-22 दिसंबर को एसपी कॉलेज में

**दुमका (नि.सं.)।** सीपीएम का 12 जिला सम्मेलन 21-22 दिसंबर को एसपी कॉलेज के लोमाई हवेली जाहेर थान के पास होगी। इसके पूर्व 2021 में 11वां सम्मेलन ग्राम नकटी में हुआ था। यह सम्मेलन में विगत 3 वर्षों का राजनीतिक वैचारिक बिंदुओं पर चर्चा होगी। इस जिला सम्मेलन में शाखा सम्मेलन में चुने गए लगभग 60 प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। इस सम्मेलन को सुचारू रूप से चलाने के लिए राज्य के दो पर्यवेक्षक सुरजीत सिंहा एवं कामरेड एहतेशाम अहमद भाग लेंगे। सम्मेलन की शुरुआत 2:00 बजे झंडोतोलन से किया जाएगा। 4:00 से उद्घाटन सत्र शुरू होगा तत्पश्चात सचिन का का रिपोर्ट पेश किया जाएगा। बाद में रिपोर्ट पर बहस होगी। 22 तारीख को नई कमेटी का चुनाव होगा और आगामी राज सम्मेलन के लिए प्रतिनिधि का चुनाव किया जाएगा।

### सिविल सोसाइटी ने नंप अधिकारी को लिखा पत्र

**दुमका (नि.सं.)।** नगर परिषद के सफाई कर्मियों का करीब चार-पाँच महीने से नियमित रूप से वेतन भुगतान नहीं होने से आर्थिक तंगी का सामना इन्हें करना पड़ रहा है। इनलोगों को अपने परिवार का भरण-पोषण करने में बहुत की कठिनाईयों का समाना करना पड रहा है। इन्हें जल्द भुगतान नहीं किया जाता है तो ये हड़ताल पर जा सकते है। इन मुद्दो को लेकर शुक्रवार को सिविल सोसाइटीज ने नगर परिषद् दुमका के कार्यपालक पदाधिकारी को पत्र सौंपा है। इसमें कहा गया है कि सफाई मजदूर जो शोषित-पीडित वर्ग से आते है इनके आर्थिक कष्ट को देखते हुए यथाशीघ्र वेतन भुगतान कराने की किया जाए। जिससे सफाई अवरूद्ध ना होने पाये और पर्यावरण दुषित ना रहे। नगर की स्वच्छता एवं सुन्दरता बरकार रहे। पत्र सौंपने में सिविल सोसाइटी के अध्यक्ष राधेश्याम वर्मा, उपाध्यक्ष प्रेम केसरी, सचिव संदीप कुमार जय बमबम शामिल रहे।

### सरैयाहाट में कांग्रेस ने फूंका गृह मंत्री का पुतला

**सरैयाहाट (नि.सं.)।** संसद में गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा भीमराव अंबेडकर पर दिए बयान पर शुक्रवार को कांग्रेस के सरैयाहाट में अमित शाह का पुतला फूंक उनके इस्तीफे की मांग की। सरैयाहाट स्थित पार्टी कार्यालय से रैली के माध्यम से निकल कांग्रेस नेता सरैयाहाट चौक पहुंचे और गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए उनके पुतले को जलाया। पुतला दहन कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष महेशराम चंद्रवंशी, प्रखंड अध्यक्ष अशोक यादव, रामदिवस जायसवाल, बिनोद यादव, मुर्तजा अंसारी, देवलाल बेसरा, दीपक कुमार, मिथलेश यादव, अरुण जायसवाल, निरंजन यादव, रवि मंडल सहित सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

### ईसीएल हेडक्वार्टर की वेलफेयर टीम पहुंची डीएवी स्कूल

**महागामा (नि.सं.)।** ऊर्जानगर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में सेक्टोरिया हेडक्वार्टर से वेलफेयर टीम के बड़े पदाधिकारी एवं सदस्यगण का शंखध्वनि, वैदिक मंत्रोच्चार एवं पुष्प गुच्छ समर्पण कर भव्य रीति से स्वागत किया गया। इस अवसर पर आयोजित विज्ञान तथा आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन अभय कुमार, जी० एम०, सिविल संगीता तिवारी, सी० एम० एस०, आशीष गोयल,सीनियर मैनेजर पर्सनल, जी० गिरिधर कुमार, डिप्टी मैनेजर पर्सनल, जयराम चौधरी, डिप्टी मैनेजर फाइनांस के द्वारा सम्पन्न हुआ। साथ ही पंद्रह नये कम्प्यूटर सेट का उद्घाटन सम्पन्न हुआ। गुरुदास चौधरी, सी० एम० एस० (आइटीयूसी), रणजीत मुखर्जी सी एम एस आई (सीआईटीयू) विष्णुदेव नूनिया, सी० एम० सी० (एचएमएस), माधव बनर्जी,डब्लू० बी० के० एम० एस० (यूटीयूसी), मृत्युंजय सिंह, बी० एम० एस०, दिनेश शर्मा, जीएम ऑपरेशन, राजमहल प्रोजेक्ट, संजीव कुमार, एरिया इंजीनियर (सिविल), प्रणव कुमार मैनेजर, पर्सनल राजमहल की गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा में चार चांद लग गए। डीएवी ने ईसीएल प्रबंधन के कुशल निर्देशन एवं सहयोगपूर्ण व्यवहार के लिए आभार प्रकट किया।

# जिला प्रशासन के पहल पर निःशुल्क कोचिंग में प्रवेश हेतु स्क्रीनिंग टेस्ट का होगा आयोजन

» आय सीमा उम्मीदवार की आय (स्वयं की आय या माता-पिता की आय, यदि उन पर निर्भर हो तो) अधिकतम 08 लाख प्रतिवर्ष होना चाहिए। शैक्षणिक योग्यता यह योजना स्नातक उत्तीर्ण या स्नातक अंतिम वर्ष में अध्ययन कर रहे छात्र-छात्राओं के लिये लागू होगी।




**निज संवाददाता | गोड्डा**

जिला प्रशासन द्वारा झारखण्ड लोक सेवा आयोग के माध्यम से आयोजित की जानेवाली एसएससी/जेएसएससी/आरआरबी/आईबीपीएस एंड अदर सिमिलर गवर्मेंट कॉम्पटीटिव एग्जाम की तैयारी कर रहे गोड्डा जिले के अभ्यर्थियों को जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, गोड्डा के सौजन्य से निःशुल्क कोचिंग एवं मार्गदर्शन की योजना चलायी जा रही है। निःशुल्क कोचिंग के संचालन हेतु जिला कल्याण पदाधिकारी, गोड्डा को कार्यकारी एजेन्सी के तौर पर प्राधिकृत किया गया है। इसके अंतर्गत पुराना समाहरणालय भवन में नई दिल्ली के प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान एसपीएम आईएएस अकादमी गुवाहाटी के द्वारा अधिकतम 02 बैच में अभ्यर्थियों को अभ्यर्थियों को कोचिंग सुविधा प्रदान की जायेगी। प्रारंभिक परीक्षा हेतु 04 माह, मुख्य परीक्षा हेतु 05 माह एवं रीविजन और टेस्ट के लिये 03 माह की अवधि को मिलाकर एक बैच की अवधि 12 माह होगी। निःशुल्क कोचिंग योजना के लिये उम्मीदवारों की पात्रता स्थानीयता अभ्यर्थी गोड्डा जिला का स्थायी निवासी होना चाहिए। आय सीमा उम्मीदवार की आय (स्वयं की आय या माता-पिता की आय, यदि उन पर निर्भर हो तो) अधिकतम 08 लाख प्रतिवर्ष होना चाहिए। शैक्षणिक योग्यता यह योजना स्नातक उत्तीर्ण या स्नातक अंतिम वर्ष में अध्ययन कर रहे छात्र-छात्राओं के लिये लागू होगी, जिन्होंने मैट्रिक एवं उच्चतर माध्यमिक कक्षाओं कक्षा में न्यूनतम 50% अंक अर्जित किया हो। स्क्रीनिंग टेस्ट हेतु आवेदन स्क्रीनिंग टेस्ट हेतु विहित प्रारूप में पात्र अभ्यर्थियों से ऑफलाईन एवं ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गए। वहीं आवेदन की तिथि 20-12-2024 से 03-01-2025 तक, ऑफ़लाइन आवेदन का लिंक https://forms.gle/Vhhcsvkx5BVLNEac6, ऑफलाइन आवेदन प्राप्त करने एवं जमा करने का स्थान डीएमएफटी कोषांग, द्वितीय तल नया समाहरणालय भवन, पाण्डुबथान, गोड्डा बताया गया। स्क्रीनिंग टेस्ट हेतु प्रवेश पत्र/परीक्षा का स्थान स्क्रीनिंग टेस्ट हेतु प्रवेश पत्र परीक्षा की तिथि से पूर्व पोर्टल पर जाकर आवेदकों द्वारा लॉग इन कर डाउनलोड किया जा सकता है। प्रवेश पत्र में ही परीक्षा केन्द्र एवं अन्य विवरणी उल्लेखित होगा। प्रवेश पत्र हेतु जिला कल्याण पदाधिकारी, गोड्डा एवं जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट कार्यालय, गोड्डा (नया समाहरणालय भवन कमरा संख्या-223) में सम्पर्क कर सकते हैं। साथ ही दिए गए लिंक से भी प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते है। प्रश्न पत्र की प्रकृक्ति स्क्रीनिंग टेस्ट हेतु प्रश्न-पत्र 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का होगा, जिसका पूर्णांक 100 होगा। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। प्रश्न पत्र सामान्य ज्ञान पर आधारित होगा। निःशुल्क कोचिंग योजना और स्क्रीनिंग टेस्ट की तिथि एवं समय के संबंध में अतिरिक्त जानकारी के लिए जिला कल्याण कार्यालय, गोड्डा या बिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट कार्यालय, गोड्डा (नया समाहरणालय भवन कमरा संख्या-223) में किसी भी कार्य दिवस में संपर्क किया जा सकता है। साथ ही जिले के वेबसाईट godda.nic.in पर दिये गये लिंक पर क्लिक कर वांछित जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## परीक्षा केंद्र चयन के लिए बैठक का आयोजन




» इण्टरमीडिएट कला, विज्ञान एवं वाणिज्य परीक्षा 2025 के लिए संभावित परीक्षार्थी 16058 छात्र-छात्राएं सम्मिलित होंगे।

**निज संवाददाता | गोड्डा**

समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त जिशान कमर की अध्यक्षता में वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 के लिए परीक्षा केंद्रों एवं मूल्यांकन केंद्रों के चयन से संबंधित बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी गोड्डा, मिथिला टुडू के द्वारा जानकारी दी गई कि मैट्रिक वार्षिक परीक्षा के लिए संभावित परीक्षार्थी 23677 छात्र-छात्राएं सम्मिलित होंगे, जिसके लिए विभिन्न विद्यालयों में जो निर्धारित मानकों को पूरा करते हैं उन्हें परीक्षा केन्द्र के रूप में चयनित किया जाएगा। इण्टरमीडिएट कला, विज्ञान एवं वाणिज्य परीक्षा 2025 के लिए संभावित परीक्षार्थी 16058 छात्र-छात्राएं सम्मिलित होंगे। बैठक के दौरान उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को कदाचार मुक्त परीक्षा के आयोजन से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर आवश्यक दिशा- निर्देश दिया। इस मौके पर मंत्री ग्रामीण विकास विभाग एवं पंचायती राज विभाग सह विधायक महागामा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि, विधायक पोड़ैयाहाट विधानसभा क्षेत्र के प्रतिनिधि, जिला शिक्षा पदाधिकारी, गोड्डा समेत अन्य पदाधिकारीगण मौजूद थे।

## कुरीतियों को मिटाने के लिए संकल्प लेने की जरुरत : डालसा

**निज संवाददाता | गोड्डा**



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा संचालित विधान से समाधान कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को बालिका उच्च विद्यालय, महागामा परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से महिला विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से रिसोर्स पर्सन के रूप में मध्यस्थ गौरी प्रिया ने बालिकाओं को कानूनी जानकारी दी।उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाने के लिए संकल्प लेने का आह्वान किया गया। उन्होंने कहा कि बच्चों को यौन अपराधों से सुरक्षा प्रदान करने के लिए भारत सरकार ने 2012 में पोक्सो कानून को अस्तित्व में लाया। यह कानून 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों चाहे वह लड़का हो या लड़की दोनों को उनके प्रति यौन अपराधों या यौन उत्पीड़न से संरक्षण प्रदान करता है। ऐसे में कोई ऐसा गलत कदम नहीं उठायें जिससे आपकी जिंदगी तबाह हो जाय। सदा अभिभाविकों व शिक्षकों की बातों का अनुशरण करें। एलएडीसी अजीत कुमार ने कहा कि महिलाओं को समाज में व्यक्त डायन प्रथा, दहेज प्रथा, बाल विवाह, बाल श्रम, मानव तस्करी आदि को मिटाने के लिए आगे आना होगा। तभी समाज का नवनिर्माण हो सकेगा। उन्होंने कहा कि किसी के साथ कोई घटना घटित होती है तो उस बात को अपने अभिभावक, माता, शिक्षक आदि को बतायें ताकि इस दिशा में सकारात्मक पहल की जाय। कानून की जानकारी प्राप्त करके उसे अन्य साथियों के साथ भी शेयर करें। साहित्यकार डा० राधेश्याम चौधरी ने मानव तस्करी, बाल अपराध पर प्रकाश डाला। कहा कि किसी दलाल के बहकावे में आकर बच्चों को बाहर नहीं भेजें। जीवन में चरित्रनिर्माण सर्वोपरी है। इसका बराबर ध्यान रखें। प्राचार्या डा. मधुलिका मेहता ने कहा कि बेटा-बेटी को समान रूप से शिक्षा व सभी अधिकार पाने का अधिकार है। ऐसे में अभिभावकों को भेदभाव नहीं करने की सलाह दी। कहा कि लड़कियों की तरह लड़कों को भी अभिभावक हिदायत दें ताकि अपराध को शुरुआती दौर में ही रोका जा सके। कार्यक्रम का संचालन अधिकार मित्र नवीन कुमार कर रहे थे।

## मेहरमा में अंबेडकरवादियों ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का फूंका पुतला

**निज संवाददाता | मेहरमा**



केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा डॉ. भीमराव अम्बेडकर पर दिए गए विवादित बयान को लेकर मेहरमा क्षेत्र अंतर्गत अंबेडकरवादियों ने बीते दिन शुक्रवार को विरोध जुलूस निकालकर प्रखंड कार्यालय के समीप अमित शाह का पुतला दहन किया। वहीं यह विरोध जुलूस मेहरमा प्रखंड कार्यालय के समीप से प्रारंभ होकर झारखंड बिहार की सीमा होते हुए पुनः प्रखंड कार्यालय के समीप पहुंची, जहां अंबेडकरवादियों के द्वारा पुतला दहन किया गया। इस दौरान अंबेडकरवादियों ने कहा कि ऐसे बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर पर दिए गए बयान पर केन्द्रीय गृह मंत्री को अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। देश के शीर्ष जैसे पदों पर रहते हुए उन्होंने बाबा साहब का अपमान किया है। देश की जनता उन्हें कदापि माफ नहीं करेगी। इस पुतला दहन कार्यक्रम में परवेज अख्तर, गुलजारी लाल दास, शशांक शेखर सिन्हा, स्नेहलता भारती, मुकेश कुमार, अंकेश कुमार तिवारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## छह फीट का अजगर देखकर ग्रामीणों में मची अफरातफरी

**निज संवाददाता | मसलिया**



साहेबगंज गोविंदपुर स्टेट हाईवे के गोबरा मोड़ के पास शुक्रवार रात्रि करीब साढ़े छह बजे एक छह फीट का अजगर देखकर ग्रामीणों में अफरातफरी मच गया। अजगर सांप नवाडीह पहाड़ी से उतरकर सड़क पार कर दूसरी ओर जंगल की ओर रेंगते हुए जा रहा कि सड़क पर राहगीरों का ध्यान गया। रुक कर इसकी जानकारी लोगों को दी गई। जिसके बाद अजगर को देखने के लिए भीड़ इकट्ठी हो गई। बाद में ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना देकर गांव के युवक विकास राय व भवेश भंडारी ने अजगर को सुरक्षित स्थान पुनः नवाडीह पहाड़ी में छोड़ दिया। ग्रामीणों के मुताबिक अजगर की निकलने की यह पहली घटना नहीं है। इससे पूर्व भी कई बार ग्रामीण अजगर देख चुके हैं।

## सोलर जलमीनार खराब होने से ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी, मरम्मत की मांग

**निज संवाददाता | गोड्डा**



बसंतराय प्रखंड अंतर्गत बाघाकोल पंचायत के मंशा बिशनपुर गांव के दक्षिण टोला में 14वें वित्त आयोग से लगभग चार लाख रुपए की लागत से बना सोलर जलमीनार बीते तीन महीनो से खराब होने से ग्रामीणों को पेयजल के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीण सावित्री देवी, गणेश राय, सितारम मांझी, किशन मांझी, जयकांत मांझी, फेकन मांझी, कलर मांझी, दरोगी मांझी, मुन्नी देवी, रंजो देवी, पुनो देवी, साजन मिस्त्री, रघुनाथ पंडित, चंदर मांझी आदि ने बताया कि सोलर जलमीनार लगने से लोगों को पेयजल को लेकर उम्मीद बनी थी लेकिन विभागीय मनमानी कहें या फिर विभागीय पदाधिकारियों की लापरवाही से ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं होने से पेयजल के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। मालूम हो कि सात सौ की आबादी वाले मंशा बिशनपुर गांव में दो सोलर जलमीनार लगाया गया है। जिसमें से एक सही है और दूसरा जलमिनार तीन माह से खराब पड़ा हुआ है। खराब पड़े जलमिनार से लगभग पच्चास घरों के लोग पानी पीने के साथ अन्य जरूरतों के लिए उपयोग किया करते थे। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया कि संवेदक के द्वारा सोलर जलमीनार निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया है। सोलर जलमिनार के निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल कर नियमों को ताक पर रखकर सोलर जलमीनार का निर्माण करा दिया गया है।

## पश्चिम बंगाल के गिरोह ने निर्माणाधीन पावर ग्रिड से की तार चोरी, एक आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

» गुलाम शेख नामक एक व्यक्ति को पुलिस ने दौड़ा कर पकड़ा मौके से पांच बाइक जिस पर तांबा के तार का बंडल लोड था वह जब्त किया गया।

**निज संवाददाता | शिकारीपाड़ा (दुमका)**




जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के कालीपाथर गांव में निर्माणाधीन पावर ग्रिड में तांबा का तार चोरी करते एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है जबकि मौके से कई अपराधी भागने में सफ़ल हुए। दरअसल शिकारीपाड़ा पुलिस को बीती देर रात तक यह सूचना मिली कि पावर ग्रिड में चोरी के नीयत से कुछ अपराधी एकत्रित हुए हैं। पुलिस ने टीम बनाकर वहां दबिश दी तो कुछ अपराधी अपनी बाइक छोड़ कर भाग गए जबकि गुलाम शेख नामक एक व्यक्ति को पुलिस ने दौड़ा कर पकड़ा मौके से पांच बाइक जिस पर तांबा के तार का बंडल लोड था वह जब्त किया गया। गिरफ्तार गुलाम शेख बीरभूम जिला के लोकपुर थाना क्षेत्र के नवपाडा गांव का रहने वाला है इस मामले पर शिकारीपाड़ा थाना प्रभारी हरि प्रसाद साह ने कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर यह कारवाई की गई है जिसमें पावर ग्रिड में तार चोरी करने आए एक अपराधी गिरफ्तार हुआ। उन्होंने बताया कि बाइक मालिकों पर केस किया गया है। इसमें कांड संख्या 119/24 दर्ज किया गया है । जिसमें की बीएनएस धारा 305, 317 (2), 317(5)(3)और 5 अंकित की गई है।

## बाहर काम करने गए युवक की हुई मौत शव पहुंचते ही गांव में मचा कोहराम

**निज संवाददाता | हरिहरगंज**



हरिहरगंज थाना क्षेत्र के सेमरवार गांव में उस समय कोहराम मच गया। जब कर्नाटक राज्य के सिकंदरा बाद में कमाने गए युवक का शव शुक्रवार को गांव में पहुंचा। अपने लाडले का शव देखते ही परिजन दहाड़ मार कर रोने बिलखने लगे। घटना से आहत पत्नी प्रभा देवी व पुत्र का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। सेमरवार गांव निवासी स्व। शिव भुईयां का 27 वर्षीय पुत्र पटेल भुइयां कुछ माह पूर्व कर्नाटक राज्य के सिकंदराबाद शहर स्थित एलएनटी फैक्ट्री में काम करने गया था। कंपनी में काम के दौरान गिरने से उसकी मौत हो गयी। पंचायत के मुखिया जितेंद्र पासवान ने बताया कि कंपनी के जीएम से बात करने पर जीएम ने एंबुलेंस कर पटेल भुईयां का शव को घर भेज दिया। पटेल भुइयां का शव घर पहुंचने की सूचना मिलने पर प्रमुख पति अनिल पासवान, जितेंद्र पासवान, जनेश्वर भुइया मृतक के घर जाकर उसके शोकाकुल परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी।

## महागठबंधन ने अमित शाह का पुतला फूंका

**निज संवाददाता | हरिहरगंज**



इंडिया महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को शहर के अररुआ खुर्द कॉलेज मोड पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया। आंदोलन का नेतृत्व राजद प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष राघव सिंह व झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि जिस तरह से बाबा साहब का अपमान अमित शाह ने किया है, हम लोग कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे। जब तक अमित शाह सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगेंगे, तब तक हम लोग आंदोलन रहेंगे। पुतला दहन कार्यक्रम में राजद के वरिष्ठ नेता बुधन सिंह यादव, महादेव यादव, लखन यादव, राजद के जिला प्रधान महासचिव राजेंद्र यादव, कांग्रेस के झारखंड प्रदेश प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह, झामुमो जिला उपाध्यक्ष सुशील कुमार सिंह, जगन सिंह, जितेंद्र दास, छोटेलाल गुप्ता, टुडे आलम, ओमप्रकाश चंद्रवंशी, दीपक यादव, सूरज कुमार, युगेश यादव, पवन यादव, उमा यादव, रामजतन यादव, फहीम अख्तर, इमरान खान, आबिद हुसैन, मो। कादिर, सुशील कुमार, कपिलदेव यादव, सुरेंद्र राम, गुलाम गौस सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

## 169वें संताल परगना स्थापना दिवस पर 22 दिसम्बर को आयोजित होगा क्रासकंट्री दौड़

**निज संवाददाता | दुमका**



169वें संताल परगना स्थापना दिवस के अवसर पर गोटो भारोत सिदो कान्हू हूल वैसी, जिला खेलकूद संघ, जिला ऐथलेटिक्स संघ एवं जोहार मानव संसाधन विकास केन्द्र दुमका के संयूक्त तत्वावधान में परगनैत राम सोरेन मेमोरियल ट्रस्ट बोआरीजोर के प्रायोजन में रविवार 22 दिसम्बर 2024 को दुमका के अंबेदकर चौक से रन फार बेटर संताल परगना सूत्र वाक्य को चरितार्थ करने के लिए सुबह 7 बजे से पुरुष,महिला तथा 40 वर्ष से अधिक उम्र के पुरुषों के लिए क्रासकंट्री दौड प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में पुरुष एवं महिला वर्ग में प्रथम 10 विजेताओं को क्रमशः 1500,1200,1000,800,600 जबकि छठे से 10 वें स्थान पर आये प्रतिभागियों को 500 एवं प्रशस्ति पत्र दिये जायेंगे। मास्टर्स को जीतने पर कप के साथ प्रशस्ति पत्र दिये जायेंगे। शुक्रवार को दुमका के इंडोर स्टेडियम में आयोजित बैठक में जिला खेलकूद संघ के सचिव उमाशंकर चौबे ने इस बात की जानकारी दी। बैठक में जिला ऐथलेटिक्स संघ के सचिव वरुण कुमार, खेलकूद संघ के संयुक्त सचिव निमायकांत झा, हैदर अलीअली, महेन्द्र प्रसाद साह,मदन कुमार, मनीष हेम्ब्रम, सनातन मुर्मू, सुलेमान मरांडी, राजीव कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### हाईवोल्टेज ड्रामा के बाद शादी

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के डीह रजौली की युवती एवं मेसकौर के मिर्जापुर गांव के युवक के बीच प्रेम प्रसंग को लेकर लगातार दो दिनों तक चले हाईवोल्टेज ड्रामा के बाद कोर्ट पहुंचकर शादी कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार युवक और युवती बीते कुछ वर्षों से प्रेम प्रसंग में थे। इस बीच लड़की की शादी कहीं और हो गई। प्रेमी को यह बात हजम नहीं हुआ और युवती के पति के पास कुछ फोटो व वीडियो भेज दिया। जिसके बाद युवती मायके में आकर रहने लगी। इसी बीच बीते बुधवार को युवक ने युवती को रजौली बाईपास बुलाया। जहां स्थानीय लोगों द्वारा युवक और युवती की शादी हाईवोल्टेज ड्रामे के बाद करवा दिया गया। चूंकि युवती के ससुराल से युवक ने फोटो भेजकर रिश्ता बिगाड़ दिया था, इसलिए स्थानीय लोगों ने युवती और युवक की शादी रजौली के एक मंदिर में करवा दिया। युवक के घरवालों को जब इसकी खबर मिली, तो वे दस-पन्द्रह लोगों के साथ युवती के घर पहुंच लड़ाई-झगड़ा करने लगे। घटना की सूचना पुलिस बलों को मिलने के बाद थाना परिसर में युवक एवं युवती के परिजन शादी के लिये राजी हुए। ग्रामीणों ने बताया कि बुधवार को सड़क पर एवं गुरुवार को थाना परिसर में हुए हाईवोल्टेज ड्रामा के बाद शुक्रवार को युवक व युवती ने कोर्ट में जाकर शादी कर ली है।

### शराब तस्करी में तीन पकड़े गए

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के सवैयाटांड़-धमनी पथ के रास्ते शराब परिवहन करने में संलिप्त लाइनर समेत तीन लोगों को पीएसआई रौशन कुमार ने बीते रात्रि गुरुवार को गिरफ्तार किया। साथ ही दो बाइकों को जब्त किया गया। शराबबंदी को सफल बनाने को लेकर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस बलों के सहयोग से शराब निर्माण, परिवहन, भंडारण, बिक्री एवं सेवन के विरुद्ध लगातार छापेमारी किया जा रहा है। वहीं कुछ शराब धंधेबाज कोडरमा जिले से शराब खरीदकर सुदूरवर्ती सवैयाटांड़ पंचायत होते हुए बुढ़ियासाख एवं धमनी गांव से रजौली बाजार व आसपास के क्षेत्र में शराब की खेंप पहुंचाते हैं। बीते रात्रि थानाध्यक्ष को शराब की खेंप की सूचना मिली। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई को लेकर पीएसआई रौशन कुमार को सशस्त्र बलों के साथ छापेमारी हेतु भेजा गया। इस दौरान सवैयाटांड़ के जंगली रास्तों से होते हुए दो बाइक लगभग 9 बजे रात्रि को बुढ़ियासाख के समीप पहुंची, जहां पुलिस बल पहले से मौजूद थे।पुलिस को देखकर दो बाइकों पर रहे शराब धंधेबाज भागने लगे, जिसे पुलिस बलों ने खदेड़कर पकड़ लिया। वहीं बाइकों की तलाशी के दौरान रॉयल स्टेज के 375 एमएल एवं 750 एमएल वाले बोतल में बन्द कुल 8.625 लीटर शराब बरामद किया गया। इस दौरान दो बाइकों होंडा शाइन एसपी संख्या बीआर27एस1180 एवं ग्लैमर संख्या बीआर27भी8714 को जब्त किया गया। साथ ही तीन शराब धंधेबाजों माथाडीह गांव निवासी महेंद्र यादव के पुत्र चन्दन कुमार व मनोज यादव के पुत्र दिलखुश कुमार एवं धमनी गांव निवासी सोहर यादव के पुत्र रामजी कुमार को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि जब्त शराब व बाइक के अलावे गिरफ्तार तीनों लोगों के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। साथ ही कहा कि तीनों गिरफ्तार लोगों को शुक्रवार को स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है

### एक दिवसीय रोजगार कैम्प 24 दिसंबर को

**नवादा (नि.सं.)।** श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना के निदेशानुसार जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, नवादा द्वारा दिनांक-24.12.2024 को संयुक्त श्रम भवन ( सरकारी आई0टी0आई0 ) नवादा के प्रागंण में एकदिवसीय रोजगार कैम्प का आयोजन किया जायेगा। जिसमें डिलोवरी एग्जीक्यूटिव के 20 पद के लिए योग्यता 8वीं पास है। डिलोवरी एग्जीक्यूटिव के लिए वेतन रूपये 13 से रूपये 18 पर पार्सल तक मिलेगी एवं अन्य सुविधा के रूप में इंशयोरेन्स, मेडिकल क्लेम की सुविधा मिलेगी। पात्र के लिए उम्र-18 से 45 वर्ष तक हैं। कार्य स्थल- डिलोवरी एग्जीक्यूटिव के लिए नवादा, हिसुआ, रजौली हैं। महिला एवं पुरूष दोनों जॉब कैम्प में भाग ले सकते है। इच्छुक आवेदक एवं आवेदिकाये अपने शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, आई0डी0कार्ड की छायाप्रति, रंगीन फोटो एवं बायोडाटा के साथ चयन हेतु कैम्प स्थल संयुक्त श्रम भवन (सरकारी आई0टी0आई0) नवादा के प्रागंण में आकर इस अवसर का लाभ उठा सकते है। रोजगार कैम्प का समय प्रातः 11:00 बजे पूर्वाह्न से 4.00 बजे अपराह्न तक रहेगी। जो आवेदक एवं आवेदिकाएं NCS Portal पर निबंधित है वही आवेदक एवं आवेदिकाए रोजगार कैम्प में भाग ले सकते है। साथ ही जो आवेदक एवं आवेदिकाएं NCS Portal पर निबंधित नहीं हैं वो आवेदक एवं आवेदिकाएं NCS Portal पर अपना निबंधन कार्यालय या खुद से कराकर भाग ले सकते है। नियोजक निजी क्षेत्र के है, नियोजन के शर्तो के लिए नियोजक जिम्मेदार होगें। नियोजनालय केवल सुविधा प्रदाता की भूमिका में होगा।

### 62 फरार अपरधियों की हुई गिरफ्तारी : एसपी

**नवादा (नि.सं.)।** पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि 19 दिसम्बर 2024 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, मद्य निषेध में 06, हत्या में 03, दहेज हत्या में 1, आर्म्स एक्ट में 01, अन्य शीर्ष में गिरफ्तारी 51 कुल 62 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 19 लीटर महुआ शराब, विदेशी शराब 8.15 लीटर बरामद किया गया। वारंट में 33, कुर्की में 13 वाहन जॉच के क्रम में कुल 627 वाहनों की जांच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि 1 लाख 44 हजार रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अंतर्गत ट्रैक्टर 01, मोटरसाइकिल 02, तसला 02, गैस सिलेंडर 01, गैस चूल्हा 01 बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक, नवादा ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।

### बायोमेट्रिक हाजरी बना रहे कर्मी

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** प्रखंड मुख्यालय में स्थित पंचायती राज कार्यालय में हाजरी बनाने के लिए बायोमेट्रिक मशीन व्यवस्था हुई है। बीपीआरओ सानिया परवीन कहती है कि कार्यालय में बायोमैट्रिक मशीन से सभी कर्मियों को हाजरी बनाने का निर्देश दिया गया है। सभी लोग बायोमेट्रिक हाजरी बनाते हैं।

### पूर्व वार्ड सदस्या के निधन पर जताया शोक

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** प्रखंड के नारदीगंज पंचायत के वार्ड संख्या 12 के पूर्व वार्ड सदस्या 80 वर्षीय शांति देवी पति मिश्री चौधरी का निधन शुक्रवार को हो गया। मृतका अब्दलपुर पड़रिया गांव के निवासी थी। निधन की खबर मिलते ही स्वजन व शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। घटना की मिलने पर पूर्व पंचायत समिति अजय कुमार उर्फ छोटेलाल, बच्चन सिंह, विनय कुमार साव, शशिभूषण कुमार, शैलश कुमार, समाज सेवी अजय यादव, महेश यादव, शम्भू मालाकार समेत अन्य लोगों ने दुःख प्रकट करते हुए कहा कि इनके निधन होने से स्वजन व समाज को अपूर्णीय क्षति पहुंची है। कार्यक्रम में पशुपालकों को खुराक, आहार, और दवाओं के उचित उपयोग के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। उसके अलावा पशुपालकों को क्रिमीनाशक शक एवं मिनरल मिक्सचर इत्यादि दवा का वितरण किया गया। किसानों को यह समझाया गया कि पशुओं को स्वस्थ रखने के लिए केवल डॉक्टर की सलाह ही नहीं, बल्कि नियमित देखभाल और सही आहार भी बेहद महत्वपूर्ण है।

### पेंशनर समाज की बैठक हुई

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** पेंशनर भवन नारदीगंज में शुक्रवार को पेंशनर समाज की बैठक हुई। अध्यक्षता पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद ने की। समाज सचिव श्रीकांत सिंह ने कहा आगामी 25 दिसम्बर 2024 को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी के संस्थापक महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी व प्रभु ईशा मसीह की जयंती समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर प्रखंड स्तरीय पत्रकार बंधुओं व इंटर विद्यालय नारदीगंज के पूर्व प्रभारी प्राचार्य डा.कारु रजक को सम्मानित किया जायेगा। पूर्व प्राचार्य डा. रजक असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर सफलता प्राप्त कर अनुग्रह नारयण महाविद्यालय बाढ़ में फिलहाल सेवा दे रहें हैं। साथ ही साथ आयोजित होने वाले कार्यक्रम में अधिक से अधिक पेंशनर समाज को उपस्थित होने के लिए अपील की है।

# जनता दरबार में 42 मामलों की सुनवाई

निज संवाददाता | नवादा



जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने समाहरणालय के सभा कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। आज की जनता दरबार में कुल 42 आवेदन आये, जिसमें कई आवेदनों को ऑन स्पॉट निष्पादन कर दिया गया। जनता दरबार में आपूर्ति, विद्युत, भूमि विवाद, राजस्व, मद्य निषेध, शिक्षा, भू अर्जन, पारिवारिक विवाद, अतिक्रमण, आपदा, राशन कार्ड आदि से संबंधित मामले आए। जिलाधिकारी ने सभी फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनका समाधान करने का आश्वासन दिया। कई आवेदनों को ऑनस्पॉट निष्पादन कर दिए और शेष आवेदनों को संबंधित अधिकारियों के पास भेज कर शीघ्र निवारण करने का निर्देश दिया गया। जनता दरबार में थाना-हिसुआ पोस्ट-हिसुआ के श्रीकान्त प्रसाद द्वारा दाखिलखारिज के संबंध में थाना-नवादा, प्रसाद बीघा के उषा कुमारी के द्वारा भूमिहीन रहने से जमीन उपलब्ध करने के सम्बन्ध में, थाना- वारिसलीगंज, पोस्ट-दोसुत, ग्राम- दोसुत के अजय सिंह द्वारा किसान भवन को निजी बताने के सम्बन्ध में, थाना-काशीचक, पोस्ट- जलालपुर, ग्राम - सरकट्टी के महेंद्र सिंह के द्वारा वृद्धा पेंशन नहीं मिलने के सम्बन्ध में , थाना- धमौल, पोस्ट-धमौल, ग्राम- तुराक्वान के कैलू पंडित द्वारा विधुत सम्बन्धी जाँच करने के सम्बन्ध में आवेदन के द्वारा शिकायत किया गया। सभी आवेदनों को जिला पदाधिकारी के द्वारा संबंधित अधिकारियों से बात कर तुरंत निष्पादित करने का निर्देश दिया गया एवं कुछ आवेदनों को संबंधित पदाधिकारियों के पास जॉच कर कार्रवाई हेतु भेज दिया गया। जनता दरबार में अपर समाहर्ता चन्द्रशेखर आजाद, गोपनीय प्रभारी राजीव कुमार, लोक शिकायात निवारण पदाधिकारी डॉ राज कुमार सिन्हा, जिला जन शिकायत प्रभारी मनोज चौधरी के साथ - साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अलग- अलग सड़क दुर्घटनाओं में चार की मौत

**नवादा (नि.सं.)।** जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुई पथ दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। शुक्रवार को चारों मृतकों का शव पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया गया। मृतकों के शव को परिवार वालों को सौंप दिया गया। पहली घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के नहर पर अनियंत्रित बाइक ने बुजुर्ग को टक्कर मार दिया। इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भदोखरा गांव के राजेंद्र रविदास के रूप में की गई। मृतक बैंक से पैसा निकालने के लिए जा रहे थे तभी या घटना घटी।

# डीईओ ने विद्यालयों के प्रधानों के साथ की बैठक

निज संवाददाता | पकरीबरावां (नवादा)

इंटर विद्यालय पकरीबरावां में शुक्रवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार चौधरी ने प्राथमिक, मध्य, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के अंदर सभी विद्यालय 80 प्रतिशत से ज्यादा बच्चों का अपार आईडी बनाने के लक्ष्य को पूरा करें। जिन विद्यालयों में बच्चों का आधार नहीं बना है, वहां के प्रधानों को जल्द ही बच्चों या उनके अभिभावकों को प्रेरित कर आधार बनवाने को कहा। अपार आईडी में बेहतर प्रदर्शन करने वाले महंत रामधनपुरी इंटर विद्यालय बुधौली के प्रभारी प्राचार्य डॉ. दिनेश कुमार, मध्य विद्यालय जिउरी के प्रधानाध्यापक मो. फोजैल रजी, मध्य विद्यालय पकरीबरावां के प्रधानाध्यापक डॉ. गुलाम दस्तगीर खान को जिला शिक्षा पदाधिकारी ने फूलों की माला पहनाकर एवं शॉल देकर सम्मानित किया गया। इस बीच पकरीबरावां प्रखण्ड की स्थिति अच्छी रहने के कारण प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी सुशील कुमार एवं प्रखण्ड परियोजना प्रबंधक रितेश कुमार की सराहना की गई। डीईओ ने विद्यालयों के प्रधानों को कर्तव्य बोध कराते हुए बेहतर करने की नसीहत दी। कहा कि अगर आप बच्चों को सही तरीके से पढ़ाते हैं तो यह एक पुनीत कार्य है। कहा कि सौभाग्य कि बात है कि आप सभी शिक्षक हैं। इस अवसर पर एमडीएम साधनसेवी संजय कुमार, इंटर विद्यालय के प्राचार्य शिव कुमार, डाटा इंट्री ऑपरेटर विक्रम कुमार, प्रधानाध्यापक नागेंद्र प्रसाद, संजय कुमार सुमन, सीमा कुमारी, किरण कुमारी, जयन्ती कुमारी, उमेश प्रसाद यादव, विजय कुमार, शंकर कुमार निराला, विनोद कुमार, सुरेंद्र प्रसाद यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया केंद्रीय गृह मंत्री का पुतला दहन

» कांग्रेस नेताओं ने कहा कि अमित शाह का बयान उनके जातिवादी मानसिकता और धूर्त राजनीति का परिचायक है। यह बयान केवल डॉ. अंबेडकर का ही नहीं, बल्कि उनके अनुयायियों और समर्थकों का भी अपमान है।

निज संवाददाता | नवादा



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर को लेकर दिए गए विवादित बयान के विरोध में शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में एक विरोध मार्च निकाला गया। इस दौरान नगर थाना के पास गृह मंत्री का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष सतीश कुमार उर्फ मनटन सिंह ने किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के अनुसार, अमित शाह ने अपने बयान में डॉ. अंबेडकर के योगदान को कमतर आंकने की कोशिश की और उनकी तुलना धर्म व भगवान से करके अंबेडकर को 'फैशन' का प्रतीक बताया। उनके इस बयान से दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों और शोषित वर्गों के आत्मसम्मान को ठेस पहुंची है। कार्यकर्ताओं ने इसे अंबेडकर की शिक्षा, उनके योगदान और उनके आदर्शों का अपमान बताया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि अमित शाह का बयान उनके जातिवादी मानसिकता और धूर्त राजनीति का परिचायक है। यह बयान केवल डॉ. अंबेडकर का ही नहीं, बल्कि उनके अनुयायियों और समर्थकों का भी अपमान है। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि यह बयान समाज में जातिगत भेदभाव को बढ़ावा देने और अंबेडकरवाद के प्रति लोगों की आस्था को कमजोर करने की साजिश है। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेताओं ने डॉ. अंबेडकर को एक मसीहा बताते हुए कहा कि उन्होंने समाज के शोषित, वंचित और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया। ऐसे में उनके नाम को 'फैशन' बताना अत्यंत निंदनीय है। विरोध मार्च और पुतला दहन में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम में पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष उपेंद्र सिंह, बंगाली पासवान, रजौली प्रखंड अध्यक्ष राम रतन गिरी, काशीचक प्रखंड अध्यक्ष सकलदेव सिंह, नरहट प्रखंड अध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह, वरिष्ठ नेता कृष्ण कुमार प्रभाकर, बिनोद कुमार पप्पू, मिथिलेश कुमार, शैलेंद्र कुमार, विनोद कुमार, श्याम सुंदर प्रसाद कुशवाहा, सत्येंद्र कुमार, राकेश कुमार, फाकरू अली अहमद, संजय सिंह, वारसलीगंज नगर अध्यक्ष ड्रोन कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अमित शाह से बिना शर्त माफी की मांग की और केंद्र सरकार से उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की अपील की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस मामले में गंभीरता से विचार नहीं किया गया, तो विरोध प्रदर्शन और तेज किया जाएगा। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर के विचारों को आगे बढ़ाने और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि अंबेडकर ने हमें समानता और मानवाधिकारों का जो संदेश दिया है, वह हमेशा हमारा मार्गदर्शन करेगा।

# बहन के प्रेमी की हत्या कर पोखर में फेंका शव

निज संवाददाता | नवादा




जिले के पकरीबरावां थाना क्षेत्र के बढ़ौना पोखर से बरामद अज्ञात शव का पुलिस ने खुलासा किया है। युवक की हत्या प्रेम प्रसंग में की गई थी जिसमें झारखंड से तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने हत्याकांड का खुलासा करते हुए बताया कि 15 दिसंबर को पकरीबरावां थाना क्षेत्र के बढौना गांव के पोखर में एक अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ था। पुलिस द्वारा अविलंब घटनास्थल के निरीक्षण उपरांत इस संदर्भ में कांड दर्ज करते हुए आगे की जांच शुरू की। कांड की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा शव की पहचान कर संलिप्त दोषियों के गिरफ्तारी हेतु विभिन्न जगहों पर छापामारी की गई। तकनीकी अनुसंधान एवं ह्यूमन इंटेलिजेंस के आधार पर दिनांक 19 दिसंबर को कांड में संलिप्त 03 अभियुक्तों को झारखंड की राजधानी रांची से गिरफ्तार कर थाना लाया और पुलिस के द्वारा विशेष पूछताछ की गई। तीनों ने अपने गुनाहों को कबूल कर लिया। उन्होंने अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि मृतक सन्नी कुमार का सौरभ प्रसाद उर्फ बिट्टू के चचेरी बहन के साथ संबंध था जिससे गांव में इनका इज्जत खराब हो रहा था। इनके द्वारा बहुत दिन से मृतक को सबक सिखाने की बात चल रही थी। 14 दिसंबर को अभियुक्त द्वारा मृतक सन्नी कुमार के साथ शराब पीया। उसके बाद सभी वेन्यू कार JH 01 EN 8439 से उसे लेकर गिरियक होते हुए पकरीबरावां बढौना तालाब के पास गए और घटना को अंजाम दिया। मृतक का गला रेत कर उसकी हत्या कर तीनों लोग फरार हो गए। पुलिस ने सौरभ प्रसाद उर्फ बिटु उम्र 24 वर्ष पिता सतेन्द्र प्रसाद, सा. ओनावों, थाना शेखोपुर सराय, जिला शेखपुरा, 2. विजय कुमार रजक उम्र 22 वर्ष पिता राजेन्द्र रजक, सा. सरहुल नगर कॉलोनी थाना बरियातु, जिला रॉची और 3. सत्यम कुमार उम्र 25 वर्ष पिता राजेश वर्मा, सा करमटोली, थाना लालपुर जिला रांची को गिरफ्तार कर लिया। इन लोगों के पास से घटना में प्रयुक्त Hyundai Venue Car और चार मोबाइल बरामद की है। पूरे मामले में डीएसपी महेश कुमार चौधरी की अहम भूमिका निभाई।

# किसानों के हित में कॉपरेटिव बैंक में बैठक आयोजित

» धान अधिप्राप्ति की राशि कॉपरेटिव बैंक के माध्यम से ही किसानों को मिले इस पर जोर दिया गया।

निज संवाददाता | पकरीबरावां (नवादा)

पकरीबरावां प्रखण्ड मुख्यालय स्थित कॉपरेटिव बैंक परिसर में शुक्रवार को प्रखण्ड के विभिन्न पैक्स अध्यक्षों के साथ जिला कॉपरेटिव बैंक नवादा के प्रबंध निदेशक अरुण कुमार ने बैठक की। बैठक में पैक्स अध्यक्षों को कहा गया कि किसानों का खाता कॉपरेटिव बैंक में खुलवाए। धान अधिप्राप्ति की राशि कॉपरेटिव बैंक के माध्यम से ही किसानों को मिले इस पर जोर दिया गया। नए किसानों का केसीसी किए जाने पर चर्चा की गई। पैक्स अध्यक्षों ने प्रस्ताव रखा कि पैक्स के माध्यम से ही किसानों के नाम का केसीसी के लिया दिया जाए ताकि बैंक द्वारा किसानों को दी गई राशि भविष्य में आसानी से वसूल किया जा सके। पैक्स को कहा गया कि वे 1000 एमटी का गोदाम बना सकते हैं। पैक्सों को तेजी से धान क्रय करने को कहा गया। इसके लिए किसानों से संपर्क करने को कहा गया। जिला कॉपरेटिव बैंक के निदेशक डॉ. प्रेमजीत कुमार विपिन ने किसानों के हितों से जुड़े कई प्रस्ताव दिए। दत्तरौल पैक्स के अध्यक्ष श्रवण कुमार ने भी कई सुझाव दिए। इस अवसर पर पैक्स अध्यक्ष धर्मचन्द प्रसाद, राजेन्द्र कुमार, सुबोध कुमार विश्वकर्मा, रंजीत कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# अनियंत्रित ई रिक्शा पलटने से शिक्षक व शिक्षिकाएं गंभीर रूप से जख्मी

निज संवाददाता | नवादा

जिले के हसुआ थाना क्षेत्र के के काशी बिगहा के पास अचानक अनियंत्रित ई रिक्शा सड़क किनारे पलट गई। इस क्रम में ई रिक्शा सवार सवार शिक्षक एवं शिक्षिकाएं जख्मी हो गयी। जख्मी को इलाज के लिए हसुआ पीएचसी में भर्ती कराया गया है। ई रिक्शा के पलट जाने से ई रिक्शा पर सवार दो शिक्षक एवं पांच शिक्षिकाएं जख्मी हो गए। सभी स्कूल जा रहे थे। इस दौरान यह घटना हुई। स्थानीय लोग एवं मौके पर मौजूद अन्य शिक्षकों के द्वारा इलाज के लिए उन्हें हसुआ पीएचसी में भर्ती कराया गया। शिक्षकों ने बताया कि वे सभी हिसुआ से सर्वोदय हाई स्कूल हदसा जा रहे थे। इस दौरान काशी बीघा के समीप ई रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। रिक्शा पर सवार सभी जख्मी हो गए। जिसमें दो बुरी तरह से जख्मी हैं। जख्मी शिक्षकों का इलाज जारी है। ई रिक्शा पलटने के बाद विभाग को शिक्षकों ने वीडियो बनाकर भेजा है। जख्मी हालत ने शिक्षकों ने वीडियो भी बनाया और शिक्षा विभाग के खिलाफ नाराजगी जाहिर की है। शिक्षक के द्वारा वीडियो बनाया गया और वीडियो में कहा है कि शिक्षा विभाग के द्वारा हम लोगों को ऑनलाइन के चक्कर में पागल बना दिया गया है। कोई मोहलत नहीं मिला है। शिक्षा विभाग के DEO और DPO सब को वीडियो भेजने के लिए शिक्षिका के द्वारा कहा जा रहा है।

# शैक्षणिक जागृति के बिना सामाजिक उत्थान असम्भव : राजेंद्र

निज संवाददाता | नवादा




नगर स्थित भोजपुरी सिटी पैलेस सभागार में अखिल भारतीय घूमन्तु नट विकास परिषद के जिला सम्मेलन में समाज के शैक्षणिक विकास पर जोर दिया गया। सम्मेलन का उद्घाटन महादलित आयोग के पूर्व सदस्य सह उच्च न्यायालय पटना के अधिवक्ता राजेंद्र नटवर, प्रदेश अध्यक्ष नवीन कुमार देव, विनोद कुमार जिलाध्यक्ष शंभू नटवर, निरंकारी भिखारी नटवर आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह का संचालन शंभू नटवर ने किया। सम्मेलन में आये अतिथियों का स्वागत किया गया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि ने सभा को संबोधित करते हुए कहा की आजादी के आठ सात दशक बीत जाने के बाद भी हमारे समाज के लोगों की दशा और दिशा नहीं बदली है। उन्होंने कहा की हमारा समाज आज बटाँ हुआ है हमारे समाज के लोग आज भी पारम्परिक कार्यों में लगे है जिसके कारण हमारा समाज आज भी काफ़ी पिछड़ा हुआ है। उन्होंने सम्मेलन में उपस्थित लोगों को कहा की किसी भी समाज का विकास शिक्षा के बिना अधूरा है। ज़ब तक शैक्षणिक रूप से हम समृद्ध नहीं होंगे तब तक हमारे समाज का आर्थिक, सामाजिक और राजनैतिक विकास सम्भव नहीं है। उन्होंने बच्चो की शिक्षा की अनिवार्यता को समझाते हुए कहा की हमें संवैधानिक रूप से जो अधिकार मिले है उसे शिक्षा के द्वारा ही हासिल किया जा सकता है।प्रदेश अध्यक्ष नवीन कुमार देव ने कहा की ज़ब तक हमारा समाज एकजुट होकर शिक्षा और सामाजिक संघर्ष में शामिल नहीं होगा तब तक न तो सामाजिक उत्थान सम्भव है और न ही राजनैतिक भागीदारी हासिल हो सकती है। उन्होंने कहा की अपने मौलिक अधिकारों को समझिये, सरकार के द्वारा चलाये जा रहें लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लीजिये एवं बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक कीजिये। उन्होंने बच्चों के शैक्षणिक रूप से मजबूत करने के लिये माता-पिता की जबाबदेही लिये जाने की बात कही। सम्मेलन को सरपंच धौली देवी, ललन प्रसाद, श्याम कुमार, भिखारी निरंकारी आदि लोगों ने संबोधित किया। मौके पर विभिन्न जिलो से आये हुए सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# अनुमंडलीय अस्पताल में जल्द शुरू होगी सी-सेक्शन से डिलीवरी की सुविधा

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



मुख्यालय स्थित अनुमंडलीय अस्पताल का निरीक्षण शुक्रवार को सिविल सर्जन नवादा डॉ. नीता अग्रवाल ने किया। इस दौरान अस्पताल के प्रभारी डीएस डॉ. दिलीप कुमार एवं पीएचसी प्रभारी डॉ. सौरभ कुमार निराला मौजूद रहे।निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन नवादा ने अस्पताल में व्याप्त कमियों को दूर करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। सिविल सर्जन ने कहा कि अस्पताल में नालियां काफी मात्रा में टूटा-फूटा है। जिसको लेकर विभागीय कार्रवाई की जा रही है। वहीं अस्पताल के कई कमरों एवं शौचालय आदि का दरवाजा आदि खराब है, जिसका मरम्मत अनिवार्य है। वहीं आसपास की गर्भवती महिलाओं के डिलीवरी के लिए सी-सेक्शन की व्यवस्था जल्द ही चालू कर दी जाएगी। बताते चलें कि अनुमंडलीय अस्पताल को ट्रामा सेंटर तो बना दिया गया है, किन्तु अस्पताल बुनियादी सुविधाओं के आभाव में हमेशा सुर्खियों में बना रहता है। अस्पताल में चिकित्सक एवं ड्रेसर समेत कई अन्य पद खाली पड़ा हुआ है। वहीं अस्पताल में नालियों का पानी यत्र-तत्र बह रहा है। अस्पताल में रंग रोगन से लेकर कई कमियां व्याप्त है। वहीं अस्पताल में स्थापना के बाद से अब तक गर्भवती महिलाओं का नॉर्मल डिलीवरी एवं छोटे ऑपरेशन से डिलीवरी की सुविधा है। किंतु गर्भवती महिलाओं का सिजेरियन अर्थात सी-सेक्शन से बच्चे की डिलीवरी के लिए चिकित्सकों द्वारा सदर अस्पताल रेफर कर दिया जाता है। अनुमंडलीय अस्पताल में गर्भवती महिलाओं के लिए सिजेरियन की सुविधा होने पर आसपास के लोगों को काफी सुविधा मिलने की उम्मीद है।

# बिहार राज्य भारोतोलन कैडेट चैंपियनशिप 2024 का हुआ आगाज

निज संवाददाता | नवादा

दूसरी बिहार राज्य भारोतोलन कैडेट चैंपियनशिप 2024 नवादा के मौर्य गार्डन होटल में 20 से 22 दिसंबर तक आयोजित की गयी है। समारोह का उद्घाटन नवादा विधान सभा क्षेत्र के विधायक विभा देवी ने दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर किया। उपेंद्र कुमार नवादा जिला भारोतोलन संघ के अध्यक्ष बसंत प्रसाद एवं खेलो इंडिया साइ सेंटर के कोच गुरु गोविंद सिंह ने संयुक्त रूप से किया। 35 किलोग्राम के अंडर 11 ग्रुप में प्रथम स्थान आयुष राज जहानाबाद द्वितीय स्थान पीयूष कुमार नवादा 40 किलोग्राम वर्ग में प्रथम आयुष राय सीतामढ़ी द्वितीय लक्ष्य कुमार जहानाबाद तृतीय राजकुमार बेगूसराय अंडर 13 के 35 किलोग्राम वर्ग में प्रथम स्थान यश कुमार पटना द्वितीय धर्मवीर कुमार मोतिहारी तृतीय स्थान विशाल कुमार सारण 40 किलो वर्ग प्रथम स्थान दीपक कुमार गोपालगंज द्वितीय स्थान हर्षित कुमार गोपालगंज तृतीय स्थान आयुष राय सीतामढ़ी वहीं बालिका वर्ग में अंडर 11 के 25 किलोग्राम वर्ग में सृष्टि शर्मा जहानाबाद प्रथम वहीं 30 किलोग्राम वर्ग में प्रथम स्थान साक्षी कुमारी जहानाबाद द्वितीय स्थान पल्लवी कुमारी गोपालगंज तृतीय स्थान स्वाति वर्मा नवादा अंडर 13 आयु वर्ग के 30 किलोग्राम में खुशी कुमारी पटना प्रथम स्थान सोनाक्षी कुमारी जहानाबाद द्वितीय स्थान प्राप्त की इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में नवादा जिला भारोतोलन संघ के सचिव शीतल प्रसाद इन लोगों के स्पॉन्सरशिप में यह प्रतियोगिता आयोजन हो रहा है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### क्रिकेट लीग के जूनियर में आरा क्रिकेट विजयी

**आरा**| जिला क्रिकेट लीग के जूनियर डिवीजन में आज आरा क्रिकेट अकादमी बी बनाम तेघरा क्रिकेट क्लब के बीच मैच वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में हुआ|। यह लीग भोजपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा हो रही है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आरा क्रिकेट अकादमी बी की टीम ने 30 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 231 रन बनाए। आरा क्रिकेट अकादमी की तरफ से दिलखुश ने 82 रन , साहिल ने 31 रन, रोशन ने 24 रन व मो वारिस एवं विश्वजीत ने 17-17 रन का योगदान किया। इस प्रकार आरा क्रिकेट अकादमी बी ने यह मैच 135 रन से जीत लिया।

### प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम में लोग बैठे रहे लेकिन नहीं पहुंचे पदाधिकारी

**गड़हनी**। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम प्रशासन गांव की ओर 2024 कार्यक्रम के तहत प्रखण्ड के बगवां व बलिगांव पंचायत में रखा गया था। बगवां पंचायत के सिकटी गांव में सामुदायिक भवन में मुखिया मालती देवी ने व्यस्था की थी। वहां गांव के कुछ लोग कार्यक्रम में पदाधिकारियों से सवाल जबाब करने को ले बैठे थे। लेकिन दो बजे तक कोई पदाधिकारी वहां नही पहुंचे तो अंत से सभी लोग निराश होकर लौट गए। वही बलिगांव पंचायत के मुखिया सुनील कुमार पाल ने कहा कि मुझे इस कार्यक्रम के बारे में कोई सूचना व लेटर नही मिला है। वही बगवां मुखिया के पास पंचायत सचिव के द्वारा कार्यक्रम को ले एक लेटर भेजा गया था। इस कार्यक्रम में बीडीओ, सीओ, मनरेगा पीओ, पंचायती राज पदाधिकारी सहित सभी विभाग के पदाधिकारियों को आना था। इस संबंध में मैं आर ओ दिनेश सिंह से पूछा कि प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम में आपलोग क्यो नही गए तो बताया कि मुझे इस कार्यक्रम का कोई जानकारी नही था न कोई लेटर आया है, वही बीडीओ अर्चना कुमारी व सीओ दीपा कुमारी ने दो तीन दिनों से अवकाश पर है।

### पकड़ी के वार्ड नंबर- 15 में पुलिस ने किया किरायेदारों का सत्यापन

**आरा**। नवादा थाना की पुलिस ने थाना क्षेत्र के पकड़ी के वार्ड नंबर 15 में रह रहे किरायेदारों का आधार कार्ड और मोबाइल नंबर का सत्यापन किया। डीजीपी बिहार के द्वारा निर्गत आदेश के बाद सभी थाना क्षेत्रों में स्थित मकान मालिक और किरायेदारों का पुलिस के द्वारा अपने -अपने थाना क्षेत्रों में रहने वाले मकान मालिक और किरायेदारों का आधार सत्यापन करने का काम शुरू कर दिया गया है। इसके लिए थाना में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी और पुलिस कर्मियों को सेक्टर वाइज बाटा गया है। पूरे शहर के कुल 45 वार्डों को कुल 17 सेक्टर में बाटा गया है। टाउन थाना में 10 सेक्टर और नवादा थाना में कुल 7 सेक्टर बनाया गया है। आधार का सत्यापन कराने के बाद लोगों को थाना में पहचान से संबंधित आधार कार्ड और अन्य दस्तावेज थाना में जमा करना होगा। शहर में हो रहे अपराध में बहुत से किरायेदार की भी भूमिका सामने आ रही है। जिसके पास पुलिस को पहुंचने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। एसपी श्रीराज ने बताया कि बहुत से ऐसे मकान है जिसमें किराएदार रहते है। पर उनका सत्यापन न तो मकान मालिक के द्वारा किया गया है और नहीं थाना में कराया गया है। वैसे मकान मालिक जो किराया पर रुम देते है उनको किराएदार का सत्यापन थाना में जाकर कराना व थाना को सूचना देना बहुत जरूरी होता है।

### पीएचडी एडमिशन टेस्ट (पैट)- 2023 और 2024 की परीक्षा लेगा एक साथ

**आरा**। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय पीएचडी एडमिशन टेस्ट (पैट)- 2023 और 2024 की परीक्षा एक साथ लेगा। परीक्षा बोर्ड की बैठक में गुरुवार को यह निर्णय लिया गया है। एनटीए की तरफ से संचालित परीक्षा में जो परीक्षार्थी पीएचडी एडमिशन क्वालीफाई हुए है उनको पैट की लिखित परीक्षा से नहीं गुजरना होगा। वैसे परीक्षार्थी सीधे साक्षात्कार में शामिल होंगे। परीक्षा नियंत्रक डॉ अनवारुल हक़ अंसारी ने बताया कि पैट के लिए आवेदन लिया जा रहा है। 23 दिसंबर तक आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। जनवरी माह के अंतिम सप्ताह में परीक्षा लेने की योजना बनायी जा रही है। इस बार उर्दू और गणित जैसे विषयों में सीट नहीं है। परीक्षा विभाग ने सभी पीजी विभागों से मांगी रिक्ति के अनुरूप विषयवार सीटों का ब्यौरा भी पोर्टल पर अपलोड कर दिया है। जिन विभाग ने सीट का ब्यौरा दिया है उनकी जानकारी अपलोड है। कुछ विभाग ने एक दो दिनों में उपलब्ध कराने की बात कहीं है, डाटा मिलने पर अपलोड किया जायेगा। उन्होंने बताया कि परीक्षा में पूछे जाने वाले प्रश्न के प्रारूप और सिलेबस को भी अपलोड किया गया है। पहली पाली में ऑब्जेक्टिव प्रश्न पूछे जायेंगे जबकि दूसरी पाली की परीक्षा में विषय के अनुसार सब्जेक्टिव प्रश्न पूछे जायेंगे। परीक्षा में दो पेपर होंगे, प्रत्येक पेपर 100 अंक का होगा।

### विभिन्न् दलों ने अमित शाह का किया पुतला दहन

**आरा**| देश के गृहमंत्री अमित साह के द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रति अपमानजनक टिप्पणी के खिलाफ कई संगठनों ने पुतला दहन व विरोध प्रदर्शन किया। भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अशोक राम के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने जिला समाहरणालय के अंबेडकर मूर्ति के समक्ष देश के गृहमंत्री अमित साह का पुतला दहन किया। कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अशोक राम ने कहा कि जिस तरह से अमित शाह ने लोकतंत्र के मंदिर में बाबा साहेब को अपमानित किया हैं, वो एक कुंठा और द्वेष से भरे मानसिकता वाला व्यक्ति ही कर सकता है। मौके पर मोहन दुबे, राजेंद्र ओझा, सत्यप्रकाश राय, अशोक यादव, घनश्याम उपाध्याय, रजी अहमद, डॉ अमित कुमार द्विवेदी, डॉ श्रीधर तिवारी, डॉ आशुतोष ठाकुर, जितेन्द्र शर्मा, मनोज कुमार अंजनी, राकेश कुमार त्रिपाठी, बीरेंद्र मिश्रा, संतोष पाण्डेय, पन्नग त्रिपाठी, शिव शंकर चौबे, कृष्ण कांत पांडेय, डॉ भानु प्रकाश सिंह, प्रमोद राय, समेत कई कांग्रेसी उपस्थित थे। भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी ने गृह मंत्री अमित शाह सहित चिराग, नीतीश कुमार व जीतन राम मांझी का पुतला दहन किया। अध्यक्षता आजाद समाज पार्टी के युवा प्रदेश अध्यक्ष रितेश कुमार व संचालन अम्बेडकर छात्रावास के छात्र प्रधान सोनजीत कुमार पासवान ने किया। प्रदेश अध्यक्ष अमर ज्योति ने कहा कि बाबा साहब कोई फैशन नहीं है बल्कि ब्रांड है जो करोड़ों बेजुबानों को समाज में जीने का अधिकार दिया है। मौके पर राकेश कुमार, विनय कुमार, राकेश राम, रमेश यादव, अनीश कुमार, सरोज कुमार, मिथिलेश राम सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य व इंसाफ मंच के राज्य सचिव क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि गृह मंत्री अमित साह का अपमानजनक टिप्पणी भारतीय संविधान और बाबा साहब के प्रति भाजपा व आरएसएस की घृणा का प्रदर्शन है। अमित साह शीघ्र इस्तीफा दें व देश की जनता से माफी मांगे। मौके पर आरा नगर सचिव सुधीर सिंह, बालमुकुंद चौधरी, दिलराज प्रीतम, अमित कुमार बंटी, उमेश सुमन, संतविलास राम आदि मौजूद थे।

### 15. 98 करोड़ की लागत से बनेंगे 174 खेल मैदान

**आरा**। जिले के खिलाड़ी व खेल प्रेमियों के लिए अच्छी खबर है। सरकार द्वारा खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए हर पंचायत में खेल मैदान का निर्माण कराया जा रहा है। जिससे खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा को निखारने व खेलों के प्रैक्टिस करने में काफी मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ग्रामीण विकास विभाग के तहत 533 प्रखंडों के 5671 ग्राम पंचायत में 6659 खेल मैदानों के निर्माण कार्य की शुरुआत की। इसी कड़ी में जिले के 14 प्रखंडों के 155 ग्राम पंचायत में 15. 98 करोड़ की लागत से जिले में 174 खेल मैदानों के निर्माण कार्य की शुरुआत डीएम तनय सुल्तानिया व डीडीसी डॉ अनुपमा सिंह ने दीप प्रज्वलित कर की। डीएम ने खेल मैदान परियोजना का शुभारंभ करते हुए कहा कि इन खेल मैदानों में दौड़ने के लिए ट्रैक के साथ वॉलीबॉल व बैडमिंटन कोर्ट भी बनाए जाएंगे। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रूप से प्रतियोगी परीक्षाओं, पुलिस भर्ती आदि की तैयारी कर रहे युवाओं को शारीरिक प्रशिक्षण में मदद मिलेगी। डीडीसी ने संबोधित करते हुए कहा कि मनरेगा के तहत बनाए जा रहे खेल मैदानों में टहलने व खिलाड़ियों के दौड़ने के लिए ट्रैक, वॉलीबॉल, बैडमिंटन बास्केटबॉल कोर्ट, फुटबॉल के लिए गोल पोस्ट बनाए जाएंगे। इसके अलावा ऊंची कूद, लंबी कूद, खो-खो, कबड्डी और अन्य खेलों के लिए भी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

# विवाहिता की मौत के मामले में ससुराल में कुर्की

निज संवाददाता। आरा



◆ **घर से कूलर, वाशिंग मशीन समेत 50 से ज्यादा सामान ले गई पुलिस, SSB जवान पति समेत सास फरार**

भोजपुर जिले के नवादा थाना क्षेत्र के गौतमबुद्ध नगर, गोढ़ना रोड मोहल्ला में एक साल पहले हुई विवाहित की हत्या के मामले में पुलिस ने गुरुवार को कुर्की जब्ती की। मामले में मृत विवाहिता का पति एसएसबी जवान अरविंद कुमार ठाकुर और सास वर्षा देवी फरार हैं। करीब पांच घंटे तक चली कुर्की के दौरान दरवाजा, खिड़की से लेकर लोहे का ग्रिल तक उखाड़ लिया गया। कूलर, वाशिंग मशीन, पंखा फ्रिज व दीवान पलंग समेत करीब 50 से अधिक प्रकार का सामान जब्त किया गया।

**26 दिसंबर 2023 को हुई थी विवाहिता की संदिग्ध मौत**: 26 सितंबर 2023 को नवादा थाना क्षेत्र के गौतम बुद्ध नगर, गोढ़ना रोड में मधु कुमारी नाम की एक विवाहिता की मौत हो गई थी। इसे लेकर मृतका के भाई नवादा थाना के पकड़ी निवासी कुमार विभाकर ने दहेज में सोने का जेवरात नहीं दिए जाने के कारण गला घोंटकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए पति अरविंद कुमार, सास वर्षा देवी, ससुर किशोरी ठाकुर, मृतका की ननद और ननदोई के खिलाफ नामजद प्राथमिकी कराई थी।

**ससुर को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा था जेल**: पूर्व में पुलिस ने ससुर किशोरी ठाकुर को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इधर, मृतका के पति व सास दोनों आरोपित फरार चले आ रहे थे। गुरुवार को मजिस्ट्रेट की देखरेख में बंद घर का ताला तोड़ा गया। इस दौरान एएसपी परिचय कुमार, नवादा थानाध्यक्ष बिपिन बिहारी व आइओ सुबोध कुमार दल-बल के साथ मौजूद थे। इसके बाद कुर्की की कार्रवाई शुरू की गई। शाम तक कुर्की की कार्रवाई चलती रही। मृतका का बड़ा भाई विभाकर शर्मा उर्फ मंटू ने बताया कि सिकरहटा थाना क्षेत्र के चकिया गांव निवासी व उनके पिता अवध कुमार शर्मा ने अपनी बेटी व उनकी बहन मधु कुमारी की शादी नवादा थाना क्षेत्र के गोढ़ना रोड गौतम नगर वार्ड नंबर 44 निवासी किशोरी ठाकुर से 15 फरवरी वर्ष 2022 में लेनदेन एवं पूरे हिंदू रीति-रिवाज के साथ की थी। शादी के कुछ दिन बीत जाने के बाद से ही दहेज में सोने की जेवरात नहीं देने से उसकी सास उसके साथ बराबर गाली-गलौज किया करती थी। जिसको लेकर दोनों के बीच घरेलू विवाद चल रहा था। इसी बीच उसके ससुर किशोरी ठाकुर ने फोन कर उन्हें जानकारी दी कि आपकी बहन ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।

## पानी भरे गड्ढे में डूबने से बच्ची की मौत

निज संवाददाता। आरा



◆ **ट्यूशन पढ़कर घर वापस लौट रही थी घर, खेलने के दौरान हुआ हादसा**

भोजपुर जिले के शुक्लपुरा गांव में शुक्रवार की सुबह पानी भरे गड्ढे में डूबने से एक बच्ची की मौत हो गई।मृत बच्ची धोबहा थाना क्षेत्र के शुक्लपुरा गांव निवासी गोरख कहार की 5 वर्षीया पुत्री नव्या कुमारी है। मृत बच्ची के बड़े पापा ने बताया कि उनके घर के पीछे गड्ढा है। जिसमें बाढ़ के समय आया पानी जमा है। शुक्रवार की सुबह-सुबह ट्यूशन पढ़ने गई थी। ट्यूशन पढ़ने वह घर वापस लौटी। इसके बाद वह खेलते-खेलते घर के पीछे स्थित पानी गड्ढे के पास चली गई। उसी बीच वह पानी भरे गड्ढे में गिरकर डूब गई। जिससे उसकी मौत हो गई। काफी देर बीत जाने के बाद जब परिजनों ने उसे खोजबीन करना शुरू किया। लेकिन वह कही नहीं मिली। इसके बाद परिजन पानी भरे गड्ढे में प्रवेश कर देखा तो वह उसमें डूबी हुई थी। जिसके बाद परिजनों नर उसके शव को पानी से बाहर निकाला। सूचना स्थानीय थाना को दी सूचना पाकर स्थानीय थाना मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया।मृत बच्ची अपने तीन बहन व एक भाई में तीसरे स्थान पर थी। घटना के बाद मृत बच्ची के घर में कोहराम मच गया है। इस घटना के बाद बच्ची की मां मुन्नी देवी और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## भोजपुर में फांसी लगाकर महिला ने की आत्महत्या

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर के मठियापुर गांव में गुरुवार की रात पंखे से लटका एक महिला का शव बरामद हुआ है। परिजन और आसपास के लोगों ने आत्महत्या करने की बात कही है। मृतका के चचेरे ससुर जगलाल चौधरी ने बताया कि उसका पति दिनेश चौधरी नशा करता है। वो अक्सर नशा करने के लिए उससे पैसे मांगता था। इस बात को लेकर दोनों के बीच लड़ाई भी होती थी और महिला ने स्थानीय थाना में सनहा भी दर्ज कराया था। दिनेश पिछले तीन दिनों नशे के लिए उससे पैसे मांग रहा था। जिसको लेकर उनके बीच आज भी सुबह झगड़ा हो रहा था। जिसके बाद वो काम पर चला गया। वापस लौटा तो कमरे का दरवाजा बंद था। गेट खटखटाने के बाद जब नहीं खोला गया तो उसने अपने परिवार के सभी सदस्यों को बुलाया। जिसके बाद दरवाजा तोड़कर देखा गया तो वह पंखे से लटकी हुई थी। जिसके बाद लोगों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृत महिला की पहचान चांदी थाना क्षेत्र के मठियापुर गांव निवासी दिनेश चौधरी की पत्नी रिंकी (30) के रूप में हुई है। दोनों की शादी साल 2013 में हुई थी। मृतका पटना जिला के मनेर थाना क्षेत्र के सादिकपुर गांव निवासी केदार चौधरी की पुत्री है। जानकारी के अनुसार पुलिस जांच कर रही है। मृतका के दो बेटे और एक बेटी है। घटना के बाद घर में कोहराम मच गया है। इस घटना के बाद मृतका परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# कार्यक्रम पदाधिकारी पर जानलेवा हमला

निज संवाददाता। आरा



◆ **हथियार दिखाकर रुकवाई गाड़ी, राइफल की बट से तोड़ा कार का शीशा तोड़ा, नीचे उतारकर मारपीट भी की**

भोजपुर जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र के बरूणा पंचायत सरकार भवन के समीप अगिआंव ब्लॉक के कार्यक्रम पदाधिकारी महेश कुमार पर गुरुवार को जानलेवा हमला किया गया। राइफल के बट से गाड़ी का शीशा तोड़ उनके साथ मारपीट की गई। इसे लेकर कार्यक्रम पदाधिकारी महेश कुमार ने संबंधित थाना में नामजद प्राथमिकी कराई है। FIR में गड़हनी के लसाढ़ी के रहने वाले अगिआंव प्रखंड के प्रखंड प्रमुख मुकेश यादव, उनके भाई नारायणपुर पंचायत के मुखिया भूपेन्द्र यादव, कमल टोला निवासी ओम प्रकाश, रवि, मड़नपुर निवासी धूप लाल सोनार, आशीन अली, ज्वाला व बरूणा निवासी पप्पू यादव समेत आठ को नामजद किया गया है।

**मारपीट के दौरान चेन, गाड़ी की चाबी छीनने का आरोप**: मारपीट के दौरान मोबाइल, गले से सोने का चेन व गाड़ी का चाबी भी छीना जाने का आरोप लगाया गया है। घटना के मूल में टेंडर व योजना संबंधित विवाद की बात सामने आ रही है। मूल रूप से नालंदा के नारी, तियारी निवासी कार्यक्रम पदाधिकारी महेश कुमार ने घटना से संबंध में बताया कि वे अगिआंव प्रखंड के बरूणा पंचायत के मड़नपुर गांव में खेल मैदान के उद्घाटन समारोह में गए थे। उद्घाटन कार्यक्रम में भाग लेकर अपनी गाड़ी से वापस लौट रहे थे कि बरूणा पंचायत सरकार भवन के पास स्कार्पियो पर सवार मुकेश यादव व उनके भाई भूपेन्द्र यादव समेत उनके साथ रहे आरोपितों ने जान मारने की नीयत से उनकी गाड़ी पर हमला किया। मुकेश व भूपेन्द्र दोनों भाई अपने हाथ में रायफल लिए थे। वे खुद अपनी गाड़ी चला रहा थे। शीशा तोड़कर रायफल के बट से मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। कार्यक्रम पदाधिकारी के अनुसार उनकी गाड़ी पर मौजूद बरूणा पंचायत की मुखिया आशा देवी का भी मंगलसूत्र छीना व सोने का चैन छीन लिया गया है। वह भी उद्घाटन कार्यक्रम से साथ लौट रही थी। इसके बाद वे किसी भी तरह जान बचाकर वाहन से निकले। बाद में सूचना मिलने नारायणपुर पुलिस हरकत में आई। कार्यक्रम पदाधिकारी के साथ हुई मारपीट की घटना के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। गिरफ्तारी के लिए टीम को लगाया गया है। आरोपितों का पूर्व का इतिहास खंगाला जा रहा है।

# बक्सर में स्वच्छता कर्मियों के साथ धोखाधड़ी

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर जिले के धानसोई पंचायत के पंचायत स्वच्छता कर्मियों ने मुखिया पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। पंचायत में डोर टू डोर कचरा उठाने का काम करने वाले कर्मियों का कहना है कि खाते में आठ महीने का पैसा आया, लेकिन मुखिया ने धोखा कर खाते से सारा पैसा निकलवा लिया। वेतन के तौर पर किसी को 6 हजार दिया तो किसी को 3 हजार दिया। बता दें कि मुखिया के इस धोखाधड़ी के कारण पंचायत के लगभग 22 स्वच्छता कर्मियों को जीवनयापन में समस्या हो रही है। कुछ स्वच्छता कर्मियों ने तो यह भी आरोप लगाया है कि मुखिया ने सफाई में नौकरी देने के नाम पर 25 से 27 हजार रुपये पहले भी ले चुके है। जिसको लेकर पीड़ित स्वच्छता कर्मी एसपी के यहां मुखिया और उसके आदमी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है। हालांकि मुखिया ने सारे आरोप को गलत बताते हुए इसे विरोधियों की चाल बताया गया।

**1 साल का 25-25 हजार मजदूरी**: एसपी को दिए आवेदन में महादलित परिवार से आने वाले विश्वकर्मा डोम की पत्नी कंचन देवी ने बताया कि मुखिया ने पंचायत सफाई कर्मी के तौर पर हमलोगों को रखा है। पिछले साल से ही हमलोग नाली साफ करने के साथ डोर टू डोर कचरा उठाकर पूरे पंचायत की साफ सफाई करते है। लेकिन मुखिया ने हमारे एक साल की कमाई को बैंक कर्मियों के साथ मिलकर निकाल लिया। 365 दिन की मजदूरी के तौर पर हमलोगों के खाते में 25-25 हजार रुपये आए थे। जिसे फर्जी तरीके से निकाल लिया गया। उन्होंने बताया कि मुखिया से जब हम अपनी मेहनत की कमाई मांगते है तो वो हमें तरह- तरह की धमकी देने लगता है। मजदूरी नहीं मिलने से परिवार का पालन पोषण करने में परेशानी हो रही है। सुअर बेच कर हमें परिवार चलाना पर रहा है।

**आई कार्ड बनवाने के नाम पर लगवाया अंगूठा**: रामचंद्र डोम ने बताया कि मुखिया और उसके आदमी ने पैन कार्ड और आई कार्ड बनवाने की बात कहकर हम सभी को फिनो बैंक ले गए।आधार कार्ड लेकर किसी कागज पर अंगूठा लगवा लिया और 22 लोगों के खाते से पूरा पैसा 5 लाख 50 हजार निकाल लिया। उन्होंने बताया कि मुखिया ने हमसे कहा कि तुम लोग अब सरकारी सफाई कर्मी बन गए हो। बैंक में चलो अंगूठा लगाओ, जिससे आईकार्ड बन जाएगा। तुम लोगों का अब बस या ट्रेन में किराया नहीं लगेगा। मुखिया की बात मानकर हम सभी ने अंगूठा लगा दिया। जिसके कुछ घण्टे बाद ही पता चला कि हमारे खाते से पैसा निकाल लिया गया है। इसकी शिकायत लेकर जब हम मुखिया के पास पहुंचे तो मुखिया ने हमें 6-6 हजार रुपये देकर निकल जाने को कहा। हम लोग मुखिया के हाथ जोड़ते रहे लेकिन हमारी किसी ने नही सुनी। साथ ही नौकरी से निकाल देने की धमकी देने लगे। इसकी शिकायत करने हम एसपी साहब के पास पहुंचे और लिखित आवेदन दिया।

**काम पर रखने से पहले भी 27 हजार की ठगी**: कैलख गांव और अमरपुर के रहने वाले सफाईकर्मियों ने बताया कि हम लोगों को काम पर रखने से पहले भी मुखिया ने सरकारी नौकरी के नाम पर हमसे 25 से 27 हजार रुपये की ठगी की थी।

## बक्सर में 2 दिवसीय किसान मेला का आयोजन

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर जिले के बजार समिति परिसर में दो दिवसीय किसान मेला का आयोजन किया गया है। जहां ग्रामीण क्षेत्र के दूर दराज से आए कृषि अपने साग,सब्जी,फूल और फल की प्रदर्शनी लगाए हुए है। इस बीच 35 किलो का कोहंड़ा आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। जिसको देखने के लिए लोगों की भिड़ मौजूद रही। डीडीसी के साथ कई अन्य लोगों ने भी उसे उठाने का प्रयास किया। जिसमें से कुछ लोगों ने उसे उठा लिया और कई लोग नाकामयाब रहे। इस दौरान बक्सर के डीएम अंशुल अग्रवाल ने उत्सुकता पूर्वक इसकी जानकारी ली। साथ ही बिना बीज के खीरा,काला गेंहू और बड़े आकार की मूली ने लोगों को खूब लुभाया और चौंकाया भी। बता दें कि किसान मेला में प्रदर्शनी के लिए इटाढी थाना क्षेत्र के कोवलपोखरा गांव के निवासी हरी ददन सिंह 35 किलो का कोहड़ा लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया की वह गांव में सब्जी की खेती करते है। उनका मुख्य पेशा किसानी है। सब्जियों को उगाने में पारंपरिक पुराना गोबर और केंचुआ खाद इस्तेमाल करते है। खेत के एक छोटे से भाग में इस बार कोहड़ा की भी खेती किए थे। जिसमें तीन से चार बड़े-बड़े कोहड़ा का उत्पादन हुआ है। जिसका वजन 30 से 35 किलो है। ये देसी बीज का कोहड़ा है। इसे इतना बड़ा तैयार होने में दो से तीन महीने का समय लगा है। मेले में पहुंचे डीएम अंशुल अग्रवाल ने कहा कि फल,फूल,सब्जी की प्रदर्शनी कृषि विभाग के माध्यम से आयोजित की गई है। इसका उद्देश्य अलग- अलग क्षेत्र के किसान एक दूसरे से मिले और प्रगतिशील बने।बक्सर जिले के लोगों में ना प्रतिभा की कमी है ना परिश्रम की कमी।

# 11 करोड़ 50 लाख खर्च के बावजूद स्ट्रीट लाइट की रख रखाव नहीं, लोग परेशान

निज संवाददाता। आरा



परेशानी . राहगीरों को कई स्थानों पर अंधेरे का सामना करना पड़ रहा है, शिकायत के बाद भी सुधार नहीं आरा नगर निगम क्षेत्र में करीब 11 करोड़ 50 लाख से 7692 एलईडी स्ट्रीट लाइट निगम ने लगवाया था, जिसमें 20 % तो जलते हीं नहीं है। शेष 30% लाइट दिन रात जलने के कारण पीला पड़ कर लाइट नहीं के बराबर हो गया है। जिसकी वजह से राहगीरों को कई स्थानों पर अंधेरे का सामना करना पड़ रहा है। यह लाइट सितंबर 2017 में लगना शुरू हुआ था। अब इसका टर्म भी सितंबर 2024 में हीं खत्म हो गया है। इस एलईडी स्ट्रीट को ईईएसएल कम्पनी ने लगाया था। इसके लिए कम्पनी को नगर निगम ने लगभग 9 करोड़ 50 लाख रुपये का पेमेंट भी कर दिया है। आलम यह है कि करोड़ों खर्च के बावजूद लोगों को कई स्थानों पर अंधेरा का सामना करना पड़ रहा है। लाइट खराब होने और दिन-रात जलने से लाइट पीला पड़ रौशनी धीमी हो जाने की शिकायत वार्ड पार्षदों द्वारा कई बार किया जा चूका है। स्ट्रीट लाइट के दिन में अपने-आप बुझने वाले स्विच भी काम नहीं करते है, इसकी वजह तार खराब होना बताया जा रहा है। जबकि नियम है कि किसी भी खराब स्ट्रीट लाइट का कम्प्लेन करने के 72 घंटे के अंदर नहीं बनता है तो प्रतिदिन प्रति लाईट के हिसाब से कम्पनी पर जुर्माना हो सकता है। पिछली नगर निगम बोर्ड की बैठक में मेंटेनेंस और रखरखाव को लेकर वार्ड पार्षदों ने आवाज भी उठाई थी. अब फिर 21 दिसंबर को नगर निगम बोर्ड की बैठक होनी है। इस बैठक में स्ट्रीट लाइट पर विशेष रूप से विचार विमर्श किया जाएगा। वार्ड पार्षदों ने कहा : नई लाइट लगे, पुराने का हो मेंटेनेंस वार्ड नंबर 8 के वार्ड पार्षद सम्राट सक्सेना ने कहा कि हमारे वार्ड में चारों तरफ 150 लाईट लगे है, इनमें से 30 नहीं जलता एवं 30 पीला पड़कर खराब हो चुके है।

## महाकुंभ के लिए बक्सर से होकर 3 जोड़ी ट्रेन चलेगी



निज संवाददाता। बक्सर

◆ **प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक लगेगा महाकुंभ मेला, जानें ट्रेनों का शेड्यूल**

प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक होने वाले महाकुंभ मेला 2025 में लाखों श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना है। पूर्व मध्य रेल द्वारा कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। जिसको लेकर दानापुर रेल मंडल ने भी विशेष तैयारी की है। बक्सर से होकर महाकुंभ मेले के लिए तीन जोड़ी कुंभ मेला स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। इसकी जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने दी। गाड़ी संख्या 01217 नागपुर-दानापुर कुंभ मेला स्पेशल 26 जनवरी, 05, 09 एवं 23 फरवरी को नागपुर से 10:00 बजे खुलकर अगले दिन 02:35 बजे प्रयागराज छिवकी रुकते हुए डीडीयू, बक्सर होते हुए 09:00 बजे आरा रुकते हुए 11:00 बजे दानापुर पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 01218 दानापुर-नागपुर कुंभ मेला स्पेशल 27 जनवरी, 06, 10 एवं 24 फरवरी, को दानापुर से 16:00 बजे खुलकर 17:00 बजे आरा ,बक्सर, डीडीयू व 23:20 बजे प्रयागराज छिवकी रूकते हुए अगले दिन 19:30 बजे नागपुर पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 09019 वलसाड-दानापुर महाकुंभ मेला स्पेशल जनवरी में 08, 17, 21, 25, फरवरी में 08, 15, 19 एवं 26 को वलसाड से 08:40 बजे खुलकर अगले दिन 10:25 बजे प्रयागराज छिवकी रुकते हुए डीडीयू, बक्सर, 17:00 बजे आरा रुकते हुए 18:00 बजे दानापुर पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 09020 दानापुर-वलसाड महाकुंभ मेला स्पेशल जनवरी में 09, 18, 22, 26, फरवरी में 09, 16, 20 एवं 27 को दानापुर से 23:30बजे खुलकर अगले दिन 00:28 बजे आरा से होते हुए बक्सर, डीडीयू के रास्ते 05:50 बजे प्रयागराज छिवकी रुकते हुए अगले दिन 09:30 बजे वलसाड पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 06207 मैसूर-दानापुर स्पेशल 18 जनवरी, 15 फरवरी एवं 01 मार्च शनिवार को मैसूर से 16:30 बजे खुलकर मंगलवार को 01:45 बजे प्रयागराज छिवकी रुकते हुए डीडीयू, बक्सर, 08:45 बजे आरा रुकते हुए 10:00 बजे दानापुर पहुंचेगी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### बीरेंद्र दास को मिला टॉप इंडियन एजुकेटर अवार्ड

**भागलपुर**। दार्जिलिंग में सीकेएनकेएच उड़ान उत्सव में बुधवार को डायट भागलपुर के शिक्षक सम्मानित किये गये हैं। विद्यासागर कॉलेज ऑफ एजुकेशन सीकेएनकेएच फाउंडेशन शिक्षा विभाग, रानिदंगा यशोदा एजुकेशनल सोसाइटी और एसआर एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के द्वारा टॉप 100 इंडियन एजुकेटर ऑफ द ईयर सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर बिहार से डायट भागलपुर के व्याख्याता राकेश कुमार बीरेंद्र दास का साक्षात्कार कर उनका चयन किया गया। राकेश कुमार और वीरेंद्र दास ने अपने लेक्चर के माध्यम से शिक्षा के जगत में विभिन्न कार्यों से रूबरू कराया।

### अधिवक्ताओं ने उप मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**भागलपुर**। भागलपुर व्यवहार न्यायालय के अधिवक्ताओं ने गुरुवार को उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को ज्ञापन देकर अपनी हटाई गई झोपड़ियों को फिर से लगाने की मांग की है। अधिवक्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम लिखा ज्ञापन उप मुख्यमंत्री को दिया है। अधिवक्ताओं ने इसमें कहा है कि कचहरी कैंपस में वे लोग करीब 40 वर्षों से सड़क के किनारे झोपड़ियों में अस्थायी रूप से बैठते रहे हैं। लेकिन बीते 14 दिसंबर को नगर निगम की अतिक्रमण शाखा ने झोपड़ियां हटा दी, जो झोपड़ियां किसी कारण बच गई उन्हें भी दो-तीन दिनों में हटा लेने को कहा गया है, जबकि उनके बैठने के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था भी नहीं की गई है।

### अब 24 दिसंबर को स्थायी समिति में होगा मंथन

**भागलपुर**। नगर निगम में 21 दिसंबर को होने वाली सशक्त स्थायी समिति की बैठक अब 24 दिसंबर को होगी। इस संबंध में मेयर डॉ. बसुंधरा लाल ने नगर आयुक्त को पत्र भेजा है। दरअसल, नगर आयुक्त ने कई वजह बताकर 21 दिसंबर की बैठक को स्थगित करने का अनुरोध मेयर से किया था। इसके बाद मेयर ने 24 दिसंबर तय कर दिया है।

### बैंक के बड़े बकायेदारों के खिलाफ कुर्की-जब्ती की कार्रवाई तेज हुई

**भागलपुर**। भागलपुर बैंक लोन के बाद राशि वापस नहीं करने वाले बड़े बकायेदारों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी गई है। मांग वसूली अधिनियम के तहत बैंकों के बड़े बकायेदारों के खिलाफ दायर नीलाम पत्र केसों के निपटारे के लिए कार्रवाई तेज कर दी गई है। इसके तहत भागलपुर पुलिस जिले के मधुसूदनपुर थाना ने एक, मोजाहिदपुर थाना ने तीन, बरगंज थाना ने 6 और हबीबपुर थाना ने एक बड़े बकायेदार के खिलाफ कुर्की-जब्ती और गिरफ्तारी की कार्रवाई की है। वहीं, नवगछिया पुलिस जिला के तहत इस्माइलपुर थाना ने 2, खरीक थाना ने 15, नवगछिया थाना ने 1, भवानीपुर थाना ने 2 बैंक के बड़े बकायदार के खिलाफ कुर्की-जब्ती और गिरफ्तारी की कार्रवाई की गई है। साथ ही, जिले के तहत दायर नीलाम पत्र वाद के बड़े बकायेदारों को नोटिस जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि लोक मांग की वसूली के लिए गिरफ्तारी वारंट और कुर्की जब्ती की कार्रवाई से बचने व अपनी प्रतिष्ठा धूमिल होने से बचाने के लिए संबंधित बैंक और सरकारी विभाग की पेंडिंग बकाया राशि को सप्ताहभर के अंदर वापस करें, नहीं तो आगे कार्रवाई की जाएगी।

### मानसिक तौर पर मरीज कैसे तैयार हो, यह भी आवश्यक हैः डॉ. राकेश

**भागलपुर**। मायागंज अस्पताल के स्त्री रोग व प्रसव समेत शिशु रोग विभाग में दो दिवसीय ट्रेनिंग की शुरुआत गुरुवार को हुई। इस दौरान बांका जिला अस्पताल के चिकित्सकों को मरीजों के मानसिक विकास को लेकर टिप्स दिए गए। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि मानसिक तौर पर मरीज कैसे तैयार हो, यह भी ध्यान देना जरुरी है। अधीक्षक डॉ. केके सिन्हा ने कहा कि हमारे और आपके प्रयास से ही इसमें सफलता मिल सकती है। यह एक टीम वर्क है, इसलिए सहयोगी की भूमिका में हर कोई रहें। पीएचएफआई से डॉ. दिलीप ने डॉक्टरों को बताया कि जिला अस्पतालों में सुरक्षित प्रसव व नवजात की सुरक्षा होने से मेडिकल कॉलेज व अस्पताल पर मरीजों का दबाव घटेगा। प्रसव के दौरान अधिक ब्लीडिंग होने या प्रसव में परेशानी हो तो सर्जरी करें। जरूरत पड़ने पर मेडिकल कॉलेज व अस्पताल के चिकित्सकों से भी संपर्क करें। रेफर की पूर्व सूचना दें। इससे मरीज के इलाज की तैयारी रहेगी। इस पहल से शिशु व मातृ मृत्यु दर में कमी आयेगी। कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार, अधीक्षक डॉ. केके सिन्हा, सिविल सर्जन बांका डॉ. अनिता कुमारी, स्त्री रोग के एचओडी डॉ. अनुपमा सिन्हा, एसोसिएट प्रो. डॉ. अर्चना झा, शिशु के एचओडी डॉ. अंकुर प्रियदर्शी, डॉ. सतीश कुमार, डॉ. गणेश, पीएचएफआई से डॉ. दिलीप एवं डॉ. प्रमोद सहित बांका सदर अस्पताल से आए हुए चिकित्सक मौजूद रहे।

### सुशासन सप्ताह पर पंचायतों में लगेंगे कैंप

**मुंगेर**। जिला लोक शिकायत पदाधिकारी अनिल कुमार झा ने बताया कि प्रशासनिक सुधार व लोक शिकायत विभाग भारत सरकार के द्वारा 19 से 24 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव की ओर के रूप में आयोजित होगा। इस अभियान का उद्देश्य केंद्र व राज्य सरकार के विभागों के सक्रिय भागीदारी व समर्थन से सुशासन को सुदृढ़ करना है। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए पंचायत में विशेष कैंप का आयोजन करना है, जिसमें आवेदक का परिवाद प्राप्त कर उनके शिकायत का निवारण करना व उन्हें देय सेवा में सुधार करना है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में जिला स्तर पर 23 दिसंबर को एक कार्यशाला आयोजित की जाएगी।

### रजिस्ट्रार का झूठ- गिरिजेश ने कहा था... सभी फाइलें जला दी गई थीं!



**भागलपुर**। शिक्षकों के प्रमोशन की जो फाइलें कूड़े के ढेर में फेंक दी गई थीं, उन्हें टीएमबीयू के लोगों ने गायब कर दिया है। 2012 में मिले प्रमोशन में गड़बड़ी की जांच के लिए जो डॉक्यूमेंट विजिलेंस ने मांगा था, वह नहीं मिला तो तत्कालीन रजिस्ट्रार गिरिजेश नंदन कुमार को प्रमोशन से जुड़ी कर्र्ई फाइलें कूड़े के ढेर में फेंकी मिली थीं। इसमें 2015-16 में हुए प्रमोशन की फाइलें भी थीं। 2015-16 के प्रमोशन में भी गड़बड़ी हुई थी, जिसकी जांच अब तक नहीं हुई। अब इन फाइलों को लेकर टीएमबीयू के रजिस्ट्रार प्रो. रामाशीष पूर्वे ने कहा कि कूड़े के ढेर में मिली फाइलें जला दी गर्इ थीं। दोषियों के बचाव में उतरे प्रो. पूर्वे ने इस झूठ का सहारा लेते हुए कहा कि गिरिजेश जी (गिरिजेश नंदन कुमार) ने खुद कहा है कि कूड़े के ढेर में मिली सभी फाइलें जला दी गईं। यानी वे फाइलें हैं ही नहीं। उनके इस झूठ पर गिरिजेश नंदन कुमार ने कहा कि पूर्वे गलत बोल रहे हैं। उन्होंने यह कभी नहीं कहा कि सभी फाइलें जला दी गर्इ थीं। एक-दो फाइलें ही जली हुई थीं और कुछ फाइलें पानी में गल गर्इ थीं। बाकी फाइलें वहीं कूड़े के ढेर में थीं। चूंकि मामला विजिलेंस का था, इसलिए उन्होंने फाइलों को वहां से हटवाया नहीं था। कुलपति को भी सब पता है। कहा कि उन्होंने कुलपति से जांच कराने की मांग की थी। जांच हो जाती तो फाइलों को रखने के लिए कमरा भी तैयार कराया जा रहा था जो बाद में लोकपाल के लिए तय कर दिया गया था।

# प्राथमिकता सूची वाले कार्यों को जल्द निपटाने के निर्देश

## डीएम ने की लंबित काम की समीक्षा, योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करने के आदेश

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर के डीएम कार्यालय में शुक्रवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डीएम नवल किशोर चौधरी ने किया। जिला और अनुमंडल स्तरीय पदाधिकारीयों की प्राथमिकता सूची वाले लंबित कार्यों के निष्पादन की स्थिति को लेकर समीक्षा की गई। बैठक में सामान्य प्रशाखा, राजस्व शाखा, ग्रामीण विकास, विधि प्रशाखा, आपूर्ति प्रशाखा, सामाजिक सुरक्षा, निर्वाचन बाल विकास परियोजना, समाज कल्याण, भू अर्जन, परिवहन, योजना, अल्पसंख्यक कल्याण, जिला नजारत, उद्योग, आपदा प्रबंधन से संबंधित प्राथमिकता सूची वाले कार्यों के लंबित कार्यों की समीक्षा बारी- बारी से की गई। जिलाधिकारी ने भागलपुर जिले को कुपोषण मुक्त करने को लेकर चलाए गए अभियान मिशन केयर 45 की उपलब्धियां से संबंधित रिपोर्ट को राज्यस्तर पर भेजने के लिए जिला प्रोग्राम पदाधिकारी को निर्देशित किया है।

**लाभुकों का आधार सत्यापन कार्य अंतिम चरण में हैः** सामाजिक सुरक्षा के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के लाभ प्राप्त करने और लोगों को जागरूक करने के लिए सभी मुखिया को पत्र प्रेषित करने का निर्देशित किया गया। ताकि वे जान सकें विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए लाभुकों को क्या-क्या करना है? किस तरह से आवेदन करना है? बैठक में एनएच के कार्यपालक अभियंता ने बताया कि एनएच-80 भागलपुर- कहलगांव पथ में अवशेष 400 मीटर की ढलाई कार्य किया जा चुका है।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि राशन कार्ड के लाभुकों का आधार सत्यापन कार्य अंतिम चरण में है। जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा।

इधर, जिलाधिकारी ने सभी विभागों के जिलास्तरीय पदाधिकारी को प्रत्येक दिन अपनी प्राथमिकता सूची वाले कार्यों को जल्द निष्पादन करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी नवगछिया, अपर समाहर्ता (राजस्व), अपर समाहर्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी और सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जांच के नाम पर मारपीट करने का पुलिस पर आरोप

निज संवाददाता। भागलपुर



♦ पीड़ित बोले- बेल का कागज मांगा, गालियां दी और करने लगे पिटाई, पत्नी ने छुड़ाया तो उसे भी नहीं छोड़ा

नाथनगर थाना क्षेत्र के मथुरापुर गांव में जमीन विवाद में मारपीट के मामले की जांच के लिए पहुंची पुलिस पर मारपीट का आरोप लगा है। पीड़ित परिवार ने बताया कि गुरुवार शाम करीब साढ़े सात बजे पुलिस पहुंची थी और 8 महीने पहले दर्ज मामले के बारे में पूछताछ करने लगी। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने गालियां भी दीं। पीड़ित प्रकाश पासवान ने कहा कि पुलिस ने जमानत की कॉपी मांगी, तो मैंने कहा कि वो धनंजय पासवान के पास है। इस पर पुलिस ने धनंजय को बुलाया और फिर दोनों की लाठी-डंडों और लात-घूंसों से पिटाई करनी शुरू कर दी। वहीं मौजूद धनंजय की पत्नी ने पुलिस को रोकने की कोशिश की, तो उसे भी पीटा गया।

धनंजय के बड़े भाई हीरामन पासवान ने बताया कि 2021 से 20 डिसमिल जमीन का विवाद शंकर मंडल, मंटू मंडल, भाकुल मंडल और चंदन मंडल से चल रहा है। इसी साल मारपीट में 12 लोगों पर केस हुआ था, जिसमें न्यायालय से बेल मिल गया। अब पुलिस ने विरोधी पक्ष के कहने पर हमलोगों की पिटाई की। धनंजय पासवान की हालत गंभीर बनी है। नाथनगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन सिंह ने पिटाई के आरोप को गलत बताया है। कहा- मामले की जांच के लिए टीम गई थी।

### मुंगेर में 63 पुलिस अधिकारी का हुआ प्रमोशन

**मुंगेर**। मुंगेर पुलिस लाइन में आज एक आयोजित कार्यक्रम के तहत प्रोन्नति पाने वाले पुलिस अधिकारी को बैच लगाकर एसपी और एएसपी ने सम्मानित किया । प्रोन्नति पाने वालों में 63 पुलिस अधिकारियों को एसपी सैयद इमरान मसूद ने बैच लगाया। इस मौके पर प्रोन्नति पाने वाले पुलिस अवर निरीक्षक की संख्या 3, हवलदार से प्रारक्ष अवर निरीक्षक में प्रोन्नति पाने वाले अधिकारियों की संख्या 8 और पीटीसी से एएसआई पद पर प्रोन्नति पाने वाले 38 अधिकारी है। पुलिस लाइन में प्रोन्नति पाने वाले अधिकारियों से कहा कि जो पुलिस अधिकारी को जिस पद पर प्रोन्नति मिला है।


**पूर्व मध्य रेल**

**रेल यात्री बन्धुओं के लिए आवश्यक सूचना**



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यात्रियों की अत्यधिक भीड़ के मद्देनजर निम्नलिखित स्पेशल गाड़ियों के परिचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत है:

**1. 09819/09820 सोगरिया–दानापुर–सोगरिया एक्सप्रेस स्पेशल**

समय एवं ठहराव

| 09819 सोगरिया–दानापुर | | | 09820 दानापुर–सोगरिया | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 12.45 | सोगरिया | 11.00 | --- |
| 10.00 | --- | दानापुर | --- | 12.45 |

**ठहराव :** बाराँ, रूठियाई, गुना, महादेवखेड़ी, सागर, दमोह, कटनी मुड़वारा, मैहर,सतना, मानीकपुर, प्रयागराज छिवकी, विन्ध्याचल, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा।

**परिचालन का दिन एवं तिथि : 09819** सोगरिया से (सोमवार) – 06.01.2025 से अगले आदेश तक (दिनांक 13.01.25, 27.01.25, 03.02.25, 10.02.25 एवं 24.02.25 को छोड़कर)। **09820** दानापुर से (मंगलवार) – 07.01.2025 से अगले आदेश तक (दिनांक 14.01.25, 28.01.25, 04.02.25, 11.02.25 एवं 25.02.25 को छोड़कर)। **संरचना :** एसी 3 टीयर–15

**2. 08057/08058 टाटानगर–टूण्डला–टाटानगर कुंभ मेला स्पेशल**

समय एवं ठहराव

| 08057 टाटानगर–टूण्डला | | | 08058 टूण्डला–टाटानगर | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 20.55 | टाटानगर | 23.55 | --- |
| 19.20 | --- | टूण्डला | --- | 03.00 |

**ठहराव :** चाण्डिल, पुरूलिया, भोजूडीह, गोमोह, गया, सासाराम, चन्दौली मझवार, पं. दीन दयाल उपाध्याय, मिर्जापुर, प्रयागराज जं., फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा

**परिचालन का दिन एवं तिथि : 08057** टाटानगर से (रविवार) – 09.01.25 को। **08058** टूण्डला से (मंगलवार) – 21.01.25 को।

**संरचना :** सामान्य–04, शयनयान–10, एसी 3 टीयर–03, एसी 2 टीयर–01

**3. 08067/08068 राँची–टूण्डला–राँची कुंभ मेला स्पेशल**

समय एवं ठहराव

| 08067 राँची–टूण्डला | | | 08068 टूण्डला–राँची | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 10.30 | राँची | 15.50 | --- |
| 06.30 | --- | टूण्डला | --- | 16.20 |

**ठहराव :** मूरी, बोकारो स्टील सिटी, गोमोह, गया, सासाराम, चन्दौली मझवार, पं. दीन दयाल उपाध्याय, मिर्जापुर, प्रयागराज जं., फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा

**परिचालन का दिन एवं तिथि : 08067** राँची से (रविवार) – 19.01.25 को। **08068** टूण्डला से (सोमवार) – 20.01.25 को। **संरचना :** सामान्य–08, एसी 3 टीयर ईकोनोमी–04, एसी 3 टीयर–03, एसी 2 टीयर–01, पावरकार–01

विस्तृत जानकारी के लिए – **www.enquiry.indianrail.gov.in/NTES APP**

**पीआर/01746/एचक्यू/परि./एन/24–25/133 मुख्य यात्री परिचालन प्रबंधक/पूमरे/हाजीपुर**



**पूर्व मध्य रेल**

**ई–ऑक्शन सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं॰ दीन दयाल उपध्याय मंडल द्वारा निम्न वर्णित पार्किंग स्टैंडो के संचालन हेतु ई–नीलामी आमन्त्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न है :–

| 1 | कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधी | ई–नीलामी लॉट संख्या | ई–नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| AA/1 | भभुआ रोड रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित चार पहिया वाहन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षों के लिए। | PARKING DDU-BBU FW-42-22-1 | ई–नीलामी दिनांक 01.01.2025 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:30 बजे बंद होगी |
| AB/1 | अनुग्रह नारायण रोड रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित दो पहिया वाहन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षों के लिए। | PARKING DDU-AUBR TW-41-23-1 | ई–नीलामी दिनांक 01.01.2025 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:40 बजे बंद होगी |
| AC/1 | सासाराम रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया (मोहम्मदीगंज साइड) में स्थित मिक्स (दो पहिया एवं चार पहिया वाहन) पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षों के लिए। | PARKING DDU-SSM MX-49-22-3 | ई–नीलामी दिनांक 01.01.2025 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:50 बजे बंद होगी |
| AC/2 | गुरारू रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित मिक्स (दो, तीन एवं चार पहिया वाहन) पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षों के लिए। | PARKING DDU-GRRU MX-40-23-1 | ई–नीलामी दिनांक 01.01.2025 को 12:00 बजे शुरू होगी और 13:00 बजे बंद होगी |
| AD/1 | अन्कोरहा रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित तीन पहिया वाहन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षों के लिए। | PARKING DDU-ANH RW-36-22-1 | ई–नीलामी दिनांक 01.01.2025 को 12:00 बजे शुरू होगी और 13:10 बजे बंद होगी |

**ई–नीलामी कैटेलॉग संख्या :** Park-DDU-25-01

2. वेबसाईअ का पता जहाँ ई–नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है : www.ireps.gov.in (E-auction Leasing)

मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)/ पूमरे/पं॰ दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/01725/एचक्यू/भंडार/एन/24–25/72



**पूर्व मध्य रेल**

**ई–नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं0 दीन दयाल उपध्याय मंडल द्वारा पं0 दीन दयाल उपध्याय स्टेशन पर पर दो पहिया वाहनों और अन्य पार्सल पैकेज की पैकेजिंग के लिए कीओस्क के संचालन और रखरखाव हेतु ई–नीलामी आमन्त्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न है:–

**1. AA/1,** कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : पंडित दीन दयाल उपाध्याय स्टेशन पर दो पहिया वाहनों और अन्य पार्सल पैकेज की पैकेजिंग के लिए कीओस्क का संचालन और रखरखाव 03 वर्षो के लिए। ई–नीलामी कैटेलॉग संख्या : MSS-DDU-25-01 ई–नीलामी लॉट संख्या : MSS-DDU-DDU-TWnOPS-10-24-1. ई–नीलामी की तिथि एवं समय : ई–नीलामी दिनांक 01.01.2025 को 10:00 बजे शुरू होगी और 10:30 बजे बंद होगी।

2. वेबसाइट का पता जहाँ ई – नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है : www.ireps.gov.in (E-auction Leasing)

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/ पूमरे/पं दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/01721/डीडीयू/वा./एन/24–25/32



**पूर्व मध्य रेल**

**ई–नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं0 दीन दयाल उपध्याय मंडल द्वारा मंडल के विभिन्न स्टेशन पर नीचे उल्लेखित कार्य हेतु ई–नीलामी आमन्त्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न है:–

**1. AA/1,** कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : पं दीन दयाल उपाध्याय मंडल के 43 स्टेशनों के अन्दर के छेत्र में बोर्ड, साइन बोर्ड मीडिया के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार/विज्ञापन प्रदर्शित करने का अधिकार आर डी एन के तहत पाँच वर्षो (1826 दिनों) के लिए। ई–नीलामी कैटेलॉग संख्या : ADVT-DDU-25-01 ई–नीलामी लॉट संख्या : ADVT-DDU-GAYA-OSN- 8-23-3, ई–नीलामी की तिथि एवं समय : ई–नीलामी दिनांक 01.01.2025 को 15:00 बजे शुरू होगी और 15:30 बजे बंद होगी।

2. वेबसाइट का पता जहाँ ई – नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है :www.ireps.gov.in (E-auction Leasing)

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/ पूमरे/पं दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/01719/एच.क्यू./वा./एन/24–25/28



**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सूचना सं.: ओ–एसी–टी–153, 175 एवं 179 से 181–24–25 (खुली), दिनांक 18.12.2024,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई–निविदाएँ (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं. 1, केस सं.** : ओ–एसी–टी–175–24–25, **कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल के अधीन आसनसोल (एएसएन), पानागढ़ (पीएएन), पाण्डवेश्वर (पीएडब्ल्यू), कालीपहाड़ी (केपीके), दुर्गापुर (डीजीआर), तापसी (टीओपी) आदि के प्लेटफॉर्म में पाइपलाइन एवं सहायक कार्यों के साथ आरसीसी ओएच टैंकों द्वारा क्षतिग्रस्त टैंकों की बदली के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 6,86,39,847.76, **बयाना राशि :** रु. 4,93,200/–, **क्रम सं. 2, केस सं.** : ओ–एसी–टी–153–24–25, **कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल में मधुपुर, बासुकीनाथ, बैद्यनाथधाम, देवघर, भलुआ, धनपतडीह, गिरिडीह, घोरमारा, जगदीशपुर, जामताड़ा, जोरामऊ, कुमड़ाबाद रोहिणी, कृष्ण बल्लभ सहाय हॉल्ट, ककबारा, महेशमुंडा, मदनकट्टा, मथुरापुर, नरगंजो, आरजे और पानागढ़ स्टेशनों में दिव्यांगजन हेतु न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु.6,01,46,942.06, **बयाना राशि :** रु. 4,50,700/–, **क्रम सं. 3, केस सं.** : ओ–एसी–टी–179–24–25, **कार्य का नाम:** वरिष्ठ डीईएन/2/आसनसोल के अधीन प्रतिस्थापन के आधार पर बैद्यनाथधाम कॉलोनी में इंजीनियरिंग, रनिंग, ऑपरेटिंग एवं एस एंड डी स्टाफ हेतु 8 यूनिट टाइप–II क्वार्टरों के निर्माण के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 1,90,12,360.44, **बयाना राशि :** रु. 2,45,100/–, **क्रम सं. 4, केस सं.** : ओ–एसी–टी–180–24–25, **कार्य का नाम:** वरिष्ठ डीईएन/2/आसनसोल के अधीन कोचिंग डिपो मधुपुर में शंटिंग नेक के प्रावधान के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 2,11,05,119.46, **बयाना राशि :** रु. 2,55,500/–, **क्रम सं. 5, केस सं.** : ओ–एसी–टी–181–24–25, **कार्य का नाम:** वरिष्ठ डीईएन/1/आसनसोल के अधीन 16बीएन/आरपीएसएफ/आसनसोल में संलग्न शौचालय/स्नानघर, रसोईघर आदि के साथ पूर्ण रूप से सज्जित 50 बेड (डबल बेड रूम) स्टाफ बैरक के निर्माण के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 1,89,78,725.64, **बयाना राशि :** रु. 2,44,900/–, **कार्य की समापन अवधि:** क्रम सं. 1 के लिए 18 माह और क्रम सं. 2 से 5 प्रत्येक के लिए 12 माह। **अंतिम तिथि और समय:** क्रम सं. 1 से 5 प्रत्येक के लिए दिनांक 13.01.2025 को 12.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है। ASN-278/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. एसजी.निविदा/डीएसटीई/एसडीएएच/521, दिनांक 19.12.2024,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम ऑफिस, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता–700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: **ई–निविदा सं. : एसडीएसटीई/टेली/टी/16/24–25/आरआरएसके। कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** डीआरएम मीटिंग रूम सियालदह में कॉन्फ्रेंस सिस्टम का विस्तार। **निविदा मूल्य :** रु.67,35,189.25, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति जमा की जाएगी :** रु.1,34,700/–, **कार्य की समापन अवधि:** 03 माह। **निविदा जमा देने की प्रारंभिक तिथि:** 31.12.2024, **निविदा जमा देने की अंतिम तिथि:** 14.01.2025 को 14.00 बजे तक। **निविदा बोली के खोलने की तिथि:** 14.01.2025 को 14.30 बजे। विवरण **www.ireps.gov.in** से देखा जा सकता है। **तकनीकी पात्रता मानदंड:** निविदाकार ने निविदा आमंत्रण से पूर्व महीने के अंतिम दिन को समाप्त, पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य का सफलतापूर्वक पूरा या पर्याप्त रूप से निष्पादन किया है: (i) तीन समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की समान राशि से कम न हो, या (ii) दो समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की समान राशि से कम न हो, या (iii) एक समरूप कार्य जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की समान राशि से कम न हो। **वित्तीय पात्रता मानदंड:** निविदाकार का न्यूनतम औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार V/N या 'V' होना चाहिए, जो भी कम हो, जहाँ V = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, N = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियाँ आमंत्रित की गई हैं। औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना लेखापरीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्तीय वर्षों में "कुल ठेकाजनित भुगतान" के औसत के रूप में की जाएगी। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन–पत्र अभी तैयार किया जाना है/लेखापरीक्षित नहीं है, तो औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलन–पत्र को विचार में लिया जाएगा। निविदाकार जीसीसी 2022 के अनेक्सर–VIबी (मौजूदा निविदा कागजात का फॉर्म–6) के अनुसार आवश्यक जानकारी के साथ सनदी लेखापाल द्वारा यथा प्रमाणित लेखापरीक्षित तुलन पत्र की प्रतियाँ/लेखापरीक्षित तुलन पत्र द्वारा यथा समर्थित सनदी लेखापाल से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। **जमा किए जाने वाले अन्य कागजात:** निविदा कागजात में उल्लिखित अनुसार। **समरूप कार्य की प्रकृति:** एमआईएस/एलएएन/डब्ल्यूएएन/हेल्पलाइन/यूटीएस/पीआरएस/एफओआईएस/वैल्यू एडेड इन्क्वायरी सिस्टम/वीडियो इन्क्वायरी सिस्टम/डेटा कनेक्टिविटी/डेटाकॉम इक्विपमेंट/वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग/वायरलेस कम्यूनिकेशन/सिक्योर्ड कम्यूनिकेशन/वाई–फाई के प्रावधान से संलग्न कोई टेलीकम कार्य/कम्प्यूटर आधारित इन्क्वायरी सिस्टम से संलग्न टेलीकम कार्य को मौजूदा निविदा कार्य के लिए समरूप प्रकृति के कार्य के रूप में विवेचित किया जाएगा। **टिप्पणी:** निविदाकार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा कागजात में उल्लिखित पात्रता मानदंड को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में कागजात प्रस्तुत करेंगे। निविदाकार द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रमाण पत्रों के समर्थन में कागजातों/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपि का प्रत्येक पृष्ठ निविदाकार या निविदाकारी फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्व–सत्यापित/डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित होगा। स्व–सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर और तिथि (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होंगे। SDAH-283/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई–एएलटी–बीडब्ल्यूएनआरआरआई–24–25, दिनांक: 19.12.2024,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निविदा सं.: एसडीएसटीई–एएलटी–बीडब्ल्यूएनआरआरआई–24–25 के प्रतिपक्ष निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल के हाई डेंसिटी नेटवर्क (एचडीएन) रूट में ट्रैफिक सुविधा कार्य के संबंध में बर्द्धमान–रूट रिले इंटरलॉकिंग का परिवर्तन। **बोली प्रणाली** : दो पैकेट। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 17,82,72,789.12, **बयाना राशि:** रु. 10,41,400/–, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00, **समापन अवधि:** 270 दिन। **प्रस्ताव की वैधता :** 90 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** अभी तक प्रकाशित नहीं हुआ। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** दिनांक 30.12.2024, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 13.01.2025 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। HWH-500/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सूचना सं.: ईएलडी–300–डब्ल्यूसी–22–2024–25, दिनांक 18.12.2024,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/कर्षण वितरण, सियालदह, पूर्व रेलवे, कंट्रोल बिल्डिंग, प्रथम तल, डीआरएम कार्यालय, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता–700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं. : ईएलडी–300–डब्ल्यूसी–22–2024–25, कार्य का नाम** : "सियालदह–बारुईपुर जं.–सियालदह–बारुईपुर शाखा में ओएचई का पुनःस्थापन" के सिलसिले में 25 केवी ओएचई और संबंधित विद्युत कार्य। **निविदा मूल्य :** रु.22,65,54,127/–, **निविदा कागजात का मूल्य:** शून्य। **बयाना राशि :** रु.12,82,800/–, **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 24 (चौबीस) माह। **अंतिम तिथि :** दिनांक 20.01.2025 को 15.00 बजे। निविदा सूचना एवं समय–समय पर जारी संशोधनी का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। SDAH-281/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**एनआईटी सं.: 291_2024-25, दिनांक 18.12.2024,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा–711101 (वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के क्षेत्रधिकार हेतु) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/ सीपीडब्ल्यूडी/ एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई–निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **कार्य का विवरण** : एईएन/बैण्डेल के कार्यक्षेत्र में नैहाटी–बैण्डेल के बीच बहु स्पैन आर्च ब्रिज नं. 6 का आरसीसी जैकेटिंग के संचालन एवं अन्य मरम्मत कार्य द्वारा सुदृढ़ीकरण। **अनुमानित मूल्य :** रु. 3,21,45,555.47, **बयाना राशि:** रु. 3,10,700/–, **निविदा प्रपत्र का मूल्य** : शून्य। **समापन अवधि :** 12 (बारह) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 07.01.2025 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। **ईएमडी और टीडीसी का भुगतान**–ई–निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा। HWH-496/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार म्यूजियम पहुंची अमेरिका गई मिथिला पेंटिंग, कंजर्वेशन शुरू

**पटना, एजेंसी।** बिहार के नामचीन कलाकारों की ओर से बनायी गयी 113 मधुबनी पेंटिंग बिहार संग्रहालय आ चुकी है. 60 वर्ष पहले यह पेंटिंग बिहार से अमेरिका की संस्था एथनिक आर्ट्स फाउंडेशन के पास गई थी. यह सारी पेंटिंग्स एक बार फिर से बिहार संग्रहालय पहुंच गई है. यह पेंटिंग अपने आप में खास है, क्योंकि यह 1960-1980 के दशक के कलाकारों ने बनायी गयी थी. बिहार म्यूजियम पूरे देश में ऐसा संग्रहालय बन गया है, जिसके पास मिथिला पेंटिंग का इतना बड़ा कलेक्शन है.

अभी इसके कंजर्वेशन पर काम शुरू हो चुका है. यहां पहले से रीजनल गैलरी में छह से ज्यादा पेंटिंग्स मौजूद है. अमेरिका से आये इन पेंटिंग्स में कलाकार कृष्णकांत झा, जमुना देवी, चानो देवी, उत्तम पासवान, संतोष कुमार दास, रजनी, बिमला दत्त, जोगमाया देवी, रंजीत पासवान, अमृता झा, हीरा देवी, ललिता देवी, शशिकला देव, कर्पूरी देवी जैसे कलाकारों की दुर्लभ पेंटिंग्स मौजूद है. संग्रहालय की पहल पर आयी पेंटिंग्स अमेरिका के रेमंड ली वोएन्स ने इस संस्था की स्थापना 1970 में की थी.

इसका मकसद मिथिला चित्रकला और कलाकारों के गुणवत्ता के साथ आर्थिक समृद्धि में योगदान देना था. 1977 में वोएन्स भारत आये और मधुबनी के कलाकारों से मिलकर उनकी बनायी सैकड़ों पेंटिंग अमेरिका लेकर चले गये. जहां उन्होंने इस कला को बढ़ावा देने के लिए वहां कई एग्जीबिशन लगाये और इस कला का प्रसार-प्रचार किया. पर वर्ष 2000 में वोएंन्स की मृत्यु के बाद कमेटी की ओर से संस्था चलाया जा रहा था.

### बिहार में एसटीएफ की बड़ी कार्रवाई, अवैध हथियार के साथ दो तस्करों को दबोचा

**पटना, एजेंसी।** बिहार के नालंदा जिले में बीती रात बोधगया एसटीएफ ने भारी मात्रा में अवैध हथियारों और कारतूसों के साथ दो हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राजेश कुमार और मोहम्मद नौशाद खान के रूप में की गई है. राजेश कुमार दीपनगर थाना क्षेत्र के जोरारपुर गांव का रहने वाला बताया जा रहा है. जबकि नौशाद खान मानपुर थाना क्षेत्र के पलटपुरा गांव का निवासी है.

पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई है. बोधगया एसटीएफ के एसआई नरेंद्र कुमार झा के नेतृत्व में टीम गठित कर दीपनगर थाना क्षेत्र के न्यू बाईपास अस्थावां मार्ग से दोनों आरोपियों को दबोचा गया है. आरोपियों के पास से एक एसबीबीएल गन, तीन देसी कट्टे, दो देशी पिस्तौल के साथ-साथ 315 बोर के 150 जिंदा कारतूस और 12 बोर के 30 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं. एसटीएफ को यह सूचना मिली थी कि क्षेत्र में अवैध हथियारों की एक बड़ी खेप आने वाली है. इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए टीम ने डिलीवरी से पहले ही आरोपियों को दबोच लिया. पूछताछ के दौरान यह खुलासा हुआ कि यह गिरोह लंबे समय से बिहार के विभिन्न हिस्सों में अवैध हथियारों की तस्करी कर रहा था. एसटीएफ अब इस हथियार तस्करी के पूरे नेटवर्क को खंगालने में जुटी है. इस संबंध में दीपनगर थाने में मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है.

### बेगूसराय में 2 गुटों के बीच हुई गोलीबारी, सिर में गोली लगने से रास्ते से गुजर बच्ची की मौत

**पटना, एजेंसी।** बिहार के बेगूसराय में गोली लगने से एक 12 साल की बच्ची की मौत हो गई. मटिहानी थाना क्षेत्र के रामदिरी गांव के महाजी टोला में दो पक्षों के झगड़े के दौरान फायरिंग हो रही थी. इसी दौरान बच्ची वहां से गुजर रही थी. गोली बच्ची के सिर से आरपार हो गई, जिससे उसकी मौत हो गई. घटना की सूचना मिलते ही मौके पर मटिहानी थानाध्यक्ष नितेश कुमार दल बल के साथ पहुंचे. दो-तीन और थानों की पुलिस भी पहुंची. सदर एसडीपीओ-01 को भी घटनास्थल पर भेजा गया. एफएसएल की टीम से भी जांच करवाई गई है. घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि गांव के ही अरुण पासवान की 12 वर्षीय बेटी ट्यूशन पढ़कर घर लौट रही थी. महाजी टोला में जब दो पक्षों में वर्चस्व को लेकर गोलीबारी हो रही थी, तो वह इस घटना में शिकार हो गई. गोली लगते ही बच्ची जमीन पर गिर गई. स्थानीय लोग दौड़कर पहुंचे. बच्ची के परिजनों को घटना की सूचना दी।

# बिहार में जल्द 545 नए पदों पर होंगी नियुक्तियां, प्रपोजल को मिल गई हरी झंडी



**पटना, एजेंसी।** 545 नए पदों के सृजन को मंत्रिमंडल से मंजूरी मिल गई है। मंत्रिमंडल के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने बताया कि अल्पसंख्यक कल्याण विभाग में प्रखंड अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी के 459 अतिरिक्त पदों का सृजन किया गया है। इसके साथ ही मंत्रिमंडल की बैठक में कुल 43 प्रस्ताव स्वीकृत किए गए।

अपर मुख्य सचिव ने बताया कि अति विशिष्ट नेत्र विज्ञान केंद्र, राजेंद्र नगर (पटना) के सुगम संचालन के लिए 18 अनुपयोगी पदों को खत्म कर दिया गया है। इसके साथ ही 72 अतिरिक्त पद सृजन की स्वीकृति दी गई है।

आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति के अधीन पूर्व से सृजित छह पदों का प्रत्यर्पण तथा पांच नए पदों के सृजन का प्रस्ताव भी स्वीकृत किया गया है।

इसके अलावा अनुमंडलीय न्यायालय बिरौल में एक जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश के न्यायालय के लिए अराजपत्रित कोटि के नौ पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है।

राज्य के 2500 आंगनबाड़ी केंद्रों को नए भवन मिलेंगे। प्रति भवन निर्माण कार्यों के लिए सरकार 12 लाख रुपये खर्च करेगी। ढाई हजार आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन निर्माण के लिए मंत्रिमंडल ने तीन सौ करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं।

तीन सौ करोड़ रुपये में 255 करोड़ रुपये नाबार्ड से बतौर ऋण लिए जाएंगे, जबकि 45 करोड़ रुपये राज्य मद से खर्च किए जाएंगे। गुरुवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इस प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई।

डॉ. भीमराव आंबेडकर अनुसूचित जाति व जनजाति आवासीय बालिका उच्च विद्यालय के 720 आसन वाले भवन के लिए 46.07 करोड़ रुपये स्वीकृत। अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय सहरसा मौजा बसौना में 560 आवासन वाले अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय के लिए 50.41 करोड़ रुपये स्वीकृत। मौजा ददरी मुंगेर में 560 बेड वाले अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय के लिए 56.80 करोड़ रुपये भी स्वीकृत किए गए हैं।

#### महंगाई भत्ता में सात प्रतिशत की वृद्धि

मंत्रिमंडल ने पंचम केंद्रीय वेतनमान प्राप्त करने वाले कर्मियों और पेंशनरों के महंगाई भत्ता में तीन प्रतिशत, जबकि षष्ठम केंद्रीय वेतनमान प्राप्त कर्मियों पेंशनरों के महंगाई भत्ता में सात प्रतिशत की वृद्धि कर दी है। पंचम वेतनमान प्राप्त करने वाले कर्मियों पेंशनरों को 443 प्रतिशत के स्थान पर 455, जबकि षष्ठम केंद्रीय वेतनमान प्राप्त कर्मियों पेंशनरों को 239 के स्थान पर 246 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा। यह लाभ पहली जुलाई 2024 के प्रभाव से देय होगा।

#### बाढ़ का पानी जलाशयों में होगा हस्तांतरित

गंगा नदी के बाढ़ का पानी दक्षिण बिहार के विभिन्न जलाशयों जैसे मोरबे, बासकुंड, अंजन, गरही, जलकुंड और अन्य जलाशयों में हस्तांतरित किया जाएगा। इस योजना को प्रभावी बनाने के पूर्व इसकी विस्तृत कार्य योजना बनेगी। डीपीआर बनाने के लिए सरकार ने 14.83 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं।

इसी प्रकार किशनगंज में महानंदा नदी पर तैयबपुर के के समीप बराज निर्माण का डीपीआर बनाने के लिए 20.15 करोड़, सीतामढ़ी में बागमती नदी पर ढेंग एवं कटौंझा के समीप बराज निर्माण का डीपीआर बनाने के लिए 25.37 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। मधुबनी के जयनगर में कमला नदी पर निर्मित बियर के बराज में रूपांतरण की योजना भी मंजूर की गई है। इस पर 642 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

### भागलपुर में बीपीएससी शिक्षिका ने स्कूल के ही टीचर पर किया केस, लगाए गंभीर आरोप

**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर में एक बीपीएससी शिक्षिका ने अपने ही स्कूल के एक शिक्षक के ऊपर केस दर्ज करवाया है. मामला पीरपैंती के बाखरपुर पश्चिम स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय का है जहां की प्रभारी हेडमास्टर बीपीएससी के द्वारा नियुक्त की गयी शिक्षिका रीति हैं. जिन्होंने उसी स्कूल के शिक्षक मंटू कुमार मंडल समेत कुछ अज्ञात के ऊपर केस दर्ज कराया है. शिक्षक मंटू पर चेंबर में घुसकर प्रभार सौंपने को लेकर धमकी देने और अभद्र व्यवहार करने समेत लूटपाट करने का भी आरोप लगाया गया है.

पीरपैंती के बाखरपुर पश्चिम स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में विगत कुछ दिनों चल रहे विवाद को लेकर बीपीएससी टीआरई वन की शिक्षिका सह प्रभारी प्रधानाध्यापक रीति ने महिला थाना में केस दर्ज कराया है. बड़ी खंजरपुर निवासी शिक्षिका ने मामले में उसी स्कूल के शिक्षक मंटू कुमार मंडल को नामजद सहित अज्ञात पर केस दर्ज किया है.

इस मामले को लेकर शिकायतकर्ता शिक्षिका ने आरोप लगाया है कि बीते छह दिसंबर को वह अपने चेंबर में थी, तभी मंटू मंडल सहित अज्ञात लोग गाली गलौज और बदतमीजी करते हुए उनके चेंबर में घुस गये. उन्होंने प्रभार सौंपने की धमकी दी और कहा कि प्रभार नहीं सौंपने पर ऐसा हाल करेंगे कि मुंह दिखाने लायक नहीं रहोगी. इस दौरान चेंबर कार्यों का लेखा-जोखा सहित आलमारी में एडमिशन और रजिस्ट्रेशन संबंधित रखे करीब साढ़े तीन लाख रुपये लूट लिये. इसके बाद घसीटते हुए स्कूल से बाहर निकाल के साथ धक्का-मुक्की कर कपड़े फाड़ दिये. शिक्षिका ने इस मामले को लेकर बताया है कि मंटू मंडल सहित अज्ञात लोगों के द्वारा की गयी मारपीट के बाद वह बेहोश हो गयी थी. जिसके बाद उनकी बहन ने उन्हें बचाया. यह घटना दोबारा उनके साथ नौ दिसंबर को भी हुई. घटना से वह इतनी ज्यादा आहत हुई कि उन्होंने अपना मानसिक संतुलन खो दिया. वर्तमान में वह मानसिक रोग विशेषज्ञ से अपना इलाज करवा रही है. इलाज के बाद बेहतर महसूस करने के बाद वह मामले में केस दर्ज कराने के लिये महिला थाना पहुंची.

### पटना के बापू परिसर की रद्द हुई परीक्षा की नई तिथि घोषित, इस दिन होगा एग्जाम

**पटना, एजेंसी।** 13 दिसंबर को बिहार में 70वीं संयुक्त बीपीएससी परीक्षा का आयोजन हुआ था. परीक्षा शुरू होने के कुछ ही देर बाद पटना स्थित बापू परीक्षा सेंटर पर पेपर लीक जैसे आरोप उठाकर छात्र हंगामा करने लगे. छात्रों का आरोप था कि क्वेश्चन पेपर देने में देरी की गति और उतने ही देर में उसे लीक कर दिया गया. लेकिन बीपीएससी के तरफ से ये साफ तौर पर बताया गया था कि क्वेश्चन पेपर कम पड़ गए थे जिसके कारण दूसरे एग्जाम रूम से प्रश्न पत्रों को लाने में देर हुई. इस मामले पर लगातार बिहार में हंगामे हो रहे थे और आखिरकार बीपीएससी ने उस परीक्षा केंद्र के परीक्षा को कैंसल कर दिया. अब उस सेंटर के रि एग्जाम की तिथियां घोषित हो गई हैं. ये परीक्षा अब 4 जनवरी को आयोजित की जाएगी.

परीक्षा रद्द कराने की मांग को लेकर बिहार में अभ्यर्थियों का धरना लगातार जारी है. हजारों अभ्यर्थी पिछले दो दिनों से पटना के गर्दनीबाग में प्रदर्शन कर रहे हैं. उनका कहना है कि जब तक आयोग इस परीक्षा को रद्द कर दोबारा आयोजित करने की घोषणा नहीं करता, तब तक उनका प्रदर्शन जारी रहेगा. इस आंदोलन का नेतृत्व छात्र नेता दिलीप कर रहे हैं. दिलीप का कहना है कि केवल एक परीक्षा केंद्र की परीक्षा रद्द करना उचित नहीं है, बल्कि पूरी परीक्षा को रद्द किया जाना चाहिए. उन्होंने दावा किया कि राज्य के सभी परीक्षा केंद्रों पर गड़बड़ियां हुई हैं, जिन्हें अनदेखा नहीं किया जा सकता. प्रदर्शनकारियों का कहना है कि बीपीएससी चेयरमैन को तत्काल इस्तीफा देना चाहिए. उनका दृढ़ संकल्प है कि जब तक उनकी सभी मांगें पूरी नहीं होतीं, उनका सत्याग्रह जारी रहेगा. प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि बापू सभागार में 12,000 अभ्यर्थियों की परीक्षा स्थगित कर दी गई है. उनका कहना है कि इतनी बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों की परीक्षा रद्द होना, पूरे जिले की परीक्षा को स्थगित करने के बराबर है. उन्होंने चेतावनी दी कि इस निर्णय से पूरे रिजल्ट पर गहरा प्रभाव पड़ेगा और यह निष्पक्षता को नुकसान पहुंचाएगा.

# निकिता ने अतुल सुभाष के खोले डार्क सीक्रेट





**पटना, एजेंसी।** अतुल सुभाष के सुसाइड किए 10 दिन हो चुके हैं. सॉफ्टवेयर इंजीनियर अतुल सुभाष की पत्नी समेत चार लोग इस मामले में पुलिस हिरासत में हैं. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अतुल सुभाष की पत्नी निकिता सिंघानिया ने पुलिस हिरासत में अपने पति के कई डार्क सीक्रेट खोल दिए हैं. निकिता ने पुलिस को दिए अपने बयान में कहा है कि उसे और उसके परिवार को इस केस में बेवजह फंसाया जा रहा है. अतुल से हमने कभी कोई रकम नहीं मांगी और न ही कभी किसी और चीज की डिमांड की है. इसके विपरीत अतुल और उसके परिवार के लोग ही मेरे परिवार से दहेज के रूप में 10 लाख रुपयों की मांग की थी. बता दे कि निकिता इन दिनों कोर्ट के आदेश पर 14 दिसंबर, 2024 से 14 दिन की न्यायिक हिरासत में है.

बेंगलुरु पुलिस अतुल सुभाष केस में काफी गोपनीयता बरत रही है. इस वजह से पूरी जानकारी तो सामने नहीं आ पायी है. लेकिन पुलिस सूत्रों का कहना है कि अतुल की पत्नी निकिता ने पुलिस के सामने उसके कई डार्क सीक्रेट खोल दिए हैं. निकिता ने पुलिस को बताया कि वो अपने पति से पिछले साढे तीन सालों से अलग रह रही है. अगर मुझे पैसी ही चाहिए होते तो अतुल के साथ रहती. और उससे पैसे लेती रहती. निकिता ने कहा कि मैं खुद नौकरी करती हूं. मुझे कोई पैसे की जरुरत नहीं है. हमने सिर्फ बच्चे को पालने पोसने के लिए मेंटेनेंस की मांग की थी.अतुल की पत्नी ने ये भी कहा कि उसकी सैलरी काफी अच्छी है, लेकिन होम लोन को चुकता करने में ही सैलरी का सारा पैसा चला जाता है. इस कारण ही अपने बच्चे को पालने के लिए उससे मेंटेनेंस की मांग की थी.

निकिता ने पुलिस के सामने सुभाष को लेकर कहा कि वह ÷अतुल बहुत अय्याश व्यक्ति था. उसका एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर भी था. एक या दो नहीं बल्कि तीन-तीन लड़कियों के साथ.÷ निकिता ने सुभाष पर आरोप लगाया कि वह अपनी अय्याशी के लिए मुझे प्रताड़ित किया करता था. मां से भी मैं जो पैसे मंगवाती थी अतुल उस पैसे को छीन लिया करता था. अतुल के घर वालों ने मेरे पिता से 10 लाख रुपयों के दहेज की मांग भी की थी, जबकि हमारा परिवार पहले ही 5 लाख रुपये दे चुका था. शादी में 50 लाख का खर्चा हुआ उसके अलावा 5 लाख का दहेज दिया गया. जब मेरे पिता ने और पैसे देने से मना किया तो अतुल के घरवालों ने तलाक की धमकी दी, जिसको मेरे पिता बर्दाश्त नहीं कर पाए और उनकी मौत हो गई.÷

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार निकिता सिंघानिया गुजारा भत्ता के तौर पर अतुल सुभाष से हर महीने 40 हजार रुपये लेती थी. रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि निकिता सिंघानिया खुद एसेंचर इंडिया में बतौर सीनियर एआई इंजीनियरिंग कंसल्टेंट के पद पर नौकरी करती है. यहां पर काम करने वाले लोगों की सैलरी 11 लाख रुपये सालाना मिला करता है. एसेंचर इंडिया में एआई इंजीनियर को औसतन 16 लाख रुपये सालाना मिलते हैं. इससे अंदाजा यह लगाया जा रहा है कि निकिता सिंघानिया की एसेंचर इंडिया की ओर से अच्छी सैलरी दी जाती है.

अतुल सुभाष की पत्नी निकिता की कंपनी एसेंचर इंडिया एक वैश्विक पेशेवर सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनी एसेंचर का हिस्सा है. यह कंपनी मुख्य रूप से आईटी कंसल्टिंग, टेक्नोलॉजी सर्विसेज, और बिजनेस ऑपरेशंस में विशेषज्ञता रखती है. एसेंचर का भारत में मुख्यालय बेंगलुरु में है और देश के कई शहरों में इसके ऑफिस और ऑपरेशन सेंटर मौजूद हैं. इनमें मुंबई, पुणे, हैदराबाद, गुरुग्राम, और चेन्नई शामिल हैं. एसेंचर के भारतीय कार्यालयों में 2024 तक लगभग 3 लाख से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, जो इसे सबसे बड़े वर्कफोर्स वाली आईटी कंपनियों में से एक बनाता है.

## बड़ त्रिवेणी नाट्य महोत्सव के अंतिम दिन गबरघिचोर नाटक का शानदार मंचन

निज संवाददाता | पटना



साहिबगंज में त्रिवेणी नाट्य महोत्सव के आखिरी दिन मंथन कला परिषद खगौल द्वारा भिखारी ठाकुर के प्रसिद्ध नाटक गबरघिचोर का शानदार मंचन किया गया। माध्यम फाउंडेशन, पटना द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में प्रमोद कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में रंगकर्मियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। देर शाम प्रेमचंद रंगशाला में आयोजित इस कार्यक्रम में कलाकारों के सधे हुए अभिनय ने दर्शकों को देर तक तालियां बजाने पर मजबूर किया। नाटक की कहानी एक गलीज नाम के युवक के इर्द-गिर्द घूमती है, जो शादी कर अपनी पत्नी को गांव छोड़कर कमाने परदेस चला जाता है। परदेस में उसकी पत्नी का गांव के ही एक युवक के साथ संबंध बनता है और उससे उसे एक लड़का होता है। समाज की तमाम कड़ी आलोचनाओं के बावजूद वह अपने बच्चे की परवरिश बड़े प्यार से करती है। परदेस में गलीज को इस घटना की खबर मिलती है और वह पत्नी को छोड़कर अपने साथ शहर ले जाने का विचार करता है। मगर उसकी पत्नी बच्चे को छोड़ने को तैयार नहीं होती। फिर पंच आते हैं और तीनों से सबूत पेश करने को कहते हैं। तीनों बेटे के हक में अपना-अपना सबूत पेश करते हैं। पंच निर्णय लेते हैं कि गबरघिचोर को तीन हिस्सों में बांट दिया जाए। गलीज और गड़बड़ी इस फैसले के लिए तैयार हो जाते हैं। गलीज बहू बच्चे की मां बिलख पड़ती है और पंच से कहती है कि उसे जिंदा रहते किसी को दे दीजिए लेकिन बच्चे को मत काटिए। पंच कहते हैं कि जिसे बच्चे का मोह नहीं है, उसका बच्चा कैसा बच्चे का मोह केवल मां को है, इसलिए बच्चे का पालन-पोषण मां के साथ होगा। अंत में एक मां की ममता और संघर्ष जीतता है और गबरघिचोर मां के साथ चला जाता है। गलीज और गड़बड़ी का चेहरा शर्म से झुक जाता है। गलीज बहू की भूमिका में अंजली शर्मा बेजोड़ रहीं, जिन्होंने अपने दमदार अभिनय से दर्शकों को भावुक कर दिया। प्रीतम कुमार, दीनानाथ गोस्वामी, पुजा कुमारी, और रजनीकांत की भूमिकाएं भी सराहनीय रहीं। नाटक में संगीत दिया श्यामाकांत साह ने, नाल वादन राजेश कुमार ने किया, और नगाड़े पर प्रेम कुमार ने संगीत पक्ष को और अधिक प्रभावी बनाया। मेकअप रजनीकांत ने किया। वस्त्र विन्यास पुजा कुमारी ने और मंच व्यवस्था अमन कुमार ने की। मंच परिकल्पना और निर्देशन वरिष्ठ रंगकर्मी प्रमोद कुमार त्रिपाठी का रहा।

## फोरलेन पर गैस सिलेंडर से भरा ट्रक पलटा, बड़ा हादसा होने से टला

**दरभंगा।** जिले के गरहां थानाक्षेत्र में एक बड़ा हादसा देखने को मिला है. मुजफ्फरपुर से दरभंगा जा रहा एक गैस सिलेंडर से भरा ट्रक मुजफ्फरपुर-दरभंगा फोर लेन पर अनियंत्रित होकर पलट गया. हादसे में ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है. गनीमत यह रही कि हादसे में किसी भी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ है. इसी के साथ एक बड़ा हादसा होने से टल गया. घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया. लोगों ने तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचित किया. मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल चालक को शहर के एसकेएमसीएच में इलाज के लिए भर्ती कराया.



पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि ट्रक में लदे सभी गैस सिलेंडर भरे हुए थे. हालांकि, किसी तरह की गैस रिसाव की सूचना नहीं मिली है. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है. घटना गुरुवार देर रात की बताई जा रही है.

वहीं दूसरी तरफ आज सुबह एक ट्रक और एक पिकअप में आमने-सामने की टक्कर हो गई. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए. हादसे में पिकअप वाहन में सवार खलासी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया. घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायल ड्राइवर को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया. इसके बाद पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. साथ ही हादसे में क्षतिग्रस्त दोनों वाहनों को भी जब्त कर लिया गया है. पुलिस इस मामले की जांच कर रही है. प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि अधिक कोहरा होने की वजह से हादसे हुआ है.

# पूर्णिया में एयरपोर्ट और एक्सप्रेस-वे को लेकर चल रही नयी तैयारी, कई जिलों को मिलेगा फायदा

**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया में एयरपोर्ट और प्रस्तावित पटना-पूर्णिया ग्रीनफिल्ड एक्सप्रेस वे से कई जिलों के लोगों को लाभ मिलेगा. अब पटना-पूर्णिया ग्रीनफिल्ड एक्सप्रेस वे से पूर्णिया एयरपोर्ट को जोड़ने की कवायद की जा रही है. इसके लिए पूर्णिया जिला प्रशासन तैयारी में जुट गया है. डीएम कुंदन कुमार ने बताया कि पटना-पूर्णिया ग्रीनफिल्ड एक्सप्रेस वे का एलाइनमेंट अभी फाइनल नहीं हुआ है. ऐसे में अभी इसे पूर्णिया एयरपोर्ट से जोड़ना आसान होगा. उन्होंने अपर समाहर्ता पूर्णिया और जिला भू अर्जन पदाधिकारी को इस दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है.

पूर्णिया के डीएम कुंदन कुमार ने संबंधित अधिकारियों से कहा है कि वे एनएचएआइ के वरीय पदाधिकारियों से वार्ता कर इसका निराकरण करने को कहा है. उन्होंने बताया कि पूर्णिया एयरपोर्ट को पटना-पूर्णिया ग्रीनफिल्ड एक्सप्रेस वे से जोड़ने से न केवल बेहतर कनेक्टिविटी होगी बल्कि सीमावर्ती जिलों के लोगों के लिए एयरपोर्ट और सुलभ हो जायेगा.

समीक्षा बैठक में डीएम ने सबसे पहले पूर्णिया एयरपोर्ट की चहारदीवारी निर्माण की स्थिति की समीक्षा की. जिला पदाधिकारी ने अपर समाहर्ता को पूर्णिया एयरपोर्ट की चहारदीवारी निर्माण हेतु एलाइनमेंट का कार्य कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल पूर्णिया के साथ पूर्ण कराने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि पूर्णिया एयरपोर्ट का निर्माण अगले 30-40 वर्षों के भविष्य को ध्यान में रख कर किया जा रहा है, इसलिए यह जरूरी है कि





इसके लिए एयरपोर्ट से सड़कों का बेहतर कनेक्टिविटी उपलब्ध करायी जाये.

जिला पदाधिकारी ने कहा कि पूर्णिया एयरपोर्ट से पटना-पूर्णिया ग्रीन एक्सप्रेसवे को जोड़ने तथा जिले में प्रस्तावित अन्य नये बायपास के बन जाने से पूर्णिया के साथ-साथ अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, सहरसा और कटिहार, यहां तक कि नेपाल के यात्रियों को भी पूर्णिया एयरपोर्ट से सुखद यात्रा का लाभ मिलेगा. उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि पूर्णिया एयरपोर्ट तथा अन्य आधारभूत संरचनाओं का निर्माण पूर्णिया के विकास के लिए बहुत ही जरूरी है. इसलिए इसे जल्द से जल्द पूरा करने में सभी को अपना शत प्रतिशत योगदान देना सुनिश्चित करना होगा.

डीएम ने कहा कि पूर्णिया एयरपोर्ट को स्टेट ऑफ द आर्ट एयरपोर्ट बनाया जाना है. पूर्णिया एयरपोर्ट में एप्रोन, टर्मिनल बिल्डिंग, कार्गो कॉम्प्लेक्स, एसी चिल्लर प्लांट, एसटीपी, वॉटर एंड फायर टैंक, इलेक्ट्रिक सब स्टेशन, एविएशन फ्यूल फॉर्म, एडमिन ऑफिस, कमर्शियल प्लाजा, सर्फेस पार्किंग, एयरोब्रिज आदि की सुविधाएं उपलब्ध रहेगी. पूर्णिया एयरपोर्ट पर पांच एयरोब्रिज के निर्माण को भी डिजाईन में समाहित किया गया है. पूर्व में ही एएआई के वास्तुविद द्वारा पूर्णिया एयरपोर्ट का डिजाईन तैयार कर लिया गया है. एएआई के द्वारा तैयार डिजाइन में पूर्णिया एयरपोर्ट को अत्याधुनिक एयरपोर्ट बनाने की सभी आवश्यकताओं को समाहित किया गया है.

## संक्षिप्त समाचार

### अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत

**हंसडीहा, एजेंसी।** हंसडीहा-देवघर मार्ग पर एनएच 133 पर पगवारा के खेरीबारी टोला के मंगलवार देर शाम बाइक दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत हो गयी ।पहचान अनिल राय 40 वर्षीय हंसडीहा थाना क्षेत्र के ही चतरामोड का रहनेवाला था । वहीं घायल 25 वर्षीय युवक विजय मिर्धा बगल के विराजपुर का रहनेवाला है । जानकारी के अनुसार दोनों हंसडीहा से बाइक पर सवार होकर अपने घर जा रहे थे । इसी दौरान खेरीबारी के पीछे से अज्ञात वाहन टक्कर मारते हुए फरार हो गया । बाइक समेत बाइक में बैठे दोनों सड़क के डिवाइडर से जा टकराये । घटना की सूचना पर हंसडीहा थाना से अवर निरीक्षक एलबी पासवान पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे । इसके साथ दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरैयाहाट पहुचाया, जहां चिकित्सकों ने अनिल राय को मृत घोषित कर दिया । घटना में पुलिस ने दोनों के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी ।

### भाजपा आवाज बुलंद करे नहीं तो हकमारी में उसकी भी होगी सहभागिता -हेमंत

**रांची, एजेंसी।** कोल कंपनियों पर 1 ।36 लाख करोड़ रुपये बकाये के मुद्दे पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दूसरे दिन भी भाजपा पर हमलावर रहे । उन्होंने सोशल मीडिया में पोस्ट कर कहा है कि झारखंडियों के हक में इस बकाया राशि का एक-एक रुपये का विस्तृत ब्रेकअप केंद्र सरकार को कई बार दिया जा चुका है । फिर भी भाजपा सरकार द्वारा इसे लगातार नकारना हमारे अधिकारों पर किया जानेवाला एक कुंठित प्रयास है । हम इसे होने नहीं देंगे । झारखंड भाजपा अगर इस मुद्दे पर हम झारखंडियों के साथ अपनी आवाज बुलंद नहीं करती है, तो यह साफ माना जायेगा कि इस हकमारी में उनकी बराबर की सहभागिता है । मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने बाबूलाल मरांडी के बयान पर कटाक्ष करते हुए कहा कि हम झारखंडियों की मांग हवा-हवाई नहीं है बाबूलाल जी । यह हमारे हक, हमारी मेहनत का पैसा है । झारखंडी हकों का आपका यह विरोध वाकई दुखद है । जब आपको अपने संगठन की पूरी ताकत लगा कर हमारे साथ खड़ा होना था, आप विरोध में खड़े हो गये । खैर, हम अपना हक अवश्य लेंगे, क्योंकि यह पैसा हर एक झारखंडी का हक है ।

### सुरक्षा बजट के उपयोग में इसीएल, बीसीसीएल व सीसीएल पीछे

**धनबाद, एजेंसी।** कोल इंडिया की सहायक कंपनी इसीएल, बीसीसीएल व सीसीएल अपने सुरक्षा बजट ( सेफ्टी बजट ) के उपयोग में पीछे चल रही है । चालू वित्त वर्ष 2024-25 के आंकड़ों पर गौर करें, तो कोल इंडिया की सहायक कंपनी इसीएल ने अपने सुरक्षा बजट का सबसे कम 21 ।85 प्रतिशत राशि खर्च किया है, जबकि बीसीसीएल ने 67.65 प्रतिशत व सीसीएल ने आवंटित सुरक्षा बजट का 69.27 प्रतिशत राशि खर्च किया है । वहीं आवंटित सुरक्षा बजट का 91.55 प्रतिशत राशि खर्च कर एनसीएल टॉप में है । बता दें कि चालू वित्त वर्ष में कोल इंडिया व सहायक कोल कंपनियों का कुल 832.71 करोड़ रुपया का सुरक्षा बजट आवंटित किया गया है । इसमें अबतक 529.87 करोड़ रुपये खर्च हुए है । जो आवंटित राशि का करीब 63.63 प्रतिशत है ।

### बड़े शहरों में एक ही भवन में होंगे चार थाने

**रांची, एजेंसी।** राज्य के बड़े शहरों में अब एक ही भवन में चार तरह के थाने होंगे । इसके लिए बहुमंजिली इमरात का निर्माण किया जायेगा । भवन के एक मंजिल में साइबर थाना, दूसरे में महिला थाना, तीसरे में एससी-एसटी थाना और चौथे मंजिल पर एचटीयू थाना होगा । इंटीग्रेटेड थाना भवन के निर्माण के लिए यह योजना डीजीपी अनुराग गुप्ता ने तैयार की है । इसके क्रियान्वयन की जिम्मेवारी उन्होंने आइजी प्रोविजन पंकज कंबोज को सौंपी है । पुलिस मुख्यालय की ओर से इस योजना को पूरा कराने के लिए शुक्रवार को विभिन्न जिलों के एसपी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की जायेगी । इसमें एसपी से जमीन की उपलब्धता के आधार पर थाना निर्माण के लिए पुलिस मुख्यालय को प्रस्ताव तैयार कर भेजने को कहा जायेगा । पुलिस अधिकारियों के अनुसार, उक्त थाना भवन में महिला पुलिसकर्मियों के रहने के लिए अलग से बैरक की व्यवस्था होगी ।

# रांची के इन जगहों पर घूमकर भूल जाएंगे गोवा की बीच



**रांची, एजेंसी।** वर्ष 2024 का अंत कुछ ही दिनों में होने वाला है और नववर्ष 2025 की शुरुआत होने ही वाली है। ऐसे में लोगों की मंशा होती है कि नववर्ष की शुरुआत में कहीं पिकनिक मनाने या घूमने के लिए जाया जाए। तो आज हम आपको रांची शहर के बेहद करीब स्थित तीन ऐसे जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं जिनको आपको बिल्कुल भी मिस नहीं करना चाहिए।

सबसे पहले हम बात करने वाले हैं ओरमांझी के रुक्का डैम की जो कि रांची से मात्र 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। घूमने-फिरने के शौकीन यहां टू व्हीलर और फोर व्हीलर लेकर दौड़े चले आते हैं। रुक्का डैम के आसपास पर्यावरण का भी एक अनूठा मिश्रण देखने को मिलता है। यहां पक्षियों की चहचहाहट से आपके कान को सुकून पहुंचेगा। नए साल में यह जगह पिकनिक के लिए हॉट स्पॉट जगहों में शुमार रहती है। पिकनिक मनाने के लिए हर साल यहां सैंकड़ों सैलानी आते हैं और खूबसूरत नजारों का आनंद उठाते हैं। सबसे जरूरी बात ये है कि यह शहर से अधिक दूरी पर नहीं है इसलिए यहां घूमने जाना सस्ता और आरामदायक है।

अगर आप शहर के नजदीक ही पिकनिक मनाने के लिए या घूमने के लिए जाना चाहते हैं तो आपके लिए सबसे बेहतरीन विकल्प कांके डैम हो सकता है। रांची वासियों के लिए कांके डैम सबसे पुराने टूरिस्ट स्पॉट में से एक है। यहां सैलानी विदेश से लंबी दूरी तय कर आए साइबेरियाई पक्षियों को देखने के लिए आते हैं। ठंड के मौसम में यह साइबेरियाई पक्षियों के लिए घर बन जाता है। कांके डैम का नजारा और भी बेहतरीन इस लिए भी हो जाता है क्योंकि यह जंगलों और पहाड़ो से घिरा हुआ है। हर साल नववर्ष में लोग भारी संख्या में यहां पिकनिक मनाते है। कांके डैम रांची शहर से मात्र 6 किलोमीटर दूर और शहर से इतने नजदीक होने के कारण यह पिकनिक लवर्स की फेवरेट जगहों में से एक है।

आमतौर पर लोग जीवन की भागदौड़ से दूर नये साल में किसी शांत जगह पर जाकर पिकनिक मनाना चाहते हैं। रांची स्थित धुर्वा डैम इसी वजह से नये साल में पिकनिक लवर्स के लिए एक फेवरेट जगहों में से एक है। अपने दिलकश नजारों और पानी के कारण ठंडी हवाओं के झोंकों के कारण यह सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित करता है। लोग यहां से सनराइज और सनसेट देखने के लिए आते हैं पानी में अपने पैरों को रखकर इसका लुत्फ उठाते है। धुर्वा डैम रांची से महज 15 किलोमीटर दूर है इसलिए लोग अपने दोस्तों और परिवार के साथ यहां पिकनिक मनाने और घूमने आते हैं।

## जनजातीय और क्षेत्रीय नृत्य हमारी संस्कृति की आत्मा है: मोनिका टुटी

**रांची, एजेंसी।** रांची विश्वविद्यालय के अंतर्महाविद्यालय जनजातीय एवं क्षेत्रीय नृत्य महोत्सव सह प्रदर्शनी एवं संगोष्ठी का दो दिवसीय भव्य आयोजन पांच परगना किसान कॉलेज, बुंडू में किया गया। इस महोत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि मोनिका रानी टुटी (उप निदेशक, जनजातीय शोध अनुसंधान संस्थान, रांची) ने किया। उद्घाटन भाषण में उन्होंने कहा कि जनजातीय और क्षेत्रीय नृत्य हमारी संस्कृति की आत्मा है। ऐसे आयोजनों से न केवल युवा पीढ़ी में अपनी परंपराओं के प्रति गर्व की भावना जागृत होती है, बल्कि यह हमारे समाज को सांस्कृतिक रूप से समृद्ध बनाने का भी एक सशक्त माध्यम है। विषय प्रवेश और स्वागत भाषण डॉ। बिनीता कुमारी, प्राचार्य, पीपीके कॉलेज ने दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की परंपरा के अनुसार मुंडारी विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत से हुआ। इसके बाद सिल्ली कॉलेज, बिरसा कॉलेज खूंटी, गोस्नर कॉलेज, जनजातीय भाषा स्नातकोत्तर विभाग से मुण्डारी एवं कुडुख विभाग सभी ने अपनी पारंपरिक एवं भावभीनी प्रस्तुति से समां बांध दिया। पांच परगना किसान कॉलेज द्वारा प्रस्तुत छऊ नृत्य अत्यंत मनमोहक था।

महोत्सव में झारखंड के पारंपरिक परिधान, शिल्पकला, खाद्यान्न और वाद्य यंत्रों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें जनजातीय जीवनशैली और उनके रीति-रिवाजों की झलक देखने को मिली। यह महोत्सव केवल मनोरंजन का साधन नहीं था, बल्कि जनजातीय और क्षेत्रीय संस्कृतियों के संरक्षण एवं संवर्द्धन की दिशा में एक प्रभावी कदम भी था। पहले दिन के कार्यक्रम में सम्मानित अतिथियों में प्रो। मुकुल कुमार (पूर्व प्राचार्य, पीपीके कॉलेज), प्रो। हंस कुमार, प्रो। भूतनाथ प्रमाणिक तथा पीपीके कॉलेज के तमाम विद्वान सहायक प्राध्यापक और विभिन्न महाविद्यालयों से आए प्रोफेसर व छात्र छात्राएं शामिल थे। निर्णायक मंडल में जुरा होरो, अरुण कुमार तिग्गा और कॉर्निलियस मिंज शामिल थे।

## अतिक्रमण हटाने के विरोध में व्यवसायियों ने बंद कराया मेदिनीनगर बाजार



**मेदिनीनगर, एजेंसी।** मेदिनीनगर नगर निगम पिछले पांच दिनों से बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण अभियान चला रहा है। जिसमें बाजार क्षेत्र में दुकान के बाहर जितने भी दुकानदार अलग से दुकान लगाये गये हैं, उनको हटाने का काम किया जा रहा है। बाजार में जो भी ठेला लगाया गया है। उसे भी हटाने का आदेश दिया गया है। इसे लेकर व्यवसायियों में काफी आक्रोश है।

अतिक्रमण को लेकर शुक्रवार को सुबह से ही व्यवसायियों ने सभी दुकानों को बंद कराना शुरू कर दिया है। इस संबंध में डालटनगंज चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष विनोद उदयपुरिया ने बताया कि बिना नोटिस दिए हुए दुकानों को हटाया जा रहा है। यह गलत है। उन्होंने कहा कि जब तक वेंडर मार्केट का निर्माण नहीं हो जाता है। तब तक ठेला वाले को ठेला लगाने दिया जाय। कहा कि अतिक्रमण हटाने के पहले व्यवसायी और नगर निगम की एक संयुक्त टीम बने। जो बाजार में घूम-घूम कर अवैध निर्माण को चिन्हित करेगी। उसके बाद उसे तोड़ा जाय। उन्होंने कहा कि दीनदयाल मार्ग जो काफी दिनों से बंद है। उसे खोला जाय। कांग्रेस भवन के पीछे खाली पड़े जमीन को पार्किंग के लिए चिन्हित किया जाना चाहिये, ताकि बाजार में जो व्यक्ति पहुंचते हैं। वे अपने वाहन को पहले पार्किंग करने के बाद बाजार में प्रवेश करेंगे। उन्होंने कहा की जय भवानी संघ के पास सभी व्यवसायी अभी जमा हुये हैं। वे लोग नगर आयुक्त को जाकर ज्ञापन सौंपेंगे।

बता दें कि साहित्य समाज चौक के पास नगर निगम के द्वारा एक मंदिर का बाउंड्री वॉल तोड़ दिया गया था। बाउंड्रीवॉल तोड़े जाने के विरोध में स्थानीय लोगों के द्वारा गुरुवार शाम को पांच बजे से लेकर रात नौ बजे तक साहित्य समाज चौक के पास रोड को जाम कर दिया गया था। शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार और सदर सीओ अमरजीत मल्होत्रा के काफी समझाने बुझाने के बाद भी वे लोग मानने को तैयार नहीं थे। जिसके बाद सहायक नगर आयुक्त विश्वजीत मेहता के आश्वासन दिये जाने के बाद जाम हटाया गया था।

## रांची में भव्य रूप से आयोजित हुआ आरकेडीएफ का प्रथम दीक्षांत समारोह, 50 विद्यार्थियों को मिला गोल्ड मेडल

**रांची, एजेंसी।** रांची में रामकृष्ण धर्मार्थ फाउंडेशन आरकेडीएफ विश्वविद्यालय का पहला दीक्षांत समारोह 19 दिसंबर को विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर, आईसीएआर, नामकुम में भव्य और गरिमामयी तरीके से आयोजित किया गया। इस दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय के 2019-2023 सत्र के विभिन्न स्ट्रीम से पास हुए 50 छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। इसके अलावा, स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों के कुल 1061 छात्र-छात्राओं को उपाधि प्रदान की गई।

कार्यक्रम के दौरान संजय चतुर्वेदी को उनके उत्कृष्ट सेवा कार्य के लिए राम कृष्ण धर्मार्थ फाउंडेशन आरकेडीएफ विश्वविद्यालय रांची द्वारा मानव दर्शनशास्त्र में मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि प्रो। (डॉ।) प्रवीन चंद्र त्रिवेदी ने अपने भाषण से छात्रों का मनोबल बढ़ाया और उन्हें सामाजिक सेवा और नैतिक मूल्यों के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने डिग्री प्राप्त करने वाले छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ। आशीष गौतम( अध्यक्ष), दिव्य प्रेम मिशन, हरिद्वार (उत्तराखंड) और संत शिरोमणि प्रदीप कौशिकजी महाराज, देवघर (झारखंड) उपस्थित रहे। इस दौरान डॉ। बी। एन। सिंह, निदेशक, आरकेडीएफ विश्वविद्यालय, भोपाल (मध्य प्रदेश) और डॉ। ज्योति कुमार, सलाहकार भी समारोह में उपस्थित रहे और छात्रों को उनके भविष्य की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी।

डॉ। शुचितांग्शु चटर्जी, कुलपति, आरकेडीएफ विश्वविद्यालय ने इस अवसर पर विश्वविद्यालय के छात्रों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए उपाधियां प्रदान की। उन्होंने छात्रों को सफलता के पथ पर आगे बढ़ने और अपने परिवार, समाज, विश्वविद्यालय और देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। कुलपति ने इस आयोजन को विश्वविद्यालय के इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय बताते हुए कहा कि यह समारोह छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के लिए गर्व का क्षण है और एक नए युग की शुरुआत का प्रतीक है।




समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसमें सभी प्रतिष्ठित अतिथियों, विश्वविद्यालय के अधिकारियों और बड़ी संख्या में छात्रों और अभिभावकों ने भाग लिया।

## हाइकोर्ट ने सीजीएल परीक्षा पेपर लीक मामले में ब्लैक लिस्ट की गयी एजेंसी का रिव्यू पिटीशन खारिज किया




**रांची, एजेंसी।** सीजीएल परीक्षा-2023 के तहत 28 जनवरी 2024 को ली गयी परीक्षा के पेपर लीक को लेकर परीक्षा लेनेवाली एजेंसी को काली सूची में डालने के मामले में राहत नहीं मिल पायी। झारखंड हाइकोर्ट ने परीक्षा एजेंसी सैटवैट इंफोसोल प्राइवेट लिमिटेड की ओर से दायर रिव्यू पिटीशन पर अपना फैसला सुनाया है। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद व जस्टिस नवनीत कुमार की खंडपीठ ने रिव्यू पिटीशन को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि आदेश के रिव्यू की कोई जरूरत नहीं है। पूर्व में मामले की सुनवाई पूरी होने के बाद खंडपीठ ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

इससे पूर्व प्रार्थी की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार ने काली सूची में डालने के झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) के अधिकार को चुनौती देते हुए 24 अप्रैल 2024 के आदेश को गलत बताते हुए निरस्त करने का आग्रह किया। बताया गया कि काली सूची में डालने के पूर्व एजेंसी का पक्ष नहीं सुना गया। तीन वर्ष तक काली सूची में डालने का आयोग को अधिकार नहीं है। उन्होंने कोर्ट के पूर्व के आदेश की समीक्षा करने का आग्रह किया। वहीं जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरावाल ने प्रार्थी की दलील का विरोध किया तथा बताया कि आयोग को एकरारनामा के मुताबिक, शर्तों के उल्लंघन पर तीन वर्ष तक एजेंसी को काली सूची में डालने का अधिकार है। आदेश की समीक्षा की कोई जरूरत नहीं है।

उल्लेखनीय है कि प्रार्थी सैटवैट इंफोसोल प्राइवेट लिमिटेड ने रिव्यू याचिका दायर की थी। प्रार्थी ने आदेश की समीक्षा करने का आग्रह किया था। पूर्व में कोर्ट ने परीक्षा लीक मामले में कंपनी सैटवैट इंफोसोल को डिबार करते हुए तीन साल के लिए काली सूची में डालने के जेएसएससी के आदेश को सही ठहराते हुए एजेंसी की याचिका को खारिज कर दिया था। जेएसएससी की ओर से सैटवैट इंफोसोल प्राइवेट लिमिटेड ने सीजीएल-2023 के तहत 28 जनवरी 2024 को परीक्षा का आयोजन किया था, जिसमें प्रश्न पत्र लीक के आरोप में अभ्यर्थियों के विरोध के बाद आयोग ने उक्त परीक्षा रद्द कर दिया था।

## राशन कार्ड के लिए नहीं करा पा रहे ई-केवाईसी, आदिम जनजाति परिवारों को सता रहा ये डर




**गारू(लातेहार), एजेंसी।** कृष्णा प्रसाद गुप्ता-लातेहार जिले के गारू प्रखंड में राशन कार्डधारियों के लिए ई-केवाईसी (श्व-च्ङ्घष्ट) अनिवार्य कर दिया गया है। इससे राशन कार्डधारियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इलाके में आधार सेवा केंद्र नहीं है। इसलिए गरीब परिवार के लोग आधार अपडेट नहीं करा पा रहे हैं। बड़ी संख्या में आदिम जनजाति परिवार ई-केवाईसी के लिए परेशान है।

गारू प्रखंड के लोगों ने लातेहार के उपायुक्त से इलाके में आधार सेवा केंद्र खोलने की मांग की है, ताकि गरीब परिवार के लोग आसानी से आधार अपडेट समेत अन्य कार्य करा सकें और ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी की जा सके। ये इलाका जिला मुख्यालय से काफी दूर है। इस कारण गरीब आदिम जनजाति परिवारों के लिए शहर आकर आधार अपडेट कराना बेहद मुश्किल हो रहा है।

राशन कार्डधारी राजेश कुमार ने बताया कि आधार सेवा केंद्र नहीं होने के कारण गारू प्रखंड के ग्रामीण लातेहार जिला मुख्यालय और अन्य स्थानों पर जा कर आधार कार्ड अपडेट करा रहे हैं। इससे सिर्फ समय की ही नहीं, बल्कि पैसे की भी बर्बादी हो रही है। कई ग्रामीण इसमें असमर्थ हैं। वे अपने आधार कार्ड को अपडेट नहीं करा पा रहे हैं। लिहाजा उनका ई-केवाईसी नहीं हो पा रहा है।

राशन डीलर उमेश प्रसाद ने जानकारी दी कि ई-केवाईसी नहीं होने पर राशन कार्ड से परिवार के सदस्यों का नाम राशन कार्ड से कट सकता है। ऐसे में गरीब परिवारों को राशन मिलने में दिक्कत होगी। उन्होंने सभी राशन कार्डधारियों से जल्द से जल्द ई-केवाईसी करा लेने की अपील की है।

# अवैध बालू कारोबारियों ने खनन विभाग के अधिकारियों पर किया हमला, चार नामजद



**धनबाद, एजेंसी।** सरायढेला थाना क्षेत्र के बालाजी पेट्रोल पंप के पास गुरुवार को दिनदहाड़े अवैध बालू कारोबारियों ने खनन विभाग की टीम पर जानलेवा हमला किया। पूर्वाह्न 10 बजे इस घटना को अंजाम दिया गया। मामले को लेकर सरायढेला थाना में खान निरीक्षक बसंत उरांव की लिखित शिकायत कोल कुसमा निवासी राजेंद्र सिंह, निरसा ग्राम मोराईडीह के रहने वाले असीम मंडल उर्फ चीकू मंडल, राकेश मंडल उर्फ प्रकाश मंडल तथा गोविंदपुर के राहुल सिंह व अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। 22 दिनों के अंदर बालू माफियाओं ने इस तरह की दूसरी घटना को अंजाम दिया है। गुरुवार को सरयाढेला थाना में खनन विभाग के अधिकारी द्वारा दर्ज करायी गयी प्राथमिकी के अनुसार खान निरीक्षक विजय करमाली, सुमित प्रसाद द्वारा जांच अभियान चलाया जा रहा था। इस क्रम में टीम ने बालाजी पेट्रोल पंप के पास बलियापुर रोड पर बिना परिवहन चालान के बालू लदे दो ट्रैक्टर को पकड़ा। अचानक 8-10 लोगों ने धारदार हथियार, लाठी, डंडा, बेलचा, पत्थर के साथ खनन टास्क फोर्स पर जानलेवा हमला कर दिया। बिना परिवहन चालान के बालू लदे दोनों वाहनों को वहां से भगा दिया। स्थानीय लोगों से पूछताछ के दौरान हमलावरों के नाम की जानकारी मिली। इस दौरान खनन विभाग का वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया।

इसके पूर्व टीम ने सुबह लगभग 8ः00 बजे डीजीएमएस के सामने हटिया मोड़ के पास चार टाटा 407 मालवाहक (संख्या जेएच 10 जी 4737, जेएच 10 ए 3282, जेएच 09 एम 7478 तथा बीआर 16 जी 8963) को बिना परिवहन चालान के बालू का परिवहन करते पकड़ा। टीम ने चारों वाहन को जब्त कर धनबाद थाना को सुपुर्द कर प्राथमिकी दर्ज करा दी। खान निरीक्षक बसंत उरांव ने चारों वाहनों के चालक व मालिकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

इससे पहले बालू माफियाओं ने 28 नवंबर की रात बरवाअड्डा में गोविंदपुर के सीओ धर्मेंद्र दुबे पर जानलेवा हमला किया था। उन्हें गंभीर चोटें आयी थी। साथ ही मोबाइल भी छीन लिया था, सीओ ने 29 नवंबर को बरवाअड्डा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। लेकिन, आज तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। यहां बालू माफियाओं का मनोबल लगातार बढ़ा हुआ है।

## पैंट्री कार एजेंसी पर लगा जुर्माना, मैनेजर टर्मिनेट

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद स्टेशन में आइआरसीटीसी टीम के साथ हुई मारपीट मामले को लेकर बुधवार को आइआरसीटीसी रिजनल मैनेजर राजेश कुमार समेत अन्य अधिकारी धनबाद पहुंचे। इस दौरान कर्मचारियों से मामले की जानकारी ली। इसके बाद डीआरएम कमल किशोर सिन्हा से मिले। सीनियर डीसीएम अमरेश कुमार की मौजूदगी में बैठक की गयी। आइआरसीटीसी के अधिकारियों ने इस मामले में कार्रवाई के साथ ही सुरक्षा के बेहतर इंतजाम करने की मांग रखी। इसपर अधिकारियों ने सहयोग का भरोसा दिया है। मामले में रेलवे की ओर से कार्रवाई करते हुए पैंट्री कार एजेंसी पर दो लाख रुपये जुर्माना लगाया गया। साथ ही पैंट्री कार मैनेजर को टर्मिनेट कर दिया गया है।

धनबाद स्टेशन पर सोमवार की रात गंगा-सतलज एक्सप्रेस की जांच करने आइआरसीटीसी एरिया आफिसर राकेश कुमार सिंह व आफताब हुसैन पहुंचे थे। इस दौरान कुछ लोग अवैध सामान और लोकल ब्रांड का पानी ट्रेन में चढ़ा रहा था। मना करने पर मारपीट की गयी।

इस घटना में राकेश कुमार और आफताब गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। राकेश के कान का आपरेशन हो चुका है। उनके कान में यंत्र लगा है। वहीं आफताब दिव्यांग हैं। पिटाई से दोनों के सिर पर चोट लगी है। पटना से आये आइआरसीटीसी के अधिकारियों ने उनसे मिलकर उनका हाल जाना, हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। बुधवार को दोनों को एसएनएमएमसीएच से छुट्टी करा कर बेहतर इलाज के लिए ले जाया गया है। वहीं इस मामले में जीआरपी ने राकेश कुमार सिंह के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# विचार-मंथन

## संपादकीय

## तू-तू मैं-मैं में नेहरू-सावरकर को घसीटना बंद करें

लोकसभा में संविधान को लेकर हुई दो दिनों की बहस न केवल समकालीन राजनीतिक मुद्दों पर बल्कि लोकतंत्र, समाज और इतिहास से जुड़े कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के अलग-अलग नजरियों को स्पष्ट कर गई। इस बहस का भी एक बड़ा बिंदु आरक्षण ही रहा। जहां विपक्ष ने इन आरोपों को दोहराया कि सत्ता पक्ष मूल रूप से आरक्षण की व्यवस्था के खिलाफ है और जब-तब दबे-छुपे ढंग से उसकी यह अंदरूनी इच्छा संघ और पार्टी के छोटे-बड़े नेताओं के बयानों से जाहिर होती रहती है। जवाब में खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट किया कि आरक्षण की जो व्यवस्था अभी लागू है, उनकी सरकार उस पर आंच नहीं आने देगी, लेकिन धर्म के आधार पर आरक्षण देने की कोई भी कोशिश वह सफल नहीं होने देगी। जाहिर है, इसमें मतदाताओं की अपने अनुकूल गोलबंदी करने की दोनों पक्षों की कोशिश भी देखी और पहचानी जा सकती है। तानाशाही एक और ऐसे बिंदु के रूप में उभरी, जिसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष के आरोप समान ही रहे। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाया कि वह अपनी मनमानी चलाते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों की धज्जियां उड़ाता रहा है। इस मामले में जहां कांग्रेस का फोकस पिछले दस सालों पर केंद्रित रहा, वहीं भाजपा का पॉइंट यह था कि आजादी के बाद से 55 साल तक सत्ता एक ही परिवार के हाथों में रही। जाहिर है, सबसे ज्यादा नुकसान इसी परिवार ने किया। उनका संकेत गांधी परिवार की ओर था। इमरजेंसी का पुराना आरोप भी उछला, लेकिन नई बात यह रही कि इस पर बचाव की मुद्रा अपनाने के बजाय कांग्रेस इस तर्क के साथ सामने आई है कि बीजेपी को भी अपनी गलतियों के लिए माफी मांगनी चाहिए। बहरहाल, इसमें शक नहीं कि बहस का केंद्र यही सवाल रहा कि कौन संविधान और संवैधानिक मूल्यों को लेकर समर्पित है और कौन इस पर दोहरा खेल खेल रहा है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने जहां सावरकर के सहारे भाजपा पर निशाना साधा वहीं पीएम मोदी ने देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित नेहरू की गलतियां गिनाईं।

## महाराष्ट्र में मंत्रियों का शपथ ग्रहण, चुनौतियों के बीच राह

विशाल बहुमत से शानदार जीत दर्ज करने के बावजूद महाराष्ट्र की महायुति सरकार जिस धीमी रफ्तार से आगे बढ़ रही है, उसे सतर्कता कहा जाए या बहुमत का बोझ, यह तय करना फिलहाल मुश्किल है। वैसे मौजूदा सरकार के स्वरूप पर गौर करें तो यह स्थिति ज्यादा अस्वाभाविक नहीं लगती। भले ही शिवसेना और एनसीपी से अलग हुए धड़ों के साथ भाजपा की सरकार करीब ढाई साल कामयाबी से चली। फिर चुनाव में राज्य के वोटरों ने भी इस अलायंस पर सहमति की मुहर लगा दी। लेकिन इस जीत के बाद महायुति के आंतरिक समीकरण में बुनियादी अंतर आ गया है। विधायकों की संख्या चाहे कम ज्यादा रही हो, पहले एकनाथ शिंदे इसके सर्वमान्य नेता थे। अब सबसे बड़ी पार्टी का नेता होने के बावजूद इस सत्तारूढ़ गठबंधन के अंदर देवेंद्र फडणवीस की सहज सर्वोच्चता स्थापित होने में थोड़ा वक्त लग सकता है। शायद यही वजह है कि शिवसेना के नेता एकनाथ शिंदे के लिए इस गठबंधन में अपनी दूसरे नंबर की हैसियत को पचाना और अपने समर्थकों से स्वीकार कराना मुश्किल हो रहा है। उपमुख्यमंत्री पद के लिए वह जैसे-तैसे राजी हुए तो मंत्रियों की कम संख्या का सवाल आड़े आया और अब विभागों के बंटवारे को लेकर आखिरी पलों तक रस्साकशी होनी है। तीनों पार्टियों में चल रही इस असामान्य रस्साकशी का एक रूप कहिए या विधायकों की बढ़ी हुई संख्या का दबाव, शायद पहली बार महाराष्ट्र में मंत्रियों के लिए ढाई साल के कार्यकाल का फॉर्म्युला सामने लाया गया। राजनीतिक मजबूरियों के बीच रास्ता निकालने की कला के तौर पर निश्चित रूप से यह अच्छा कदम है। हो सकता है इससे मंत्रियों पर बेहतर काम करने का दबाव भी रहे। लेकिन संसदीय लोकतंत्र में मंत्रिमंडल सामूहिक उत्तरदायित्व के सिद्धांत के तहत काम करता है। ऐसे में सार्वजनिक तौर पर मंत्रियों को नाकाम करार दिए जाने को लेकर यह खुलापन भी सवालों से परे नहीं है।बहरहाल, लोकतंत्र नई चुनौतियों के नए हल निकालते हुए ही आगे बढ़ता है।

## अपनों के निशाने पर आने के बाद क्या अब नीतियों में बदलाव लाएगी कांग्रेस?

(उमेश चतुर्वेदी)

अगर ईवीएम पर इतना ही संदेह है तो संदेह करने वाले दलों को चाहिए कि वे ईवीएम के जरिए होने वाले चुनावों का बहिष्कार करें। इसके बाद अगर चुनाव होगा तो निश्चित है कि इस चुनाव की पवित्रता सवालों के घेरे में आ जाएगी। संविधान पर संसद में विशेष बहस पर अपने नेताओं प्रियंका वाड्रा और राहुल गांधी के भाषणों को लेकर जिस वक्त कांग्रेस गद्गद् हो रही थी, उसी वक्त उस पर कश्मीर की वादियों से सियासी गर्मी का जबर्दस्त झोंका आया। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कांग्रेस को सीधे-सीधे सलाह दे डाली कि ईवीएम का रोना छोड़ो और अपनी हार को स्वीकार कर लो। दिलचस्प यह है कि लोकसभा के अपने पहले भाषण में संविधान पर चर्चा के दौरान प्रियंका वाड्रा ने कहा था कि ईवीएम हटा दो, दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। प्रियंका के इस बयान के ठीक बाद सामने आए उमर अब्दुल्ला के ये शब्द महज बयान नहीं है, बल्कि इसके कई राजनीतिक अर्थ हैं। उमर के इस बयान को ममता बनर्जी और रामगोपाल यादव की अभिव्यक्ति की अगली कड़ी के रूप में रखा जा सकता है। यहां एक बार फिर दोहरा देना उचित ही होगा कि इंडिया गठबंधन के अघोषित अगुआ को रूप में राहुल गांधी को नकार चुकी हैं और समाजवादी पार्टी के महासचिव रामगोपाल यादव कांग्रेस की अगुआई को ही नकार चुके हैं। उमर अब्दुल्ला ने अपने बयान के जरिए एक तरह से साफ कर दिया है कि कांग्रेस के मौजूदा नेतृत्व में उनका भरोसा नहीं है। आज की राजनीति जिस बिंदु पर पहुंच चुकी है, उसमें अगुआ की हर गलत-सही बात का समर्थन करना ही अनुयायियों की पहली शर्त बन गई है। तार्किक आधार पर समर्थन और विरोध की सोच को हमारे समाज ने सिरे से नकार दिया है। यह नकार राजनीति में सबसे ज्यादा नजर आता है। अगुआ की बात को अनुयायी ने स्वीकार नहीं किया तो उसे सीधे-सीधे नाफरमानी या अनुशासनहीनता माना जाता है। दलीय व्यवस्था में ऐसे नकार की सजा निष्कासन और निलंबन तय है। चूंकि इंडिया गठबंधन औपचारिक कोई दल नहीं, बल्कि दलों का समूह है, लिहाजा यहां वैसी अनुशासनिक व्यवस्था नहीं है। इसके बावजूद मोटे तौर पर गठबंधनों के बीच एक समझ रही है कि गठबंधन और उसके अगुआ की सेहत पर असर ना पड़े, ऐसी बयानबाजी से दूर रहा जाए। लेकिन ममता बनर्जी, रामगोपाल यादव और उमर अब्दुल्ला के बयान के संदेश साफ हैं। संदेश यह है कि कांग्रेस की अगुआई में उन्हें नरेंद्र मोदी को चुनौती दे पाने की ताकत राहुल गांधी में नहीं दिखती। इन बयानों का एक संदेश यह भी है कि राहुल गांधी की अगुआई में इन दलों का कम से कम राष्ट्रीय स्तर पर कोई भविष्य नहीं है। लेकिन उमर अब्दुल्ला इससे आगे का भी संकेत दे रहे हैं। ईवीएम के बहाने वे कांग्रेस को यह भी संदेश दे रहे हैं कि 'मीठा-मीठा गप और कड़वा-कड़वा थू' की वैचारिक सोच वाली राजनीति लंबे समय तक नहीं चल सकती। यह कैसे हो सकता है कि जिस ईवीएम के सहारे आप अमेठी और वायनाड जीतने के बाद आप जश्न में डूब सकते हैं, जिसके सहारे 55 से 99 सीटों पर पहुंच जाते हैं तो इसे अपनी भारी जीत बताते हैं, जिस ईवीएम के ही सहारे जब आप कर्नाटक, हिमाचल और झारखंड और यहां तक कि कश्मीर जीत जाते हैं तो इसे नरेंद्र मोदी की हार बताने लगते हैं, लेकिन अगर चुनावी रणनीति में मात खाने के बाद सत्ता की दौड़ में पीछे रह जाते हैं तो ईवीएम को दोषी ठहराने लगते हैं। यह दोहरापन नहीं चलने वाला। इसे जनता भी समझने लगी है। अगर ईवीएम पर इतना ही संदेह है तो संदेह करने वाले दलों को चाहिए कि वे ईवीएम के जरिए होने वाले चुनावों का बहिष्कार करें। इसके बाद अगर चुनाव होगा तो निश्चित है कि इस चुनाव की पवित्रता सवालों के घेरे में आ जाएगी। अगर ईवीएम पर संदेह करने वाले दल चुनाव प्रक्रिया से बाहर हो जाएं तो विपक्ष विहीन चुनाव को जनता भी स्वीकार नहीं कर पाएगी और उस चुनाव को सहज लोकतांत्रिक प्रक्रिया का अंग नहीं माना जा सकेगा। ऐसे में सरकार और चुनाव आयोग दबाव में आ सकते हैं। लेकिन ऐसा करने के लिए ईवीएम पर संदेह करने वाले दलों में साहस होना चाहिए। दुर्भाग्य से ऐसा साहस कोई दल दिखाता नजर नहीं आ रहा। इसकी वजह यह है कि कोई भी दल संसदीय राजनीति के उस रसूख को छोड़ने का साहस नहीं रखता, जो उसे सांसद या विधायक बनने के बाद हासिल होता है। इन दलों और उनके नेताओं को पता है कि संसद और विधानमंडल से बाहर रहने के बाद उनकी बातें गौर से सुनीं नहीं जातीं और उनके शब्दों को तवज्जो भी नहीं मिलता। इसलिए वे ईवीएम पर सवाल भी उठा रहे हैं और उसी ईवीएम के जरिए संसदीय कुर्सियों पर भी काबिज रहना चाहते हैं। यह भी एक तरह से चारित्रिक दोहरापन ही है और उमर अब्दुल्ला का यह बयान उस दोहरापन से खुद को अलग करने की कोशिश भी हो सकता है। वैसे कांग्रेस के लोगों से ऑफ द रिकॉर्ड बात कीजिए तो वे भी मानते हैं कि चाहे ईवीएम का मुद्दा हो या किसानों का आंदोलन, उनके लिए सिर्फ कवरअप के मुद्दे हैं। कवरअप यानी बचाव का मुद्दा। पार्टी के अंदरूनी सूत्र भी मानते हैं कि जिन कृषि कानूनों के विरोध में कांग्रेस राजनीति कर रही है, उन्हें उसकी ही सरकार ने तैयार किया था। ईवीएम का चलन 2004 में पूरी तरह शुरू हुआ। जिसमें कांग्रेस की अगुआई वाले संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन यानी यूपीए को जीत मिली थी और मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री बने थे। तब तो कांग्रेस को यह जीत बहुत पसंद आई थी। इसके अगले यानी 2009 के चुनाव में भी यूपीए को दूसरी बार जीत मिली। तब भी ईवीएम पर कम से कम कांग्रेस की ओर से सवाल नहीं उठा। तब लालकृष्ण आडवाणी खेमे की ओर से ईवीएम पर सवाल उठा तो उसे सिरे से खारिज कर दिया गया। इसके बाद आडवाणी के लोगों ने उसे तूल नहीं दिया। लेकिन 2014 के बाद से लगातार ईवीएम पर कांग्रेस की ओर से लगातार सवाल उठाए जा रहे हैं। जबकि कांग्रेस भी जानती है कि ईवीएम में दोष नहीं है, उसकी नीतियों में ही कमी है, जिसकी वजह से वोटर उसे स्वीकार नहीं कर पा रहा है। ऑफ द रिकॉर्ड अगर कांग्रेसी नेताओं से बात होती है तो वे मानते हैं कि किसान कानून और ईवीएम का विरोध दरअसल उसके लिए बचाव के मुद्दे हैं। कांग्रेस इन मुद्दों के जरिए अपनी नाकामियां छिपाती रहती है।

> *उदाहरण के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति शेखर यादव के हालिया बयान को लेकर उनके खिलाफ कपिल सिब्बल की अगुआई में महाभियोग चलाना कुछ-कुछ वैसा ही मामला होने जा रहा है, जैसा 1986 में शाहबानो को गुजारा भत्ता देने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलटने के लिए संसद से नया कानून बना दिया गया था।*

## अप्रभावी होता एंटीबायोटिक, जन स्वास्थ पर बढ़ता अदृश्य संकट

(कुशाग्र राजेंद्र)

स्कॉटिश वैज्ञानिक अलेक्ज़ेंडर फ्लेमिंग द्वारा दुर्घटनावस एक ऐसे जैव रसायन की खोज हो गयी, जो बाद में पिछ्ली सदी में मेडिकल साइंस की सबसे महत्वपूर्ण खोज साबित हुई और वो थी, जीवाणु संक्रमण रोकने की रामवाण दवाई पेनिसिलिन। साल 1928 में पेनिसिलिन की खोज के बाद से एंटीबायोटिक ने संक्रमण से होने वाली बीमारियों के इलाज और सर्जरी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके व्यापक इस्तेमाल ने इलाज को आम आदमी तक सुलभता से पहुचाया। पर शायद ही किसी ने अंदाजा लगाया हो कि सौ साल से कम समय में ही एंटीबायोटिक जो बैक्टेरिया को ख़त्म करने और उसके वृद्धि को नियत्रित करने में इस्तेमाल होता रहा है, अब वही बैक्टेरिया को एंटीबायोटिक के प्रति और प्रतिरोधी बना देगा। ऐसा पाया गया है कि बैक्टेरिया पर एंटीबायोटिक का असर धीरे धीरे कम हो रहा है, और इसे एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस का नाम दिया गया है। एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस उस स्थिति को कहते है जब बैक्टीरिया उन एंटीबायोटिक दवाओं का प्रतिरोध करने लगते हैं, जिसके कारण ये दवाएं उन्हें मार नहीं पातीं या उनकी वृद्धि को रोक नहीं पातीं, जो परंपरागत रूप से उनके प्रभावी ढंग से इलाज करने के लिए इस्तेमाल की जाती रही हैं। नतीजतन, जीवाणु संक्रमण का इलाज करना बेहद मुश्किल हो जाता है।यह बेहद खतरनाक चिकित्सीय स्थिति हो सकती है क्योंकि इससे बीमार लोगों के लिए उपचार के विकल्प घट जाते हैं, जिससे प्रभावी उपचार में भी देरी हो सकती है। परिणामस्वरूप, गंभीर, लम्बी बीमारी और मृत्यु का जोखिम, और इलाज में देरी जैसी स्थितिया आम होती जाएगी। जीवित रहने के लिए परिवेश के हिसाब से ढलना जरूरी प्रकृति का नियम है कि वही जीव जीवित रहता है, जो खुद को नए परिवेश के हिसाब से ढालकर और मजबूत बनाता चलता है। ऐसा ही मच्छरों ने किया। पहले मॉर्टीन के धुएं से लड़ना सीखा। फिर जहरीली अगरबत्ती और फिर फास्ट कार्ड से। वे अपनी प्रतिरोधी क्षमता बढ़ाते चले गए और अब उन पर मच्छर मारने की सभी रसायन प्रभावहीन प्रतीत होते हैं। इसी तरह कई बैक्टीरिया ने एंटीबायोटिक्स दवाओं का सामना करना सीख लिया है। अब इन पर दवाओं का कोई असर नहीं पड़ता। इसलिए पहले जिन बीमारियों में ये दवाएं तुरंत असर दिखाती थीं, अब पैथोजेन्स के एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंट हो जाने से बेअसर साबित हो रही हैं। एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस एक प्रकार का रोगाणुरोधी प्रतिरोध है, जो सूक्ष्मजीवी द्वारा किसी भी दवा के लगातार उस पर नियंत्रण के लिए उपयोग के कारण उसके बचाव में विकसित कर लेती है। बैक्टीरिया के साथ साथ, वायरस और अन्य कई परजीवी भी किसी भी दवा के प्रति प्रतिरोध विकसित कर सकते हैं। इसमें गूढ़ बात है कि हमारा शरीर एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस विकसित नहीं करता बल्कि शरीर को बीमार करने वाला सूक्ष्मजीवी ही दवा को अप्रभावी बना देता है। नतीजतन किसी खास रोगकारक जीवाणु के खिलाफ एंटीबायोटिक्स कम प्रभावी हो जाता है। जीवाणु या बैक्टीरिया पृथ्वी पर विकसित हुए सबसे पहले जीवन की एक प्रतिनिधि जीव है, जिसे प्रोकैरियोट समूह में रखा जाता है, जिसकी जैव संरचना बहुत सरल और बाद के विकसित हुए जीवों (युकैरियोट) से काफी अलग होती है। इसकी अनुवांशिक व्यवस्था कुछ इस तरह होती है जहां बैक्टीरिया अपने आस पास के वातावरण के अनुरूप खुद को जल्दी ही ढाल लेता है। इस प्रकल्प में बैक्टीरिया अपने गुणसूत्र में आसानी से बदलाव कर खुद को प्रभावी बना लेता है। इस प्रक्रिया में बैक्टीरिया आपस में जरुरी जीन या गुणसूत्र के खास हिस्से का आपस में अदल बदल आसानी से कर लेते है। बैक्टीरिया अपने इसी प्रवृति की मदद से एंटीबायोटिक के लगातार समपर्क में रह कर धीरे-धीरे उस एंटीबायोटिक के प्रति प्रतिरोध विकसित करने लगता है।

## आज का राशिफल

### मेष

आज आपको कारोबार में अच्छा मुनाफा होगा और आपकी तरक्की होने से मन में प्रसन्नता का भाव रहेगा। समाज में शुभव्यय से आपकी कीर्ति बढ़ेगी। अगर आपका काफी समय से जरूरी कार्य अटका हुआ है तो कल किसी सरकारी अधिकारी की मदद से पूरा होगा और आपको किसी सरकारी योजना का लाभ भी मिलेगा।

### वृष

आज करियर में सफलता के योग बन रहे हैं और आपको कारोबार में भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आपकी तरक्की होगी और कोई बड़ी डील आप कर सकते हैं। भौतिक विकास के अच्छे योग हैं आपको कारोबार में मनचाही सफलता प्राप्त होने के योग हैं। यह आपके लिए कारगर साबित होगी। नौकरी करने वाले कल शांति के साथ ऑफिस के कार्यों को पूरा करेंगे।

### कर्क

आज दिन सकारात्मक रहने वाला है। संतान की प्रगति देखकर मन प्रसन्न रहेगा और ससुराल पक्ष से सम्मान मिलता नजर आ रहा है। विदेश में पढ़ाई कर रहे छात्रों को कल कोई अच्छी खबर मिल सकती है। पारिवारिक बिजनस की धीमी गति को तेज करने के लिए कल किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह की जरूरत पड़ेगी।

### सिंह

आज दिन सामान्य है। साझे में किया जाने वाला व्यापार काफी फायदा पहुंचाएगा। रोजमर्रा के घरेलू काम को निपटाने का सुनहरा मौका है। हो सकता है आज आपको पुत्र-पुत्री के संबंध में कोई बड़ा फैसला लेना पड़े। ईमानदारी और निर्धारित नियमों का ध्यान रखें। कई प्रकार के काम एक साथ हाथ में आने से आपकी बेचैनी बढ़ सकती है।

### मिथुन

आज दिन सावधानी और सतर्कता का है। आपको बिजनस के मामले में लाभ होगा। आपको लाभ होगा। रोजमर्रा के कामों से परे कुछ नए कामों में हाथ आजमाएं। किसी अपने के लिए कुछ पैसों का इंतजाम करना पड़ सकता है। नया मौका आपके आसपास है, उसे पहचानना आपके हाथ में है।

### कन्या

आज आर्थिक मामलों में लाभ होगा। आपके लिए आज का दिन काफी मजबूत है। दिनभर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। अतः कार्यशील रहें। परिवार में सुख शांति और स्थिरता बढ़ेगी। नौकरी या व्यापार में कुछ नवीनता ला सकें तो आगे चलकर लाभ होगा। काम में नई जान आएगी।

### तुला

आज दिन काफी रचनात्मक है। किसी क्रिएटिव कार्य में आपको सफलता प्राप्त होगी और आपकी बात को मानेंगे। आर्टिस्ट काम को पूरा करने में आप दिन बिता सकते हैं। जो काम आपको सबसे ज्यादा प्रिय है आज वही करने को मिलेगा। आपको रिलैक्स करने में मदद मिलेगी और नई योजनाएं भी आपके दिमाग में आएंगी। अपने से सीनियर का सहयोग पाने का प्रयास करें।

### वृश्चिक

आज दिन सफलता से भरा होगा और आपके लिए कहीं बाहर यात्रा पर जाने के योग बन रहे हैं। आपकी तरक्की होगी और आपको कानूनी विवाद में सफलता प्राप्त होने से मन प्रसन्न होगा। आपके धन सम्मान में वृद्धि होने से आपको पूरा दिन शानदार रहेगा। किसी कानूनी विवाद में सफलता मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। दिन के उत्तरार्ध में उलझनों के बावजूद पराक्रम में वृद्धि होगी।

### मकर

आज करियर के मामले में लाभ होगा। आपको हर कार्य में सावधानी रखने की सलाह है। आपकी तरक्की होगी और मन काफी प्रसन्न होगा। आस-पास के लोगों से टकराव की नौबत न आए इस बात का ध्यान रखें। किसी शुभ मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है। भाग्य पर भरोसा रखें और आत्मविश्वास के साथ कार्य करें। रात के समय स्थिति में और भी सुधार होगा और आपकी तरक्की होने से खुशी होगी।

### कुंभ

आज दिन काफी लाभकारक है। आपके कार्य-व्यवहार से जुड़े सभी विवाद सुलझ सकते हैं। काफी समय से लटका कोई प्रॉजेक्ट पूरा हो सकता है। आपके संबंधों में नयापन आएगा और कारोबार में आपकी योजनाएं सफल होंगी। आपका कोई नया काम आरंभ हो सकता है और बिजनस में भी आपको बेहतर रिटर्न प्राप्त होगा। ज़मीन जायदाद के मामले में पारिवारिक और आस-पास के लोग कुछ परेशानी पैदा कर सकते हैं।

### धनु

आज दिन काफी सृजनात्मक है और आप जो भी काम करेंगे उसमें आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। अधूरे काम निपट जाएंगे, महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी। ऑफिस में अपने विचारों के मुताबिक माहौल बन जाएगा और आपके साथी भी आपकी मदद करेंगे। रात्रि में शादी में जाने का अवसर मिल सकता है और आपको इसमें खुशी मिलने के साथ ही आपका मन भी काफी प्रसन्न होगा।

### मीन

आज दिन काफी व्यस्त रखने वाला है, लेकिन धर्म आध्यात्म के मामले में आपको पढ़ाई लिखाई करने से लाभ होगा और आपकी योजनाएं सफल होंगी। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके काम में बाधा डालने की कोशिश कर सकते हैं। रात का समय मंगलमय कार्यों में बीतेगा और आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आपकी तरक्की होगी और मन काफी प्रसन्न होगा।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5588

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | 5 | | | 3 | 2 | 1 | |
| 7 | | | | | | 5 | | 9 |
| 2 | 8 | | 6 | 9 | | | | 4 |
| | | | | | | | 7 | |
| | | | 2 | 1 | 8 | | | |
| | 5 | | | | | | | |
| 1 | | | | 4 | 2 | | 8 | 5 |
| 9 | | 8 | | | | | | 7 |
| | 4 | 6 | 3 | | | 1 | 9 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5587

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 7 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 6 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 5 | 6 | 8 | 1 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 5 | 6 | 8 | 3 |
| 6 | 4 | 3 | 2 | 1 | 8 | 7 | 5 | 9 |
| 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 | 2 | 4 |
| 7 | 3 | 8 | 1 | 6 | 4 | 2 | 9 | 5 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 9 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 1 | 8 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 |

## वर्ग पहेली 5588

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | 4 | 5 | |
| | ■ | | ■ | 6 | | | ■ |
| 7 | 8 | | | | ■ | 9 | 10 |
| ■ | 11 | | ■ | ■ | 12 | | |
| 13 | | | ■ | 14 | | ■ | |
| | ■ | 15 | 16 | | ■ | 17 | |
| | ■ | ■ | | ■ | 18 | ■ | |
| 19 | | | ■ | 20 | | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 1 अगस्त 2004 को इस देश ने भारत को 25 रनों से हराकर एशिया कप जीता था (3)
3. किसी देश की वह सीमा जो किसी दूसरे देश से मिली हों (4)
6. आर.के.नारायण के इस उपन्यास पर फिल्म निर्माण हुआ था, जिसमें देवानंद के साथ वहीदा रहमान थी (3)
7. पंडवानी शैली की प्रसिद्ध लोकगायिका (पद्मश्री)(5)
9. एक राजनीतिक पार्टी का संक्षिप्त नाम (2)
11. रदपट, अधर, ओंठ (2)
12. मनुज, इंसान, आदमी (3)
13. गुदाई करना, गुदाई कृति (3)
14. हस्ताक्षर, जो यथार्थ हो (2)
15. ना समझ, भोला, अनुभवहीन, सरल (2)
17. अत्यधिक, उच्च, उत्तम, बड़ा (2)
19. पढ़ने वाला, किसी विश्वविद्यालय का अध्यापक (3)
20. शरतचंद चट्टोपाध्याय की प्रसिद्ध कृति (4)

**ऊपर से नीचे**

1. विवाहित स्त्री, पत्नी (3)
2. विधायन करना, नियम बनाना (6)
3. विवाह क पूर्व की एक रस्म, मंगनी (3)
4. मथानी, जिससे मथा जा सकें (2)
5. अमेरिका के न्यूयार्क प्रांत के पूर्वी हिस्से में बहने वाली एक प्रसिद्ध नदी (4)
8. वर्षद, मेघ, जलदाता, नीरद, वारिद (3)
10. बिजली घर को अंग्रेजी में यह कहते है (6)
12. भारत के वर्तमान क्रिकेटर महेंद्रसिंह धौनी इस नाम से भी जाने जाते हैं (2)
13. महाराष्ट्र का प्रसिद्ध शहर नासिक इस नदी के उद्गम पर स्थित है (4)
14. बेटा, सूरज (अंग्रेजी)(2)
16. जिसमें दाग लगा हो, लांछित, दुर्गुणी (2)
18. मनसोविकार, मूल्य, भावित (2)

### वर्ग पहेली 5587 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मो | ह | म्म | द | र | फी | ■ | गा |
| हि | म | ■ | ■ | ह | म | रा | ज |
| नी | ला | म | ■ | ल | र | ज | ना |
| ■ | व | ह | म | ■ | ■ | स्था | ■ |
| वि | र | ल | ■ | दा | म | न | ■ |
| क | ■ | स | ■ | न | न | ■ | जा |
| सि | ता | रा | दे | वी | ■ | सु | वा |
| त | त | ■ | व | र | दा | ता | ■ |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**

## संक्षिप्त समाचार

### गुरुग्राम की फैक्ट्री में लगी भीषण आग, मौके पर पहुंचीं दमकल की 20 से ज्यादा गाड़ियां



**गुरुग्राम, एजेंसी।** हरियाणा के गुरुग्राम में साइबर सिटी के कादीपुर औद्योगिक क्षेत्र की गली नंबर आठ में प्लास्टिक के गोदाम में भीषण आग लग गई। घटना तड़के चार बजे की है। आग तेजी से फैल गई और पास की गली में खड़ा एक कैंटर भी आग की चपेट में आ गया। वहीं, आग लगने की सूचना के बाद सेक्टर 37 दमकल केंद्र के अलावा भीमनगर, सेक्टर 29 और उद्योग विहार दमकल केंद्र से 20 से ज्यादा फायर ब्रिगेड की गाड़ियां आग बुझाने के लिए पहुंची। आग लगने के बाद इसका धुआं और लपटें दूर तक दिखाई दीं।

### कार्यकाल पूरा करने वाले पहले गैर कांग्रेसी सीएम थे... पढ़ाई के जज्बे पर बॉलीवुड भी हुआ था फिदा

**चंडीगढ़,एजेंसी।** ओम प्रकाश चौटाला हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी देवी लाल के बेटे थे। ओम प्रकाश को साल 2012 में जेबीटी भर्ती घोटाला में दोषी करार देते हुए तिहा? जेल में 10 साल के लिए कारावास की सजा सुनाई गई थी। ओम प्रकाश चौटाला के निधन से हरियाणा की राजनीति के एक युग का अंत हो गया। देवीलाल के सबसे बड़े बेटे ओमप्रकाश चौटाला जाट राजनीति के दिग्गजों में थे। बारहवीं पास चौटाला पांच बार हरियाणा की कमान संभाल चुके थे। हालांकि वे केवल एक ही बार अपना कार्यकाल पूरा कर पाए। चौटाला पहले गैर कांग्रेसी सीएम थे जिन्होंने कार्यकाल पूरा किया था। वे 1989 में पहली बार सीएम बने थे। ओमप्रकाश चौटाला का जन्म एक जनवरी, 1935 को हुआ। शुरुआती शिक्षा के बाद ही चौटाला ने पढ़ाई छोड़ दी थी। ओमप्रकाश चौटाला पिता देवीलाल के जेल जाने के कारण अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर पाए थे। इसका उन्हें हमेशा मलाल रहा। जेबीटी भर्ती घोटाले में जब वे तिहाड़ जेल में बंद थे तो उन्होंने दसवीं की परीक्षा पास की थी। उन्होंने दसवीं पास करने को अपने आत्मसम्मान से जोड़ लिया था। जेल में दिन-रात पढ़ाई की और परीक्षा उत्तीर्ण करने में सफल रहे। वह आठवीं पास थे, उनका सपना था कि दसवीं की पढ़ाई पूरी करें। जेल में रहते हुए पढ़ाई करने के चौटाला के जज्बे पर अभिषेक बच्चन की फिल्म दसवीं आधारित है।

### यू-ट्यूबर ने कॉलर पकड़कर दनादन जड़े थप्पड़, माफी मांगता रहा शख्स पर नहीं आया तरस

**नोएडा, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के नोएडा में फेस-3 थाना क्षेत्र में यूट्यूबर राजीव सिसोदिया का सड़क किनारे एक व्यक्ति का कॉलर पक? कर कई बार थप्पड़ जड़ने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बुधवार को पुलिस ने वीडियो का संज्ञान लेकर मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपित यू-ट्यूबर की तलाश कर रही है। वायरल वीडियो 35 सेकंड का है। इसमें पीड़ित व्यक्ति कई बार चांटे खाने के बाद यू-ट्यूबर राजीव से माफी भी मांगता नजर आ रहा है, लेकिन आरोपी काफी देर तक उसे नहीं छोड़ता है। वीडियो में कहा गया कि एक व्यक्ति ने अपने वाहन से महिला और युवक को टक्कर मारकर घायल कर दिया। तभी पीछे से आ रहे राजीव ने अपनी कार का गेट खोला और व्यक्ति को पकड़ लिया। आरोपी ने व्यक्ति को कई बार पकड़ कर आगे-पीछे खींचा, जिसमें उसकी शर्ट भी फट गई।

# हाईकोर्ट ने लगाई फटकार- एसएसपी की मौजूदगी में फाड़ दिया नामांकन

**चंडीगढ़, एजेंसी।**
हाईकोर्ट में पटियाला चुनाव को लेकर अवमानना याचिका दाखिल की गई थी। कोर्ट को बताया गया कि चुनाव के लिए नामांकन भरने से याची को रोक दिया गया और कागज फाड़ दिए गए। पटियाला में नगर निगम चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया के दौरान एसएसपी की मौजूदगी में विपक्ष के लोगों के नामांकन पत्र फाड़ने के मामले में हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव व डीजीपी को जमकर फटकर लगाई है। हाईकोर्ट ने कहा कि एसएसपी की मौजूदगी में ऐसा हुआ, दुर्भाग्यपूर्ण है, क्या सरकार संविधान और कानून से भी ऊपर है। हाईकोर्ट में पटियाला चुनाव को लेकर अवमानना याचिका दाखिल की गई थी। कोर्ट को बताया गया कि चुनाव के लिए नामांकन भरने से याची को रोक दिया गया और कागज फाड़ दिए गए। कोर्ट में इसका वीडियो भी पेश किया गया, जहां एसएसपी मौजूद दिखे। इस पर पंजाब के डीजीपी और चीफ सेक्रेटरी को हाईकोर्ट ने तलब कर लिया। दोपहर दो बजे दोनों अधिकारी वीसी के जरिये हाईकोर्ट में पेश हुए।




हाइकोर्ट ने डीजीपी और चीफ सेक्रेटरी से पूछा कि आपने वीडियो देखे हैं, जिसमें धक्केशाही साफ नजर आ रही है। दोनों अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने अभी देखे हैं और उस पर कार्रवाई की जा रही है। हाईकोर्ट ने पूछा कि कब तक कार्रवाई होगी, दोनों ने कहा जल्द से जल्द। हाईकोर्ट ने कहा कि एसएसपी की मौजूदगी में ये सब हुआ है, कार्रवाई क्या की गई है। चीफ सेक्रेटरी ने कहा कि जांच की जा रही है। हाईकोर्ट ने कहा कि अगर ऐसे ही होना है तो चुनाव करवाने की क्या जरूरत है। चीफ सेक्रेटरी ने कहा कि वे अधिकारियों की भूमिका की जांच करेंगे। हाईकोर्ट ने कहा कि कैसे पुलिस अधिकारियों के सामने नॉमिनेशन फाड़े गए, इतनी धक्केशाही बर्दाश्त नहीं की जा सकती। चीफ सेक्रेटरी ने कहा जिस अधिकारी की भूमिका सामने आई उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। हाईकोर्ट ने कहा कि लोगों को चुनाव लड़ने ही नहीं दिया जा रहा, यह सीधे तौर पर लोकतंत्र के खिलाफ है, अगर ऐसे ही चलेगा तो चुनाव पर रोक लगाई जा सकती है। पंचायत चुनाव में भी ऐसा ही हुआ था, संविधान सबसे ऊपर है। जब लोगों को चुनाव में भाग ही नहीं लेने दिया जा रहा तो लोकतंत्र कैसे रहेगा। इस दौरान पंजाब के एडवोकेट जनरल को वीडियो दिखाते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि देखो क्या हो रहा है, बाघा पुराना और धर्मकोट में भी विपक्षी दलों के उम्मीदवारों को नामांकन भरने नहीं दिया गया। एजी ने कहा कि सभी मामलों में कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी और पुलिस की मौजूदगी में ऐसा हो रहा है तो बड़े ही दुर्भाग्य की बात है।

## दो युवतियां रेस्क्यू...चार फरार, गाजियाबाद में देह व्यापार का भंडाफोड़; ऐसे हुआ मामले का पर्दाफाश

**गाजियाबाद, एजेंसी।**
देह व्यापार की सूचना पर बृहस्पतिवार को दुहाई में हिंदू युवा वाहिनी के पदाधिकारियों के साथ पुलिस की टीम ने छापा मारा। इस दौरान दो युवतियों को रेस्क्यू किया गया और दो युवकों को पकड़ा गया है। हिंदू युवा वाहिनी के जिलाध्यक्ष आयुष त्यागी ने बताया कि दुहाई में शाहपुर रोड के पास स्थित होटल ग्रीन वैली में देह व्यापार की सूचना मिली थी। होटल का एक वीडियो भी मिला था। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचकर दो युवतियों को रेस्क्यू किया और दो युवकों को पकड़ा गया। चार युवतियां मौके से भाग निकलीं। उन्होंने मांग की है कि होटल को सील किया जाए, देह व्यापार में संलिप्त अन्य आरोपितों को भी जल्द ही गिरफ्तार किया जाए। एसएचओ मधुबन - बापूधाम ने बताया कि इस मामले में पुलिस की ओर से रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। जल्द ही अन्य आरोपितों को गिरफ्तार किया जाएगा। होटल को सील करने के लिए जिला प्रशासन को रिपोर्ट भेजी जाएगी। एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि पकड़े गए आरोपित मसूरी के वीरेंद्र और गुलफाम हैं। होटल संचालक मसूरी का शुभम है। नंदग्राम थाना क्षेत्र में एक टेंट कारोबारी को धमकी दी व उसके चालक के साथ मारपीट की गई है। जिसकी शिकायत कारोबारी दिनेश त्यागी ने पुलिस को देकर बताया कि बृहस्पतिवार सुबह उनका ड्राइवर रितेश नंदग्राम से टेंट का सामान लेकर आ रहा था। अज्ञात स्कूटी सवार पीछे से हॉर्न देता हुआ आ रहा था। उसने गाड़ी के सामने स्कूटी रोक दी। चालक रितेश ने गाडी साइड में लगा ली और उसे स्कूटी सवार ने गाड़ी से नीचे खीचकर पीटना शुरू कर दिया। फिर कुछ देर बाद पीडित के ऑफिस पर गाड़ी में कुछ लोग आए और गाड़ी चालक को डंडों से पीटकर मौके से फरार हो गए। उन्होंने टेंट कारोबारी को जान से मारने की धमकी भी दी। पीडति दिनेश त्यागी की शिकायत पर अज्ञात आरोपितों के खिलाफ नंदग्राम थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# पुलिस को सीधे चुनौती दे रहे आतंकी, 26 दिन में सात हमलों का आखिर क्या है मकसद

**चण्डीगढ़-पंजाब, एजेंसी।** पंजाब में एक महीने में सात अलग-अलग पुलिस थाने व चौकियों पर ग्रेनेड हमला हो चुका है। इन हमलों में कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। ऐसे में इन धमाकों के पीछे का मकसद ढूंढने में पुलिस जुट गई है। गृह मंत्रालय ने भी इस मामले में डीजीपी से रिपोर्ट मांगी है। पंजाब में बीते 26 दिनों में पुलिस थानों पर 7 ग्रेनेड हमले हो चुके हैं। गुरुवार सुबह करीब 4 बजे गुरदासपुर के बख्शीवाला पुलिस चौकी पर ग्रेनेड हमला हुआ। अब गृह मंत्रालय ने पंजाब डीजीपी गौरव यादव से इन ग्रेनेड हमलों के पीछे के अब तक के इनपुट मांगे हैं। पंजाब पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने पुलिस को खालिस्तानी आतंकी संगठनों द्वारा बड़े हमले को लेकर आशंका जताई है। इसी कड़ी में चंडीगढ़ में पंजाब पुलिस और चंडीगढ़ पुलिस हेडक्वार्टर के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में पुलिस थानों और चौकियों पर ग्रेनेड हमला कर खालिस्तानी आतंकी संगठन सीधे तौर पर पुलिस को चुनौती दे रहे हैं। दरअसल इन हमलों के जरिए आतंकी संगठन प्रदेश



के लोगों में न केवल डर का माहौल बनाना चाहते हैं, बल्कि स्पष्ट तौर पर यह संदेश भी देना चाहते हैं कि अगर पंजाब के थाने-चौकियों के साथ पुलिस सुरक्षित नहीं है तो जनता कैसे सुरक्षित होगी। कनाडा में 18 जून 2023 को हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद से बब्बर खालसा इंटरनेशन, खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स, खालिस्तार टाइगर फोर्स और अन्य संगठन भारत में विशेषकर खालिस्तानी मूवमेंट को जिंदा रखने के लिए अपने स्लीपर सेल्स को इन ग्रेनेड हमलों के साथ न केवल एक्टिव कर रहे हैं, इन हमलों की आड़ में हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का बदला लेने के लिए भी बड़ी प्लानिंग की जा रही है। गृह मंत्रालय के साथ लगातार ग्रेनेड हमलों को लेकर इनपुट साझा किए जा रहे हैं, जल्द ही हमले में इस्तेमाल किए जा रहे एक्सपलोसिव यानी ग्रेनेड की फॉरेंसिक रिपोर्ट भी साझा की जाएगी।

# दिल्ली चिड़ियाघर में बड़ी लापरवाही !

### एक और चिंकारा की मौत, खतरे में क्यों है जानवरों की जान ?

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
चिड़ियाघर में वन्यजीवों के संरक्षण में बरती जा रही लापरवाही के चलते एक और विलुप्तप्राय चिंकारा की मौत का मामला सामने आया है। चिंकारा की आपस में काफी देर तक चलने वाली लड़ाई में पिछले 7 महीने के दौरान 2 चिंकारा की मौत हो चुकी है। इसी प्रकार 2 मादा भेड़ियों के बीच हुई लड़ाई में एक की मौत हुई थी। वन्यजीवों के संरक्षण के लिए ही जू में सभी बाड़ों पर लाखों रुपये की लागत से सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। मगर निगरानी के अभाव में वन्यजीवों की मौत हो रही है। यह स्थिति तब है, जब सेंट्रल जूलॉजिकल अथॉरिटी (छ्रं) ने वन्यजीवों के हिंसक होने पर उन्हें अलग-अलग क्लोन या एरिना (दर्शकों के वन्यजीवों को देखने की जगह) में रखने का नियम बनाया हुआ है। जू प्रशासन ने भी इस नियम को लागू किया हुआ है। मगर संबंधित अधिकारी



अभी तक उस नियम का पालन नहीं कर पा रहे हैं। 2 चिंकारा की आपसी लड़ाई में एक की मौत हुई है। मरने वाला एडल्ट नहीं था। उन्होंने बताया कि 2 अन्य नर चिंकारा को अलग-अलग एरिना में रखा गया है। जरूरत पड़ने पर दूसरे इंतजाम भी किए जाएंगे। चिड़ियाघर के सूत्रों के अनुसार, 14 दिसंबर को दोपहर का भोजन करने के बाद दो चिंकारा आपस में लड़ पड़े थे। बड़े चिंकारा ने छोटे की छाती और सिर पर घातक हमला किया था। बताया जाता है कि उसकी वहीं पर मौत हो गई थी। इससे पहले 4 जून को 2 चिंकारा आपस में हिंसक हो गए थे। उस समय एक चिंकारा की आंत में गंभीर चोटें आने के कारण उसकी मौत हो गई थी। अब जू में 7 चिंकारा ही जीवित बचे हैं। उनमें से 3 मादा हैं। जू में होने वाली किसी आपदा या गड़बड़ी को रोकने के उद्देश्य से 2021-22 में 300 से अधिक सीसीटीवी कैमरे वन्यजीवों के बड़ों के अंदर, बाहर और रास्तों में लगाए गए थे। मगर जरूरत पड़ने पर उनकी निगरानी नहीं होती या सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग नहीं मिलती। इस साल सीसीटीवी कैमरे की निगरानी नहीं होने के कारण 3 वन्यजीवों की आपस में लड़ाई के दौरान हुई मौत के अलावा पिछले साल डायरेक्टर के घर के सामने से एक दर्जन से अधिक चंदन के पेड़ काट कर चोर ले गए थे।

# गैस चैंबर बनी राजधानी, कोहरा, धुंध, प्रदूषण और सर्दी...



**नईदिल्ली, एजेंसी।**
राजधानी गैस चैंबर में तब्दील हो गई है। आसमान में स्मॉग की चादर लिपटी है। ऐसे में यहां सांस लेना दूभर हो गया है। सबसे अधिक परेशानी सांस के मरीजों के साथ बुजुर्गों व बच्चों को हो रही है। राजधानी में आज भी कोहरे की चादर है। औसत त्त्क्ष्ठ 450 दर्ज किया गया है। राजधानी में मौसमी दिशाओं में बदलाव आने के साथ ही कोहरे व स्मॉग की मार लोगों पर पड़ रही है। मौसम विभाग ने तीन दिन के लिए घने से घना कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, पहाड़ों से आने वाली हवाओं ने ठंड बढ़ा दी है। सुबह-शाम के साथ दोपहर में भी ठंड़ी हवाएं कंपकपी बढ़ा रही हैं। आज औसत त्त्क्ष्ठ 450 दर्ज किया गया है। राजधानी में आज भी छाई है कोहरे की चादर।

गुरुवार को दिल्ली में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य से तीन डिग्री कम है। जबकि सबसे ठंडा इलाका नरेला रहा। यहां न्यूनतम तापमान 4.5 डिग्री सेल्सियस रहा। उधर, सुबह साढ़े सात बजे तक सफदरजंग एयरपोर्ट में दृश्यता 250 मीटर दर्ज की गई। जबकि पालम में 600 मीटर दृश्यता रही। सुबह कोहरे व स्मॉग का असर देखने को मिला। इससे सबसे अधिक परेशानी वाहन चालकों को हुई।

मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि शुक्रवार को कुछ स्थानों पर सुबह स्मॉग और घने से घना कोहरा रहने की संभावना है। शाम व रात में स्मॉग-धुंध का अनुमान है। ऐसे में अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 23 और छह डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा।

गुरुवार को लोगों को अच्छी-खासी ठंड का अहसास हुआ। दिन के समय कुछ देर के लिए सूरज के दर्शन हुए, लेकिन शाम ढ़लने से पहले ही कुहासा सा छा गया। वहीं, हवा की गति कम होने से कोहरे के साथ लोगों को स्मॉग से राहत नहीं मिली। हालांकि, शाम होते ही ठंडी हवाओं ने ठंडक का अहसास कराया। ऐसे में दिन का तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक के साथ 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# डॉ. आंबेडकर का ऐसा अपमान भारत बर्दाश्त नहीं करेगा'

### प्रियंका गांधी ने की अमित शाह की टिप्पणी की निंदा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब भीमराव आंबेडकर पर की गई टिप्पणी को लेकर राजनीतिक हंगामा बरपा हुआ है। विपक्ष और सत्ता पक्ष दोनों ही एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। इस मामले को लेकर एक बार फिर से कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा का बयान सामने आया है। प्रियंका गांधी ने शुक्रवार को गृह मंत्री अमित शाह की डॉ. भीमराव आंबेडकर के बारे में की गई टिप्पणी की निंदा की। प्रियंका गांधी ने कहा कि भारत में इस तरह का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।




**वे अब विपक्ष से डरे हुए हैं- प्रियंका गांधी**

मीडिया से बात करते हुए प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, वे जानते हैं कि आंबेडकर जी के लिए उनकी सच्ची भावनाएं सामने आ चुकी हैं। इसलिए, वे अब विपक्ष से डरे हुए हैं क्योंकि हम इस मुद्दे को उठा रहे हैं। इस मामले से राष्ट्रहित जुड़ा हुआ है। हमारा संविधान आंबेडकर जी, इस देश के लोगों और हमारे स्वतंत्रता संग्राम ने दिया है। उनका ऐसा अपमान भारत बर्दाश्त नहीं करेगा।

उन्होंने भाजपा नीत केंद्र सरकार पर अडानी मामले पर चर्चा करने से डरने का भी आरोप लगाया।उन्होंने कहा, यह सरकार डरी हुई है। यह सरकार अडानी मामले पर चर्चा करने से डरती है।

# क्या डीवाई चंद्रचूड़ बनेंगे एनएचआरसी के नए अध्यक्ष? पूर्व सीजेआई ने कहा इसमें सच्चाई नहीं



- 1 जून से रिक्त पड़ा है एनएचआरसी अध्यक्ष का पद
- पीएम मोदी की अगुवाई में 18 दिसंबर को हुई थी नए अध्यक्ष के चयन के लिए बैठक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने एनएचआरसी अध्यक्ष पद के लिए उनके नाम पर विचार किए जाने की खबरों झूठ बताया है। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष पद के लिए उनके नाम पर विचार किए जाने की मीडिया रिपोर्टें झूठी हैं।

गौरतलब है कि हाल ही में कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि डीवाई चंद्रचूड़ को केंद्र सरकार एनएचआरसी का नया अध्यक्ष बनाने जा रही है। इस पर उन्होंने समाचार एजेंसी पीटीआई से कहा, यह झूठ है। फिलहाल मैं अपने रिटायर्ड जीवन का आनंद ले रहा हूं।

### 1 जून से रिक्त है पद

बता दें कि एनएचआरसी के अध्यक्ष का पद सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस (सेवानिवृत्त) अरुण कुमार मिश्रा के 1 जून को अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद से खाली पड़ा है। सूत्रों ने एजेंसी को बताया था कि 18 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति ने एनएचआरसी के अगले अध्यक्ष का चयन करने के लिए बैठक की थी।

### खरगे और राहुल भी बैठक में हुए थे शामिल

उन्होंने कहा था कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी नेता राहुल गांधी क्रमशः राज्यसभा और लोकसभा में विपक्ष के नेता के रूप में बैठक में शामिल हुए थे। न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) मिश्रा ने जून, 2021 में नियुक्त होने के बाद अधिकार पैनल के आठवें अध्यक्ष के रूप में कार्य किया।

एनएचआरसी को नियंत्रित करने वाले कानून के अनुसार, एनएचआरसी प्रमुख का चयन करने वाली समिति की अध्यक्षता प्रधानमंत्री करते हैं, लेकिन इसमें लोकसभा अध्यक्ष, गृह मंत्री, लोकसभा और राज्यसभा में विपक्ष के नेता और राज्यसभा के उपसभापति इसके सदस्य होते हैं।

### विजय सयानी हैं कार्यवाहक अध्यक्ष

न्यायमूर्ति मिश्रा के सेवानिवृत्त होने के बाद विजय भारती सयानी एनएचआरसी के कार्यवाहक अध्यक्ष बने। चयन समिति की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्वारा भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश या शीर्ष अदालत के सेवानिवृत्त न्यायाधीश को एनएचआरसी का अध्यक्ष नियुक्त किया जाता है। पूर्व सीजेआई एच एल दत्तू और के जी बालाकृष्णन पहले भी इस अधिकार निकाय के अध्यक्ष रह चुके हैं।

# मोहम्मद रिजवान की कप्तानी में पाकिस्तान ने रचा इतिहास

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरा वनडे भी जीत लिया है. इसी के साथ उसने 3 वनडे की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त ले ली है. मतलब, वनडे सीरीज पर उसका कब्जा हो चुका है. अब अगर पाकिस्तान तीसरा वनडे हार भी जाती है, फिर भी सीरीज उसी की रहेगी. पाकिस्तान ने मोहम्मद रिजवान की कप्तानी में साउथ अफ्रीका को दूसरे वनडे में 81 रन से हराया. इस जीत के साथ उसने एक बेशकीमती रिकॉर्ड भी अपने नाम किया. पाकिस्तान का ये रिकॉर्ड साउथ अफ्रीका में सबसे सफल टीम बनने के तमगे से जुड़ा है.

**साउथ अफ्रीका में पाकिस्तान बनी सबसे सफल टीम:** मोहम्मद रिजवान की कप्तानी में पाकिस्तान ने साउथ अफ्रीका में जो कारनामा किया, उसके बाद वो वहां की माटी पर बाइलेटरल वनडे सीरीज जीतने के मामले में सबसे सफल विदेशी टीम बन गई है. पाकिस्तान ने इस बार साउथ अफ्रीका में तीसरी बाइलेटरल वनडे सीरीज अपने नाम की है. पाकिस्तान के साउथ अफ्रीका में सबसे सफल टीम बनने की शुरुआत 11 साल पहले साल 2013 में हुई थी, जब उसने वहां पहली बाइलेटरल वनडे सीरीज जीती थी. उसके बाद 2021 में दूसरी बार उसने वहां वनडे सीरीज जीती और अब 2024 में तीसरी वनडे सीरीज में भी अजेय बढ़त ले ली.

**बाबर-रिजवान की पार्टनऱशिप और गुलाम का तूफान:**




साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरे वनडे में पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 329 रन बनाए थे. पाकिस्तान को इतने बड़े स्कोर तक पहुंचाने में बाबर और रिजवान के बीच 23.3 ओवर में 4.89 की रनरेट से हुई 115 रन की साझेदारी के अलावा कामरान गुलाम के तेज-तर्रार अर्धशतक का भी बड़ा हाथ रहा. बाबर आजम ने 73 रन, मोहम्मद रिजवान ने 80 रन, जबकि कामरान गुलाम ने 196 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से 63 रन ठोके.

**शाहीन-नसीम के आगे साउथ अफ्रीका का सरेंडर:** अब साउथ अफ्रीका के आगे 330 रन का विशाल लक्ष्य था, जिसका पीछा करते हुए वो 43.1 ओवर में 248 रन पर ऑल आउट हो गए. पाकिस्तान की ओर से शाहीन शाह अफरीदी और नसीम शाह ने मिलकर 7 विकेट बांटे. शाहीन ने 4 जबकि नसीम ने 3 विकेट लिए. इनके अलावा अबरार अहमद ने 2 विकेट जबकि सलमान आगा ने 1 विकेट लिया. कामरान गुलाम को उनके विसफोटक खेल के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया.

**मोहम्मद रिजवान बने तीसरे पाकिस्तानी कप्तान:** साउथ अफ्रीका में वनडे सीरीज जीतने वाले मोहम्मद रिजवान तीसरे पाकिस्तानी कप्तान बन गए हैं. उनसे पहले दो वनडे सीरीज पाकिस्तान ने मिस्बाह उल हक (2013) और बाबर आजम (2021) की कप्तानी में जीते थे.

बीजीटी 2024:

## कोंस्टास को पहली बार मौका, रिचर्ड्सन की वापसी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के आखिरी 2 टेस्ट मैचों के लिए टीम का ऐलान कर दिया है। इसमें 2 बड़े बदलाव किए गए हैं। पहले तीन टेस्ट में उस्मान ख्वाजा के साथ ओपनिंग करने वाले नाथन मैकस्वीनी को चयनकर्ताओं ने स्क्वॉड से बाहर कर दिया है, जबकि 19 साल के ओपनर सैम कोंस्टास को पहली बार टीम में शामिल किया गया है। वहीं, चोट से जूझ रहे जोश हेजलवुड को भी टीम में जगह नहीं मिली है। इसके अलावा तीन साल के बाद तेज गेंदबाज झाय रिचर्ड्सन की वापसी हुई है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सीरीज का चौथा टेस्ट मैच 26 दिसंबर से मेलबर्न में खेला जाएगा, वहीं आखिरी और पांचवां मुकाबला 3 जनवरी से सिडनी में खेला जाएगा।

सैम कोंस्टास को पहली बार मौका भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलियाई प्राइम मिनिस्टर इलेवन टीम से खेलने वाले 19 साल के ओपनिंग बल्लेबाज सैम कोंस्टास को पहली बार मौका मिला है। कोंस्टास ने उस पिंक बॉल प्रैक्टिस मैच में शतकीय पारी खेली थी। इसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था। भारत और प्राइम मिनिस्टर इलेवन मैच के दौरान भारतीय कप्तान रोहित शर्मा (बाएं) और सैम कोंस्टास।

रिचर्ड्सन को तीन साल बाद मौका रिचर्ड्सन को तीन साल के बाद टेस्ट टीम में मौका मिला है। रिचर्ड्सन ने अपना आखिरी टेस्ट मुकाबला दिसंबर, 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ हुई एशेज सीरीज में एडिलेड के मैदान पर खेला था।

आखिरी 2 टेस्ट मैचों के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम पैट कमिंस (कप्तान), ट्रैविस हेड (उपकप्तान), स्टीव स्मिथ (उपकप्तान), सीन एबॉट, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, जोश इंग्लिश, उस्मान ख्वाजा, सैम कोंस्टास, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिचेल मार्श, झाय रिचर्ड्सन, मिचेल स्टार्क, ब्यू वेबस्टर।

## चैम्पियंस ट्रॉफी को लेकर गतिरोध खत्म होने से खुश पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर

**कराची, एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटरों ने राहत जताई है कि आखिरकार चैम्पियंस ट्रॉफी को लेकर भारत के साथ गतिरोध खत्म करने में आईसीसी कामयाब रहा है जिसके तहत भारतीय टीम अपने सारे मैच तटस्थ स्थान पर खेलेगी। बदले में पाकिस्तानी टीम भी 2027 के मौजूदा चक्र में भारत में होने वाले आईसीसी टूर्नामेंटों के अपने सारे मैच तटस्थ स्थान पर खेलेगी।



महान बल्लेबाज जावेद मियांदाद ने कहा, 'मुझे लगता है कि पीसीबी ने समझदारी दिखाई है और अलग थलग पड़ने की बजाय समाधान को चुना। इसमें पीसीबी को बीसीसीआई से ज्यादा फायदा हुआ है। पाकिस्तान लंबे समय बाद बड़े टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है। हमने साफ संदेश दे दिया है कि अगर आप हमारे देश में खेलने नहीं आते तो हम भी भारत में खेलने नहीं जाएंगे।

यह व्यवस्था चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 (पाकिस्तान), अगले साल भारत में होने वाले महिला क्रिकेट विश्व कप और भारत और श्रीलंका में 2026 में होने वाले टी20 विश्व कप में लागू रहेगी। भारत ने सुरक्षा कारणों से फरवरी मार्च में पाकिस्तान में होने वाले टूर्नामेंट के लिए जाने से इनकार कर दिया था। भारत ने 2008 में मुंबई आतंकी हमलों के बाद से पाकिस्तान में नहीं खेला है।

अंडर-19 महिला एशिया कप

# भारत ने श्रीलंका को हराकर फाइनल में बनाई जगह

**कुआलालंपुर, एजेंसी।** बाएं हाथ की स्पिनर आयुषी शुक्ला ने शानदार 4 विकेट लेकर भारत को शुक्रवार को बेयूमास क्रिकेट ओवल में श्रीलंका को 4 विकेट से हराकर अंडर-19 महिला एशिया कप के फाइनल में प्रवेश दिलाया। भारत की पिछली सुपर फोर जीत में बांग्लादेश के खिलाफ तीन विकेट लेने वाली आयुषी ने 4-10 के आंकड़े हासिल किए और श्रीलंका को 20 ओवरों में 98/9 पर सीमित करने में अहम भूमिका निभाई।

उन्हें साथी बाएं हाथ की स्पिनर परुनिका सिसोदिया का अच्छा साथ मिला जिन्होंने दो विकेट लिए, जबकि शबनम शकील और द्रिथी केसरी ने एक-एक विकेट लिया, क्योंकि मनुदी नानायकारा के 33 रन को छोड़कर श्रीलंका की कोई भी बल्लेबाज 25 तक नहीं पहुंच सकी। ईश्वरी अवसारे और सानिका चालके को जल्दी खोने के बावजूद जी त्रिशा और जी कमलिनी ने सुनिश्चित किया कि 99 रन का पीछा करने की भारत की कोशिश पटरी पर रहे।



2023 महिला अंडर 19 टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम की सदस्य त्रिशा ने 24 गेंदों में 32 रन बनाए और जी कमलिनी के साथ 63 रनों की साझेदारी की जिन्होंने 26 गेंदों में 28 रन बनाए। श्रीलंका ने मैच में वापसी की क्योंकि चामुदी मुनासिंघे ने त्रिशा को आउट कर दिया लेकिन शांत और धैर्यवान मिथिला विनोद ने चार चौके लगाए जिसमें विजयी रन भी शामिल था, और 12 गेंदों पर 17 रन बनाकर नाबाद रहीं जिससे भारत ने 14.5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया।

आयुषी को उनके चार चौकों के लिए अंततः प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। भारत अब रविवार को बयूमास क्रिकेट ओवल में होने वाले टूर्नामेंट के उद्घाटन संस्करण के खिताबी मुकाबले में बांग्लादेश-नेपाल सुपर फोर गेम के विजेता से भिड़ेगा।



# भारत ने वेस्टइंडीज को हराकर जीती टी20 सीरीज

- रिचा घोष ने 18 गेंदों पर जड़ा अर्धशतक
- स्मृति मंधाना बनीं प्लेयर ऑफ द सीरीज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने रिचा घोष और स्मृति मंधाना की रिकॉर्ड अर्धशतकीय पारी साथ ही राधा यादव की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर वेस्टइंडीज महिला क्रिकेट टीम को 3 मैचों की टी20 सीरीज के आखिरी मुकाबले में 60 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ ही भारत ने इस सीरीज को 2-1 से जीत लिया।

रिचा घोष को उनकी तेज बल्लेबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच जबकि स्मृति मंधाना को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। इस सीरीज के दूसरे और तीसरे मैच में स्मृति मंधाना ने टीम की कप्तानी की थी। भारत दूसरे मैच में 9 विकेट से हार मिली थी, लेकिन तीसरे मैच में टीम ने अच्छी वापसी करते हुए 60 रन से मैच जीत लिया। पहले मैच में हरमनप्रीत कौर ने भारत की कप्तानी की थी और इस मैच को भारत ने 48 रन से जीता था। तीसरे मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट पर 217 रन बनाए। महिला टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में ये भारत का सबसे बड़ा स्कोर भी रहा। इसके जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 157 रन ही बना पाई।

**रिचा घोष ने 18 गेंदों पर लगाया अर्धशतक**

इस मैच में भारत की तरफ से रिचा घोष ने मात्र 18 गेंदों पर अर्धशतक लगाया और वो महिला टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में भारत की तरफ से सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाली बल्लेबाज बन गई साथ ही ओवरऑल भी वो महिला टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाली खिलाड़ी बन गई और फोबे लिचफील्ड और सोफी डिवाइन की बराबरी कर ली जिन्होंने उनसे पहले 18-18 गेंदों पर ही अर्धशतक लगाए थे।

**महिला टी-20 में सबसे तेज अर्धशतक**

18 गेंदें- ऋचा घोष बनाम वेस्टइंडीज, 2024

18 गेंदें- फोबे लिचफील्ड बनाम वेस्टइंडीज, 2023

18 गेंदें- सोफी डिवाइन बनाम भारत, 2015

**स्मृति मंधाना ने बनाए 77 रन**

स्मृति मंधाना ने तीसरे टी20 मैच में वेस्टइंडीज के खिलाफ 27 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया और इस मैच में उन्होंने 47 गेंदों पर एक छक्का और 13 चौकों की मदद से 77 रन की शानदार पारी खेली। जेमिमा ने भी टीम के लिए 28 गेंदों पर 39 रन बनाए जबकि राघवी बिष्ट ने 22 गेंदों पर नाबाद 31 रन बनाए। रिचा घोष ने 21 गेंदों पर 5 छक्के और 3 चौकों की मदद से 54 रन की बेहतरीन पारी खेली और भारत ने 217 रन बना डाले।

**राधा यादव ने झटके 4 विकेट**

दूसरी पारी में भारत की बेहतरीन गेंदबाजी के सामने वेस्टइंडीज महिला टीम जीत के लक्ष्य से काफी दूर रह गई और मैच गंवा दिया। भारत के लिए राधा यादव ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए जबकि रेणुका ठाकुर, संजीवन संजना, तितास सिंधू और दिप्ती शर्मा को 1-1 विकेट मिले। वेस्टइंडीज के लिए चिनेले हेनरी ने 16 गेंदों पर 4 छक्के और 3 चौकों की मदद से सबसे बड़ी 43 रन की पारी खेली।कप्तान हेली मैथ्यूज ने 22 रन जबकि डिएंड्रा डॉटिन ने 25 रन की पारी खेली।

**मंधाना बनीं प्लेयर ऑफ द सीरीज**

मंधाना ने वेस्टइंडीज के खिलाफ इस टी20 सीरीज के पहले मैच में 54 रन की पारी खेली थी जबकि दूसरे मैच में उन्होंने 62 रन बनाए। इन तीनों पारियों में लगातार अर्धशतक लगाने के बाद मंधाना किसी टी20 सीरीज के लगातार तीन मैचों में 50 या उससे ज्यादा रन बनाने वाली पहली महिला खिलाड़ी बन गईं। इस सीरीज में मंधाना ने सबसे ज्यादा रन बनाए और प्लेयर ऑफ द सीरीज भी बनीं।

बांग्लादेश-वेस्टइंडीजः

## बांग्लादेश ने 80 रन से जीता आखिरी टी20, पहली बार वेस्टइंडीज के खिलाफ किया क्लीन स्वीप



**नईदिल्ली, एजेंसी।** बांग्लादेश ने शुक्रवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे टी20 में 80 रन से जीत हासिल की। इसके साथ ही बांग्लादेश पहली बार वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज में क्लीन स्वीप करने में कामयाब रही। दोनों के बीच टेस्ट सीरीज 1-1 से बराबरी पर रही थी। इसके बाद वेस्टइंडीज ने वनडे सीरीज 3-0 से अपने नाम की थी। बांग्लादेश ने टी20 सीरीज में क्लीन करके हिसाब बराबर कर दिया। सेंट विंसेंट में खेले गए तीसरे टी20 में जेकर अली की तूफानी पारी के अलावा मेहदी हसन की शानदार गेंदबाजी ने भी वेस्टइंडीज को परेशान किया। बांग्लादेश ने मैच में टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। पहले विकेट के लिए लिटन दास और परवेज हुसैन ने 44 रन की साझेदारी की। लिटन दास 14 रन बनाकर रोमारियो शेफर्ड का शिकार बने। परवेज हुसैन ने लिटन के बाद तनजित हुसैन के साथ साझेदारी की कोशिश की लेकिन कुल स्कोर में 10 रन जोड़कर ही अल्जारी जोसेफ की गेंद पर आउट हो गए। आखिर में मेहदी हसन मिराज और जाकेर अली ने साझेदारी की कोशिश की।

# मुंबई इंडियंस ने बनाया राशिद खान को कप्तान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मुंबई इंडियंस केप टाउन ने एसए टी-20 के अगले सीजन के लिए नए कप्तान की घोषणा की है। अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के स्टार स्पिनर राशिद खान इस टूर्नामेंट में टीम की कप्तानी करेंगे, जो अगले साल की शुरुआत में खेला जाएगा। राशिद खान एसए टी-20 के सीजन 1 में भी मुंबई इंडियंस केप टाउन के कप्तान थे, लेकिन पीठ की चोट के कारण लीग के दूसरे सीजन में खेलने से चूक गए थे। उन्होंने इस सीजन में गेंद से अच्छा प्रदर्शन किया और 30.0 की औसत और 7 से कम की इकॉनमी से 9 विकेट चटकाए।

राशिद खान की मौजूदगी मुंबई इंडियंस केप टाउन के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। उनका नेतृत्व टीम के लिए बेहद महत्वपूर्ण होगा क्योंकि उन्होंने टी20 विश्व कप 2024 में कप्तान के रूप में अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के लिए बड़ी भूमिका निभाई थी। राशिद की कप्तानी में अफगानिस्तान क्रिकेट टीम ने टी20 विश्व कप 2024 में काफी अच्छा प्रदर्शन किया था और सेमीफाइनल में पहुंची थी। हालांकि सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को साउथ अफ्रीका से हार मिली थी। मुंबई इंडियंस को राशिद पर काफी भरोसा है और इस



फ्रेंचाइजी को उम्मीद है कि उनकी कप्तानी में ये टीम एसए टी-20 में अच्छा प्रदर्शन करने में सफल हो पाएगी।

मुंबई इंडियंस केप टाउन ने राशिद खान को कप्तान बनाने को लेकर आधिकारिक बयान जारी किया और कहा कि वो अफगान के पावरहाउस, स्पिन के जादूगर और खेल में क्रांति लाने वाले खिलाड़ी हैं। उनकी गेंदबाजी लेग-स्पिन की पुरानी तकनीकों से पूरी तरह से अलग है और इसके दम पर उन्होंने अफगानिस्तान क्रिकेट टीम को कहां से कहां पहुंचा दिया। पिछले सीजन में हमें उनकी कमी खली थी क्योंकि पीठ में चोट की वजह से वो मैदान से बाहर थे, लेकिन अब वो कप्तान की भूमिका में वापस आ गए हैं। 2025 में हमें उम्मीद है कि राशिद खान कुछ अलग करेंगे और हमें भरोसा है कि वो अपने लक्ष्य पर नजर रखेंगे।

# विराट कोहली, रोहित शर्मा समेत 12 क्रिकेटर्स का संन्यास

**नईदिल्ली, एजेंसी।** यह साल 2024 भारतीय क्रिकेट के लिए कभी खुशी-कभी गम की तरह रहा है. भारतीय टीम ने इसी साल टी20 वर्ल्ड कप खिताब जीता और फैन्स को खुशियां दी. मगर इस एक ही साल में भारत के 12 स्टार खिलाड़ियों ने क्रिकेट को अलविदा भी कहा है. यह उनके फैन्स के लिए किसी गम से कम नहीं रहा. भारतीय फैन्स को सबसे बड़ा और तगड़ा झटका तब लगा, जब विराट कोहली, रोहित शर्मा, रवींद्र जडेजा, शिखर धवन और आखिर में रविचंद्रन अश्विन जैसे स्टार प्लेयर्स ने संन्यास लिया. हालांकि कोहली, रोहित और जडेजा ने सिर्फ टी20 इंटरनेशनल को ही अलविदा कहा.

दरअसल, भारतीय टीम ने इसी साल जून में टी20 वर्ल्ड कप खिताब जीता था. टीम ने 29 जून को हुए फाइनल में साउथ अफ्रीका को 7 रनों से शिकस्त देकर दूसरी बार टी20 वर्ल्ड कप जीता था. बारबाडोस में यह फाइनल जीतते ही कोहली और रोहित ने टी20 इंटरनेशनल से संन्यास लेने का ऐलान कर दिया था. यह फैन्स को एक तगड़ा झटका था. इसके अगले ही दिन जडेजा ने इस गम को और बड़ा दिया. जब उन्होंने भी टी20 इंटरनेशनल से



रिटायरमेंट का ऐलान किया. इस तरह फैन्स को वर्ल्ड कप जीत की खुशी के साथ तीन स्टार प्लेयर्स के संन्यास का गम भी मिला था.

बर्थडे के दिन ही कार्तिक ने फैन्स को दिया ये झटका

इसी महीने के पहले दिन यानी 1 जून को भारतीय टीम के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने भी फैन्स को चौंकाया था. एक जून को ही कार्तिक का बर्थडे भी था. उन्होंने इसी दिन फैन्स को बर्थडे गिफ्ट के रूप में यह गम दिया था. कार्तिक ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से रिटायरमेंट ले लिया.

अकेले जून में 4 संन्यास के बाद भारतीय टीम को तगड़ा झटका अगस्त में लगा. जब स्टार भारतीय स्टार ओपनर शिखर धवन ने 24 अगस्त को इंटरनेशनल और घरेलू क्रिकेट से रिटायरमेंट का ऐलान किया. धवन साल 2013 में चैम्पियंस ट्रॉफी जीतने वाली भारतीय टीम का भी हिस्सा रह चुके हैं.

## ऑस्ट्रेलिया दौरे से ठीक पहले हुआ था एक संन्यास

भारतीय टीम इस समय ऑस्ट्रेलिया दौरे पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेल रही है. इस सीरीज से ठीक पहले नवंबर में अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज ऋद्धिमान साहा ने झटका दिया था. उन्होंने क्रिकेट को अलविदा कह दिया था.

बंगाल के इस 40 साल के विकेटकीपर ने 2010 में इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू के बाद से 40 टेस्ट और 9 वनडे मैच खेले. इन सबके अलावा भारतीय टीम के स्टार प्लेयर रहे केदार जाधव के अलावा वरुण आरोन, बरिंदर सरां, सिद्धार्थ कौल और सौरभ तिवारी ने भी तीनों फॉर्मेट को अलविदा कह दिया है. इस तरह लग रहा था कि मामला यहीं ठहर जाएगा.

साल का आखिरी और तगड़ा झटका अश्विन ने दिया

मगर साल खत्म होते-होते तगड़ा झटका स्टार स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने दिया. बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बीच में ही इस स्टार स्पिन ऑलराउंडर ने इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह दिया. उन्होंने यह फैसला भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गए गाबा टेस्ट के ड्रॉ होने के तुरंत बाद गुरुवार (18 दिसंबर) को लिया. ऐसे में इस साल 2024 में कुल 12 भारतीय क्रिकेटर्स ने संन्यास लिया. यह एक तरह से रिटायरमेंट इलेवन बन गई है.

## 2024 में इन 12 भारतीयों का संन्यास

- कोहली, रोहित, जडेजा का टी20 इंटरनेशनल से संन्यास
- अश्विन का इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट
- दिनेश कार्तिक, शिखर धवन, केदार जाधव, ऋद्धिमान साहा, वरुण आरोन, बरिंदर सरां, सिद्धार्थ कौल और सौरभ तिवारी ने तीनों फॉर्मेट को अलविदा कहा.

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com


## न्यूज बाइट्स

### दुल्ला बिगहा नहर के पास बाइक चोरी, प्राथमिकी दर्ज

**गोह (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** गोह थाना क्षेत्र में दुल्ला बिगहा नहर के निकट एक निजी स्कूल के पास से गुरुवार को देर शाम एक बाइक चोरी हो गई। इस संबंध में महमदपुर गांव निवासी मुन्ना कुमार ने थाना में लिखित आवेदन देकर बताया कि उनके भाई मुकेश कुमार की बाइक चोरी हो गई है। मुन्ना कुमार ने बताया कि उनके भाई मुकेश कुमार दिव्यांग स्कूल चलाते हैं और गुरुवार को देर शाम स्कूल के बाहर बाइक खड़ी कर रखी थी। जब रात लगभग साढ़े आठ बजे स्कूल से बाहर आकर देखा, तो बाइक गायब थी। आसपास में काफी खोजबीन की लेकिन कहीं पता नहीं चल सका। इसके बाद पुलिस को सूचना दी।पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और बाइक की बरामदगी के लिए छानबीन शुरू कर दी है।

### बंगाली विगहा में कॉ. श्रवण कुमार सिंह की शोक सभा आयोजित

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** हसपुरा प्रखंड के सोनहथू पंचायत स्थित बंगाली विगहा गांव में शुक्रवार को अवकाश प्राप्त शिक्षक और समाजसेवी कॉ. श्रवण कुमार सिंह की स्मृति में पुष्पांजलि सह शोक सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता जगनारायण सिंह विकल ने की, जबकि संचालन साहित्यकार प्रो. अलखदेव प्रसाद अचल ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत श्रवण कुमार सिंह के तैलचित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। सभा में वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व और समाजसेवी योगदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व केंद्रीय मंत्री आर.सी.पी. सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में जहां संयुक्त परिवार टूट रहे हैं, वहीं श्रवण बाबू ने अपने परिवार को एकजुट रखा। यह आज के समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि श्रवण बाबू ने न केवल अपने परिवार में, बल्कि समाज में भी शिक्षा का प्रकाश फैलाने का काम किया।

### दो नाबालिग व तीन प्रेमी युगल गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** रफीगंज पुलिस ने विभिन्न जगहों से अपहरण हुए पांच प्रेमी युगल को गिरफ्तार किया। पांचो को औरंगाबाद न्यायालय में 164 बयान हेतु भेज दिया गया। थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि वृहस्पतिवार को थाना क्षेत्र के एक गांव से एक 16 वर्षीय एवं 15 वर्षीय नाबालिग का अपहरण मामले में नाबालिक की मां ने थाना में 753/24 काण्ड संख्या में प्राथमिकी दर्ज कराया था। जिसे पुलिस गश्ती के दौरान रफीगंज स्टेशन से गिरफ्तार किया गया। थाना क्षेत्र के एक गांव के 17 वर्षीय नाबालिग को थाना से ही बरामद किया गया। अपने पूरे परिवार के साथ थाना में आकर आत्मसमर्पण किया था। 16 दिसंबर को ही नाबालिग के पिता ने रफीगंज थाना में 742/24 के काण्ड संख्या में अपहरण मामले में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करवाया था। जिसे रफीगंज स्टेशन से ही अपहरण के एक आरोपी को बरामद किया गया।। 709/24 के कांड संख्या में प्राथमिकी दर्ज हुई थी। तीन बच्चे की मां अपने प्रेमी संग फरार हुई थी जिसे बस स्टैंड से ही गिरफ्तार किया गया। इस मामले में प्रेमिका के पति ने रफीगंज थाना में 685/24 के कांड संख्या में अपहरण का मामले दर्ज कराया था। थानाध्यक्ष ने बताया कि तिन नाबालिग एवं दो बालक को 164 के बयान के लिए औरंगाबाद न्यायालय में भेज दिया गया। न्यायालय के आदेशानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पत्नी ने पति को खाने में जहर मिलाकर मार डाला

**पटना (नि. सं.)।** पटना के खीरमोर थाना क्षेत्र में घरेलू विवाद में पत्नी ने पति को जहर देकर मार डाला। पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है। परिजनों ने हत्या का केस दर्ज कराया है। मृतक की पहचान खानपुरा टारी टोला के जितेंद मांझी(35) के तौर पर हुई है। सात साल पहले शादी हुई थी। दोनों के तीन बच्चे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जितेंद्र मांझी अक्सर शराब के नशे में रहता था। पत्नी से मारपीट भी करता था। इसी विवाद में वारदात को अंजाम दिया गया है। मृतक के भाई गेंदा मांझी ने बताया कि जितेंद्र का उसकी पत्नी बेलमती देवी(31) से शराब पीने को लेकर विवाद हुआ था। गुस्से में उसने खाने में जहर मिला दिया। खाना खाते ही भाई की तबीयत बिगड़ गई। मामले की सूचना पर मौके पर पहुंची डायल-112 की टीम ने इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से डॉक्टरों ने पीएमसीएच रेफर कर दिया। इलाज के दौरान मौत हो गई। वारदात के बाद भाभी मौके से फरार हो गई थी, लेकिन पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

#### मजदूर को छोड़कर लौट रहा था घर, सड़क किनारे अनियंत्रित होकर पलट गई ट्रैक्टर

# ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत

**निज संवाददाता | अंबा (औरंगाबाद)**



जिले के संडा-बालूगंज पथ पर दरियापुर गांव के समीप शुक्रवार सुबह एक अनियंत्रित ट्रैक्टर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। इस हादसे में ट्रैक्टर चालक हरेंद्र सिंह (32) की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक नेहुटा गांव का निवासी था। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही अंबा थाना पुलिस की टीम, जिसमें एसआई सुमित कुमार और एसआई सुरज कुमार शामिल थे, तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से ट्रैक्टर के नीचे दबे हुए हरेंद्र सिंह को बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार, हरेंद्र सिंह 20 दिन पहले नेहुटा गांव में कृषि कार्य के लिए 15 मजदूरों को लेकर गया था। काम पूरा होने के बाद वह शुक्रवार को मजदूरों को उनके घर छोड़ने गया था। मजदूरों को छोड़ने के बाद, जब वह अपने घर नेहुटा लौट रहा था, तभी ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। अंबा थाना अध्यक्ष राहुल कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा, 'ट्रैक्टर पलटने से एक व्यक्ति की मौत हुई है। मृतक के परिजनों को सूचना दी जा चुकी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और आगे की जांच की जा रही है।

#### परिवार में शोक की लहर

हरेंद्र सिंह की अचानक हुई मौत से नेहुटा गांव में शोक की लहर है। परिवार और ग्रामीणों ने बताया कि हरेंद्र बेहद मिलनसार और मेहनती व्यक्ति था। उसकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। हरेंद्र अपने परिवार का मुख्य सहारा था और उसकी मृत्यु से परिवार आर्थिक संकट का सामना करेगा। स्थानीय लोग इस हादसे को लेकर प्रशासन और सड़क सुरक्षा पर सवाल उठा रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि सड़कों की खराब स्थिति और वाहनों की लापरवाही ऐसी दुर्घटनाओं का कारण बन रही है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि सड़कों की स्थिति सुधारी जाए और ऐसे हादसों को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं। पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस बात की भी जांच की जा रही है कि हादसा वाहन की तकनीकी खराबी के कारण हुआ या चालक की चूक की वजह से।

## 12 लोगों के घर के साथ देवी मंदिर पर भी चला बुलडोजर

**निज संवाददाता | हसपुरा (औरंगाबाद)**



पचरूखिया बाजार में शुक्रवार को प्रशासन ने बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। पटना हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया, जिसमें 12 अवैध मकानों समेत एक देवी मंदिर को भी ध्वस्त कर दिया गया। अंचलाधिकारी कौशल्या कुमारी ने बताया कि यह कार्रवाई नारायण शर्मा बनाम सरकार एवं अन्य मामले में 21 सितंबर को पारित आदेश के तहत की गई। अंचलाधिकारी ने बताया कि देवी मंदिर को ध्वस्त करने से पहले उसमें स्थापित मूर्ति को विधिवत पूजा-अर्चना के बाद हसपुरा ब्लॉक परिसर स्थित देवी मंदिर में स्थापित किया गया। इसके बाद मंदिर को गिराया गया। उन्होंने कहा कि सभी अतिक्रमणकारियों को पहले से नोटिस जारी कर इस कार्रवाई की सूचना दी गई थी। अतिक्रमण के तहत जिन 12 मकानों को ध्वस्त किया गया, उनमें जीतन विश्वकर्मा, नारायण शर्मा, गोपी शर्मा, वेंकटेश शर्मा, नथुनी साव, तिलेश्वर साव, नन्हकू पासवान, और बिंदेश्वर शर्मा के घर शामिल थे। इसके अलावा सी.पी.आई.एम. के पार्टी कार्यालय को भी जेसीबी मशीन से गिरा दिया गया।

यह पहला मौका नहीं है जब पचरूखिया बाजार में अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई हुई। पिछले महीने 21 तारीख को भी इसी इलाके में बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण हटाया गया था। इस कार्रवाई को सफलतापूर्वक अंजाम देने के लिए मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात था। हसपुरा थानाध्यक्ष नरोत्तम कुमार, एस.आई. पवन कुमार, कमल किशोर यादव, खुशबू कुमारी, और एएसआई भोला सिंह समेत सैकड़ों पुलिसकर्मी मौजूद थे। प्रशासन ने किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पूरी तैयारी कर रखी थी। अंचलाधिकारी कौशल्या कुमारी ने बताया कि इस कार्रवाई का आधार हाईकोर्ट का आदेश है, जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया था कि सरकारी भूमि पर हुए अतिक्रमण को हटाया जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन भविष्य में भी इस तरह की कार्रवाई जारी रखेगा, ताकि सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया जा सके।

## दानी बिगहा में बसपा का एक दिवसीय धरना

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



शहर के दानी बिगहा बस स्टैंड के समीप बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के द्वारा एक दिवसीय विशाल धरना आयोजित किया गया। इसमें नबीनगर प्रखंड के माली थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में बीते दिनों 15 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या का विरोध किया और हत्यारोपियों के खिलाफ सख़्त कार्रवाई की मांग की। जिला परिषद सदस्य विकास कुमार ने कहा कि नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या की घटना का निंदा करता हूं। पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग करता हूं। उन्होंने कहा कि आज बहुजन समाज के लोग चुप रहेंगे तो भविष्य में न्याय की अपेक्षा न रखें। ऐसी घटनाएं आगे भी घटित होगी और आप अकेले कुछ नहीं कर पाएंगे। संगठित होकर इस लड़ाई को मजबूती से लड़े। क्योंकि इसमें पुलिस प्रशासन की भी मनसा ठीक नहीं है, क्योंकि अब तक मृतका का पोस्टमार्टम रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं किया गया है। मूल रिपोर्ट को बदलने की साज़िश रची जा रही है। इनकी मनसा कही से मृतका के परिजनों को सुरक्षा मुहैया करवाना नहीं है। घटना के बाद से मृतका का परिवार भय के माहौल में जी रहा है।

इस दौरान कई राजनीतिक व सामाजिक संगठनों के प्रमुख पीड़ित परिजनों से मिल चुके हैं, लेकिन केवल खानापूर्ति की गई। उन्होंने कहा कि 27 दिसंबर को आर-पार की लड़ाई होगी। जब तक न्याय नहीं मिलेगा। हमलोग समाहरणालय के समीप बैठे रहेंगे। आज बिहार सरकार को दलितों पर अत्याचार से कोई सरोकार नहीं है। यदि आज बाबा साहब डॉ अंबेडकर द्वारा दिया हुआ संविधान हमारे पास नहीं होता है तो हमें अपने ऊपर अत्याचार का विरोध करने और न्याय मांगने का अधिकार नहीं होता। लेकिन बीते दिनों गृह मंत्री अमित शाह ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के लिए जिन शब्दों का इस्तेमाल किया है, उससे उनकी गरिमा और अस्तित्व को गहरी ठेस पहुंची है। एक तरह से उनका अपमान हुआ है।

## पैक्स कार्यकारिणी की बैठक संपन्न, धान अधिप्राप्ति और संचालन को लेकर बनी रणनीति

**निज संवाददाता | हसपुरा (औरंगाबाद)**



भदवा प्रखंड के आशा बिगहा पैक्स गोदाम में शुक्रवार को नवनिर्वाचित पैक्स अध्यक्ष नीरज कुमार की अध्यक्षता में कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य धान अधिप्राप्ति योजना और पैक्स के सुचारू संचालन को लेकर रणनीति बनाना था। बैठक में कार्यकारिणी सदस्यों और बीसीओ को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। बैठक में बीसीओ अरुण कुमार और विकास कुमार ने कहा कि 15 नवंबर से धान अधिप्राप्ति की प्रक्रिया शुरू हो रही है। उन्होंने इसे सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना बताते हुए किसानों से अपील की कि वे जल्द से जल्द अपना धान पैक्स में बेचें। अधिकारियों ने किसानों को आश्वस्त किया कि धान की बिक्री के बाद उनकी भुगतान राशि 48 घंटे के भीतर उनके बैंक खातों में जमा कर दी जाएगी। पैक्स अध्यक्ष नीरज कुमार ने बैठक में कहा कि कार्यकारिणी का कोरम पूरा हो गया है, जिससे अब धान अधिप्राप्ति का काम जल्द ही शुरू होगा। उन्होंने सभी कार्यकारिणी सदस्यों से पैक्स संचालन में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। अध्यक्ष ने कहा कि किसानों को पैक्स की लाभकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ लेना चाहिए और अधिक से अधिक धान की बिक्री करनी चाहिए। बैठक में खाता संचालन, कैश क्रेडिट और धान अधिप्राप्ति को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। सदस्यों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि पैक्स संचालन पारदर्शी और सुचारू हो। अध्यक्ष ने कहा कि पैक्स के लाभकारी योजनाओं से न केवल किसानों को फायदा होगा, बल्कि पैक्स की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। इस अवसर पर प्रबंधक संजय कुमार सिंह, सदस्य जनेश्वर प्रसाद, सुनील कुमार, अवध बिहारी सिंह, राज बिहारी सिंह, और प्रीति देवी मौजूद थे। सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए थाना अध्यक्ष गुफरान अली पुलिस बल के साथ बैठक में उपस्थित रहे।

### हाईटेंशन तार के चपेट में आकर किशोर की मौत

**गोह (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** गोह के उपहारा थाना क्षेत्र के तेयाप गांव में एक दुखद घटना घटी, जहां 12 वर्षीय गुड्डू कुमार की मौत हाईटेंशन तार की चपेट में आने से हो गई। बताया जाता है कि गुड्डू कुमार अपने गांव के पास स्थित गोलका आहर के पास शौच करने गया था। इसी दौरान हाईटेंशन तार के चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि गुड्डू कुमार के परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर कागजी प्रक्रिया पूरी की और शव को बरामद कर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया।

मृतक के पिता कपिल मांझी ने बताया कि उनका बेटा शाम में शौच करने गया था। जब वह गोलका आहर के पास पहुंचा, तो पूर्व से लूज बिजली के हाईटेंशन की तार के चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। गुड्डू की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है।

### लगातार देर से स्कूल आने वाले शिक्षकों का होगा तबादला

**पटना (नि.सं.)।** लगातार स्कूल देर से आने वाले शिक्षकों का तबादला प्रखंड और जिले से बाहर कर दिया जाएगा। बिहार विद्यालय विशिष्ट शिक्षा (संशोधन) नियमावली, 2024 में इसका साफ उल्लेख किया गया है। इसमें कहा गया है कि प्रशासनिक दृष्टि से ऐसे शिक्षकों का तबादला किया जाएगा। इस नियमावली को गजट प्रकाशन कर दिया गया है। राज्य में यह नियमावली लागू कर दी गई इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई। नियमावली में यह भी स्पष्ट किया गया है कि शिक्षकों के लिए आचारण संहिता का अनुपालन अनिवार्य होगा। इसका अनुपालन नहीं करने वाले शिक्षकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होगी। नियमावली में विभिन्न मामलों में शिक्षकों के खिलाफ निलंबन, बर्खास्तगी, अनिवार्य सेवानिवृत्ति, पदावनति, कम वेतनमान आदि तक दंड का प्रावधान किया गया है।

## बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण पखवाड़ा पर स्वच्छता कर्मियों का सम्मान समारोह आयोजित

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



शुक्रवार को औरंगाबाद में सामाजिक समरसता मंच अरुण नगर और पंचदेव मंदिर समिति द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण पखवाड़ा के अवसर पर एक स्वच्छता कर्मी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रांत सह संयोजक सामाजिक समरसता दक्षिण बिहार देवेंद्र कुमार सिंह, नगर परिषद के अध्यक्ष उदय कुमार गुप्ता, और भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह ने स्वच्छता कर्मियों को सम्मानित किया। उन्होंने स्वच्छता कर्मियों को माला पहनाकर और अंग वस्त्र देकर उनकी सराहना की। सम्मान समारोह में कई स्वच्छता कर्मियों को उनके कठिन कार्य के लिए सम्मानित किया गया, जिनमें बादल राम, उत्तम राम, भोला राम, महेंद्र राम, मिथुन राम, पार्वती देवी, सुग्गी देवी और कविता देवी शामिल थे। इन कर्मियों ने शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने में अपना योगदान दिया। समारोह के दौरान वक्ताओं ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के जीवन और उनके विचारों को याद किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करना आवश्यक है, खासकर शिक्षा के क्षेत्र में। वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि शिक्षा ही सबसे बड़ा शास्त्र है और जो व्यक्ति इसे अपनाता है, उसका सम्मान हर जगह होता है। वक्ताओं ने कांग्रेस पार्टी पर भी आलोचना की, विशेष रूप से बाबा साहब के प्रति उनके दृष्टिकोण पर। कहा कि जो लोग बाबा साहब का विरोध करते थे, आज वही लोग उनके मौखिक समर्थक बन गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस का कथनी और करनी में अंतर है। जो लोग खुद को भारत रत्न देने की बात करते थे, उन्होंने अपने कार्यकाल में बाबा साहब को भारत रत्न नहीं दिया और न ही उनके योगदान को सही तरीके से सम्मानित किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस बाबा साहब के विचारों को वास्तविक रूप से अपनाने में विफल रही है। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक कुमार सिंह, नगर मंडल के अध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह, सुदामा प्रसाद, राहुल कुमार सहित कई अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल स्वच्छता कर्मियों का सम्मान करना था, बल्कि समाज में बाबा साहब के विचारों को फैलाना भी था। यह समारोह समाज में स्वच्छता के महत्व को उजागर करने के साथ-साथ बाबा साहब के योगदान को याद करने और उनके विचारों को फैलाने का एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

## शमशेरनगर में गैर मजरूआ आहर पर अवैध कब्जा

**निज सं. | दाउदनगर (औरंगाबाद)**

दाउदनगर प्रखंड के शमशेरनगर में गैर मजरूआ आहर के अतिक्रमण का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया हैं। हद तो यह कि अतिक्रमित भूमि को संबंधित महकमें ने अतिक्रमणकारियों के पक्ष में भू-लगान रसीद काट कर वैधता भी प्रदान कर दी है। मामले को लेकर गांव के आरटीआई एक्टिविस्ट चंद्रशेखर शर्मा ने औरंगाबाद के जिलाधिकारी से शिकायत की है। शिकायत में कहा है कि शमशेरनगर में खाता संख्या-807 प्लॉट नंबर-37/81 रकबा 4 एकड़ 32 डिसमिल गैर मजरूआ आहर है। इस जमीन को गांव के ही कुछ दबंगों ने स्थानीय अधिकारियों से सांठगांठ कर अपने नाम पर फर्जी जमाबंदी करा कर हड़प लिया है। इस जमीन पर अतिक्रमणकारियों द्वारा मकान भी बना लिया गया है, और उसमें उनके द्वारा दुकान भी चलाया जा रहा है। पूर्व में मामले को लेकर शिकायत के बाद दाउदनगर के तत्कालीन अनुमंडल दंडाधिकारी ने 14 नवंबर 2013 को अपने पत्रांक-1292 के माध्यम से दाउदनगर के अंचल अधिकारी को जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने के साथ ही जमाबंदी रद्द कराने के लिए अपर समाहर्ता के न्यायालय में वाद दायर कर उन्हें अवगत कराना सुनिश्चित करने का आदेश दे रखा है। इस आदेश का आजतक अनुपालन नही हो सका है। वही इसे लेकर सूचना का अधिकार के तहत मांगी गई जानकारी में कहा है कि इस जमीन का लगान रसीद 1972-73 से कट रहा है। जमाबंदी पंजी में किसी का आदेश अंकित नही है। वर्ष 1972-73 के जमाबंदी पंजी-2 के आलोक में पूर्व का कोई जमाबंदी पंजी उपलब्ध नही है। आरटीआई एक्टिविस्ट ने शिकायत के माध्यम से डीएम से मामले की जांच कर सभी दोषियों को दंडित किए जाने के साथ ही जमीन को अवैध कब्जा से मुक्त कराने और मकान को सरकारी संपत्ति घोषित किए जाने की मांग की है।

## अनुग्रह मध्य विद्यालय में श्रमदान दिवस पर बेंच-डेस्क की मरम्मत



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

श श्रमदान दिवस के अवसर पर शुक्रवार को शहर के अनुग्रह मध्य विद्यालय में एक अनुकरणीय पहल का आयोजन किया गया। विद्यालय में वर्षों से टूटे-फूटे पड़े सैकड़ों बेंच-डेस्क की मरम्मत के लिए निजी कंपनी के कारपेंटर्स ने अपनी सेवाएं निःशुल्क प्रदान कीं। इस कार्य को सफल बनाने में स्कूल के हेडमास्टर उदय कुमार सिंह की पहल और निजी कंपनी के क्षेत्रीय अधिकारी विकास शर्मा की देखरेख अहम रही। हेडमास्टर उदय कुमार सिंह ने बताया कि स्कूल में लंबे समय से बेंच-डेस्क खराब स्थिति में थे, जिससे बच्चों को बैठने और पढ़ाई में कठिनाई हो रही थी। विद्यालय की सीमित आर्थिक स्थिति को देखते हुए उन्होंने निजी कंपनी से मदद की गुहार लगाई। उनकी इस अपील पर कंपनी के कारपेंटर्स ने श्रमदान दिवस के मौके पर इस कार्य को पूरा करने का निर्णय लिया। शुक्रवार को कंपनी के कुशल बढ़ई विद्यालय पहुंचे और पूरे दिन में सैकड़ों बेंच-डेस्क को ठीक किया। इस दौरान उन्होंने स्कूल के इंफ्रास्ट्रक्चर को सुधारने के लिए विशेष ध्यान दिया। मरम्मत कार्य के दौरान बच्चों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहयोग किया।

## किशोर न्याय परिषद ने किशोर को सामुदायिक सेवा की सुनाई सजा

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

शुक्रवार को किशोर न्याय परिषद औरंगाबाद के प्रधान दंडाधिकारी सह एसीजेएम सुशील प्रसाद सिंह ने जी.आर. संख्या-1567/10 और मदनपुर थाना कांड संख्या-166/10 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए विधि विवादित किशोर को सजा सुनाई। यह मामला किशोर के खिलाफ चल रहे अपराध मामले से जुड़ा हुआ था, जिसमें किशोर ने अवैध गतिविधियों में भाग लिया था और उसे न्यायालय में पेश किया गया था।किशोर न्याय परिषद ने अपराधी किशोर को 15 दिन तक देव सूर्य मंदिर में सामुदायिक सेवा करने का आदेश दिया। इस दौरान किशोर को मंदिर में विभिन्न कार्यों में सहायता करनी होगी। यह सजा किशोर को सामाजिक जिम्मेदारी और आचरण सुधारने का एक अवसर देने के उद्देश्य से दी गई है। अनुमंडलीय अभियोजन पदाधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि मंदिर प्रबंधक को यह आदेश दिया गया है कि वह किशोर के 15 दिनों के आचरण और व्यवहार पर एक रिपोर्ट तैयार कर किशोर न्याय परिषद औरंगाबाद में समर्पित करें। इस रिपोर्ट के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किशोर ने इस अवधि के दौरान अपने व्यवहार में सुधार किया है या नहीं। इस सजा का मुख्य उद्देश्य किशोर को सिर्फ शारीरिक रूप से काम करने तक सीमित नहीं रखना है, बल्कि उसे अपने आचरण और सामाजिक जिम्मेदारी को समझने का अवसर भी देना है। किशोर न्याय परिषद का यह कदम सुधारात्मक दृष्टिकोण को प्राथमिकता देने वाली न्यायिक प्रक्रिया का उदाहरण है। किशोर न्याय परिषद का उद्देश्य किशोरों को सुधारने और उन्हें समाज में पुनः स्थापित करने की प्रक्रिया को प्रोत्साहित करना है, ताकि वे भविष्य में अपराधों से दूर रहें।

## पेपर लीक के नाम पर साइबर ठगी करने वालों पर सेटरों की तरह कार्रवाई

**निज संवाददाता | पटना**




राज्य में हाल के दिनों में कई परीक्षाओं के प्रश्न-पत्र लीक हुए हैं। तकरीबन सभी परीक्षाओं में प्रश्न-पत्र लीक होने की अफवाह मिलती रहती है। अब ऐसे जालसाजों पर सख्त कार्रवाई की तैयारी ईओयू (आर्थिक अपराध इकाई) के स्तर से की गई है। ऐसे जालसाजों को परीक्षा में सेटिंग करने वाले गिरोह का सदस्य मानते हुए ठीक वैसी कार्रवाई की जाएगी, जो सेटरों के खिलाफ की जाती है। इस तरह के साइबर फ्रॉड के मामलों को संगठित अपराध की श्रेणी में मानते हुए इसमें शामिल लोगों के खिलाफ हाल में सेटिंग को लेकर बनाए गए बेहद सख्त नए कानून की सुसंगत धाराओं के तहत केस दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। ईओयू ने पेपर लीक के नाम पर साइबर ठगी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए यह खास रणनीति तैयार की है। किसी परीक्षा खासकर बड़ी परीक्षा के पहले ईओयू के स्तर से एडवाइजरी जारी की जाती है और एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया जाता है।

हाल में हुई बीपीएससी की प्रारंभिक (पीटी) परीक्षा के पहले भी ऐसी ही एडवाइजरी जारी की गई थी। इस पर दर्जनों ऐसे अभ्यर्थियों के फोन आए, जिन्होंने बताया कि उन्हें प्रश्न-पत्र उपलब्ध कराने का दावा करते हुए पैसे की मांग की जा रही है। पैसे ठगने के लिए कई तरह के प्रलोभन या दावे किए गए थे। कुछ से प्रश्न-पत्र देने के साथ ही पोस्ट डेटेड चेक मांगने, कुछ से एटीएम या क्रेडिट कार्ड का विवरण जमानत के तौर पर रखकर प्रश्न-पत्र देने जैसे कई तरह के प्रलोभन देने के मामले सामने आए। ईओयू की जांच में पाया गया कि अधिकतर मामले साइबर फ्रॉड से जुड़े थे।

## सीमा शुल्क ने वाहन सहित 39 लाख की विदेशी सिगरेट की जब्त

**निज संवाददाता | पटना**

सीमा शुल्क (निवारण) मुख्यालय पटना के अधिकारियों ने गुप्त सूचना के आधार पर कच्ची दरगाह के निकट 80 कार्टन (9 लाख 82 हजार 450 स्टिक) विदेशी सिगरेट जब्त की। अधिकारियों ने सिगरेट लदे चारपहिया वाहन जब्त किए। सिगरेट सहित वाहन की अनुमानित कीमत 39 लाख 63 हजार है। सीमा शुल्क (निवारण) मुख्यालय पटना को गुप्त सूचना मिली थी कि बिना किसी वैध कागजात के विदेशी सिगरेट तस्करी कर लायी जा रही है। इसके बाद अधिकारियों के तत्परता से जांच अभियान चलाया। सिगरेट सहित वाहन को सीमा शुल्क अधिनियम के तहत जब्त कर लिया गया। जब्त किए गए सिगरेट इंडोनेशिया की ब्लैक प्रीमियम क्वालिटी एवं अन्य संदेहास्पद विदेशी मूल के सिगरेट शामिल हैं। फिलहाल इस बात की छानबीन की जा रही है कि विदेशी सिगरेट कहां से लायी और कहां ले जायी जा रहा थी एवं इसके तस्करी में कौन-कौन लोग शामिल हैं। इसके लिए आगे अन्य विधि सम्मत जरूरी करवाई की जा रही है। यह पूरी कार्रवाई सहायक आयुक्त, सीमा शुल्क (निवारण) मुख्यालय पटना के नेतृत्व में अन्य अधीक्षक और निरीक्षकों के द्वारा किया गया। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से सीमा शुल्क आयुक्त डॉ. यशोवर्धन पाठक ने निर्देश पर तस्करी के खिलाफ सघन और व्यापक अभियान छेड़ा गया है।

## तीन करोड़ की ठगी करने वाले चार साइबर अपराधी गिरफ्तार

**निज संवाददाता | पटना**

पटना साइबर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। रामकृष्णा नगर थाना क्षेत्र के जगनपुरा इलाके से सरगना समेत 4 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जो सोलर प्लांट का डिस्ट्रीब्यूटरशिप देने के नाम पर लोगों को शिकार बनाते थे। अब तक इस गिरोह ने करीब 3 करोड़ की ठगी की है। गिरोह का सरगना बिहार के शेखपुरा जिला का रहने वाला है। जबकि गिरोह में शामिल 3 अन्य सदस्य तेलंगाना के है। तलाशी के दौरान फ्लैट से लैपटॉप, 6 मोबाइल, फर्जी कंपनी का डिस्ट्रीब्यूटरशिप पेपर, लेनदेन का पेपर और एटीएम कार्ड बरामद हुआ है। साइबर थाने के डीएसपी राघवेंद्र मणि त्रिपाठी ने बताया कि कुछ दिनों से फ्रॉड की शिकायत मिल रही थी। पुलिस को कुछ नंबर मिले थे। उन नंबरों को ट्रैक किया गया। एक नंबर को छोड़कर सभी लगातार बंद आ रहा था। एक नंबर कुछ देर के लिए चालू होता था, फिर बंद हो जाता था। ऑन मोबाइल का लास्ट लोकेशन रामकृष्णा नगर था। लोकेशन ट्रैक कर पुलिस शातिरों के ठिकाने पर पहुंची। गुरुवार की देर रात फ्लैट की घेराबंदी कर सभी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार चारों साइबर अपराधी काफी ट्रेंड है। ये लोग पुलिस को गुमराह कर रहे हैं। बार-बार अपना बयान बदल रहे है। गिरोह में शामिल अन्य सदस्यों के बारे में पुलिस जानकारी जुटा रही है। पुलिस को तेलंगाना से पटना आकर साइबर अपराध करने वाले कुल लोगों के बारे में जानकारी मिली है। जिसकी तलाश की जा रही है। वहीं, पुलिस की पूछताछ में सरगना ने बताया कि नौकरी का झांसा देकर सभी को बुलाया गया था। इन सभी को फोन पर कैसे बातचीत करनी है, इसकी ट्रेनिंग दी गई है। उसके बाद तेलंगाना से पटना लाया गया। रहने और खाने की व्यवस्था की गई। सरगना की मानें तो अभी पटना में 12 से 15 साइबर अपराधी मौजूद है। जो मास्टरमाइंड के साथ मिलकर लोगों को अपना शिकार बना रहे है।